सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
16.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 300

12 दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाएंगे आमिर और हिरानी

## न्यूज डायरी

### सरना धर्म कोड पर कांग्रेस की लड़ाई तेज

**रांची।** कांग्रेस ने जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई तेज करने की घोषणा की है। प्रदेश प्रभारी के राजू व अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनगणना में जब तक सरना कोड नहीं मिलता, हम संघर्ष करेंगे। 26 मई को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन से उसकी शुरूआत है।

### मथुरा बने विस विशेष समिति के संयोजक

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने बीसीसीएल, एटी देवप्रभा एवं अन्य कंपनियों द्वारा राजस्व भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं रैयती भूमि पर ओबी हम्प को रोकने, पीड़ित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई से संबंधित विशेष समिति का गठन किया है। समिति का संयोजक मथुरा प्रसाद महतो को बनाया गया है। विधायक अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक, चंद्रदेव महतो, सुदीप गुड़िया एवं धनंजय सोरेन इसके सदस्य होंगे।

### फिर झूकंप से दहला पाक का दोस्त तुर्किए

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान का मददगार तुर्किए एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। गुरुवार को आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी।

### हथियार के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र के हड़गड़वा जंगल में छापेमारी कर पीएलएफआई संगठन के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में चंदवा निवासी संतोष उरांव, लोहरदगा कुडू निवासी बालक राम और बालूमाथ निवासी आशीष उरांव

## कार्टून कोना




दुष्ट देश के हाथों परमाणु हथियार सुरक्षित नहीं, आइएइए निगरानी में ले

# आतंकी हमला अब युद्ध के समान करारा प्रहार होगा : राजनाथ सिंह

**एजेंसी**




श्रीनगर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को श्रीनगर का दौरा किया और सशस्त्र बलों से बातचीत की, उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। रक्षा मंत्री ने परमाणु हथियारों को संभालने की पाकिस्तान की क्षमता की आलोचना की और दुनिया से पूछा कि क्या पाकिस्तान जैसे दुष्ट राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएइए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। वह जम्मू कश्मीर में खासतौर पर नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देगा। भारत ने घोषणा कर दी है कि कोई भी आतंकी हमला अब युद्ध माना जायेगा। ऐसे में भारत अब छोड़ेगा नहीं। आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेंगे और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देंगे। उन्होंने सैनिकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने होश और जोश दोनों को बनाये रखा।

### धोखेबाज है पाकिस्तान

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा, पूरी दुनिया देखे क्या परमाणु हथियार ऐसे गैर-जिम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में सुरक्षित हैं? उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की निगरानी की मांग की है। श्री सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि उसने हमेशा भारत को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुश्मन की छाती पर वार किया है और आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते। पाकिस्तान को आतंक को पनाह देना बंद करने की चेतावनी दी और कहा कि अगर आतंकवाद नहीं रुका तो पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज पाकिस्तान जिस हालत में है।

(शेष पेज 11 पर)

# पलटे ट्रंप कहा, मध्यस्थता नहीं मदद की



**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह बना है उनका ताजा बयान, जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव पर खुद की भूमिका का जिक्र किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि वह यह दावा नहीं कर रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोकी, लेकिन यह जरूर कहा कि उन्होंने हालात को संभालने में मदद की थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम ट्रंप ने कहा, मैं ये नहीं कह रहा कि मैंने मध्यस्थता की, लेकिन मैंने उस समस्या को हल कराने में मदद की। ट्रंप के इस बयान को लेकर एक बार फिर कूटनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गयी है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने भारत-पाक तनाव को लेकर कोई बड़ा दावा किया हो। इससे पहले भी कई बार कहा था कि वह कश्मीर मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने को तैयार हैं। भारत ने हर बार यह स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और उसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं हो सकती। भारत का हमेशा से यह रुख रहा है कि पाकिस्तान से किसी भी तरह की बातचीत केवल द्विपक्षीय होगी और वह भी तभी जब पाकिस्तान आतंकवाद पर ठोस कार्रवाई करेगा।

### चीन ने पाकिस्तान की मदद की थी : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच चले संघर्ष में चीन ने बड़ी भूमिका निभायी थी। चीन ने सैटेलाइट से उसकी की मदद की थी। विदेश मंत्री ने कहा भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। पाक से द्विपक्षीय स्तर पर ही बातचीत होगी। किसी भी तीसरे पक्ष की कोई गुंजाइश नहीं है। बातचीत भी सिर्फ दो मुद्दों पीओके की वापसी और आतंकवाद पर ही होगी। उसे आतंकाविदयों की सूची सौंपनी होगी। पीओके छोड़ना होगा। सिंधु जल संधि पहले की तरह स्थगित रहेगी।

# पहलगाम हमले का मास्टरमाईंड समेत 3 ढेर

### त्राल इलाके में एनकाऊंटर

**एजेंसी**



श्रीनगर। पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोश लोगों को मारने वाले आतंकियों में शामिल मास्टरमाईंड आसिफ को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। गुरुवार सुबह पुलवामा में सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर के त्राल क्षेत्र के नादेर गांव में 3 आतंकियों को मार गिराया। इनकी पहचान आसिफ अहमद शेख (28), आमिर नाजिर वानी (20), यावार अह भट्ट (26) के रूप में हुई है। त्राल में संयुक्त अभियान में तीनों आतंकवादी मारे गये। एनकाऊंटर में मारे गये दो अन्य आतंकियों ने ने पहलगाम हमले में रेकी और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। त्राल के अवंतीपुरा के नादेर गांव में सुरक्षाबलों व आतंकियों में मुठभेड़ जारी है। पिछले 48 घंटे में सुरक्षाबलों ने छह आतंकियों को मार गिराया है। त्राल के नादेर इलाके में मारे गए ये तीनो आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे।

**म्यामार बॉर्डर पर 10 उग्रवादी ढेर :** उधर भारतीय सेना ने मणिपुर के भारत-म्यांमार बॉर्डर पर एक ऑपरेशन में 10 उग्रवादियों को मार गिराया। सेना की ईस्टर्न कमांड ने देर रात एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। ये कार्रवाई मणिपुर के चंदेल जिले के खेगजॉय तहसील में न्यू समतल गांव के पास हुई, जहां खुफिया जानकारी के आधार पर उग्रवादियों की मौजूदगी का पता चला था। ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसका जवाब देते हुए सैनिकों ने तुरंत नियंत्रित और संतुलित तरीके से जवाबी कार्रवाई की। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारत और म्यांमार के बीच 1,610 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

### अस्पताल से घर से लौटे मंत्री, सीएम ने लिया हालचाल

**रांची।** झारखंड के उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। अचानक सीने में तेज दर्द के बाद उन्हें गुरुवार को पारस अस्पताल भर्ती कराया गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्री के रांची स्थित उनके आवास जाकर उनका हालचाल जाना। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। डाक्टरों ने जांच-पड़ताल के बाध उन्हें आराम करने की सलाह दी है। उनकी स्थिति ठीक है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने को आवास पर पहुंचे। मौके पर डॉ इरफान ने रिम्स के सुपरिटेंडेंट से बात कर तत्काल मेडिकल टीम को योगेंद्र प्रसाद के आवास पर बुलवाया। अस्पताल में मंत्री सुदिव्य सोनू, विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य ने भी योगेंद्र का हालचाल लिया। डॉ इरफान ने उनके आवास पर ही चिकित्सा निगरानी की पूरी व्यवस्था करायी है।

उत्पाद नीति समेत 17 प्रस्तावों पर हेमंत कैबिनेट की मंजूरी

# अब सरकार नहीं बेचेगी शराब

## खुदरा बिक्री निजी हाथ में, लाटरी से होगा आबंटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में उत्पाद मदिरा नीति को स्वीकृति , एनसीसी कैडेट्स का दैनिक भत्ता 150 से बढ़ाकर 210 रुपये प्रतिदिन किये जाने समेत कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगी। झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी। इसके अनुसार सरकार के पास होलसेल शराब का अधिकार रहेगा, जबकि प्राइवेट प्लेयर के पास खुदरा शराब बेचने का अधिकार रहेगा। लॉटरी के माध्यमों से दुकान का आवंटन होगा। एक व्यक्ति को सभी जिलों में अधिकतम 36 दुकानें मिल सकती हैं। नयी उत्पाद नीति को लागू करने में कम से कम एक महीने का समय लगेगा।

**नयी उत्पाद नीति में ये है खास :** होलसेल बिक्री, झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड शराब की होलसेल बिक्री की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं प्राइवेट हाथों में होगी खुदरा बिक्री, लॉटरी के जरिए दुकानों का आवंटन किया जायेगा। दुकानों की संख्या एक व्यक्ति या समूह को एक जिले में अधिकतम 12 दुकानें और पूरे राज्य में 36 दुकानें मिल सकेंगी। बड़े मॉल और डिपार्टमेंटल स्टोर्स में भी शराब बिक्री की अनुमति दी जायेगी। सरकार मॉडल शॉप्स खोलेगी, जहां केवल पॉपुलर ब्रांड की शराब उपलब्ध होगी। सरकारी ठेकों की जगह निजी दुकानें खुलेंगी, जिससे शराब के दाम स्थिर रह सकते हैं। राज्य में कुल 1,453 शराब की दुकानें हैं। सभी दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा। कैबिनेट की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी।

**वरिष्ठ नागरिकों को लाभ :** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष की आयु से अधिक आयु वाले राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना से आच्छादित करने की स्वीकृति दी गई।

(शेष पेज 11 पर)

### अन्य महत्वपूर्ण फैसले

झारखंड सरकारी माध्यमिक आचार्य, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति एवं सेवाशर्त्त नियमावलीए 2025 की स्वीकृति दी गयी। झारखंड राज्य के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटो के शिविरों के दौरान भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी। कानु राम नाग के विरूद्ध विभागीय संकल्प संख्या .27614 द्वारा अधिरोपित दण्ड सेवा से हटाया जाना, जो सरकार के अधीन आगामी नियोजन के लिये निरर्हता नहीं होगी, को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी। मधुपुर शहरी जलापूर्ति योजना के लिये कुल 76 करोड़, 63 लाथ 95 हजार 178 रुपये के पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट योजना की लागत राशि दस करोड़ सत्तर लाख सत्तर हजार एक सौ साठ रुपये मात्र पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।




राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल

# शीर्ष कोर्ट कैसे डेडलाइन तय कर सकता है

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए डेडलाइन तय करने के फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाये हैं। राष्ट्रपति ने शीर्ष अदालत से पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट कैसे राष्ट्रपति या राज्यपालों के लिए विधेयकों पर स्वीकृति की समयसीमा तय कर सकता है, जब भारतीय संविधान में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। राष्ट्रपति कहा है कि क्या यह न्यायिक आदेशों के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने 8 अप्रैल, 2025 के अपने फैसले में समयसीमा तय करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ रिजर्व रखे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह संदर्भ दिया है, जो राष्ट्रपति को कानून के किसी भी प्रश्न या सार्वजनिक महत्व के तथ्य पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की अनुमति देता है। राष्ट्रपति ने विचार करने और अपनी राय देने के लिए 14 प्रश्नों को सुप्रीम कोर्ट को भेजा है।

### उपराष्ट्रपति ने की थी कड़ी टिप्पणी

शीर्ष अदालत के फैसले के बाद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने के लिए न्यायपालिका पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य कर रहा है। धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं दाग सकता।

### राष्ट्रपति ने भेजे 14 सवाल

जब अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किया जाता है तो उनके सामने संवैधानिक विकल्प क्या हैं? क्या संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर वह अपने पास उपलब्ध सभी विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद द्वारा दी गई सहायता और सलाह से बाध्य है? क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है?

(शेष पेज11 पर)

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 16 को

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर इन्स्पायर अवार्ड-मानक स्कीम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन आज सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय रांची में किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल,कोडरमा।**
Email id :-eebcdkoderma-jhr@nic.in

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04 / 2025-26 जिसका पी.आर. संख्या-351021 Building (25-26):D है को अपरिहार्य कारण से रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,कोडरमा।

PR 352532 Building (25-26)D


# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 26 मई को राजभवन के समक्ष कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस ने जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रभारी के. राजू ने इसकी घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि आगामी जनगणना में सरकार सरना धर्म कोड का कॉलम अवश्य लाये। जब तक सरना कोड नहीं मिलता तब तक हम इसके लिए संघर्ष करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2011 की जनगणना में धर्म को लेकर सात कॉलम थे जबकि अब सिर्फ छह कॉलम रखा गया है। अन्य वाला कॉलम हटा दिया गया है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र से अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजने के बावजूद इस पर केंद्र की सरकार चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में पार्टी ने फैसला किया है कि 26 मई 2025 को राजभवन के समक्ष अलग सरना धर्म कोड के लिए धरना प्रदर्शन करेगी और फिर राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर अलग सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करेगी।

**सरना धर्म कोड की लड़ाई भी जीतेंगे : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी के दबाव की वजह से ही जातीय जनगणना के मामले में हमारी जीत हुई है। अब कांग्रेस पार्टी अलग सरना धर्म कोड की लडाई तेज करेगी और आने वाले दिनों में होने वाली जनगणना में अलग सरना धर्म कोड रखने की लड़ाई भी जीतेगी।

# पेपर लीक के पांच आरोपियों की जमानत अर्जी नामंजूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में जेल में बंद पांच आरोपियों को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने बीते 8 और 14 मई को याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कुंदन कुमार, राम निवास राय, शशि भूषण दीक्षित, विवेक रंजन एवं कृष्णा स्नेही को राहत देने से इनकार किया है। आरोपियों ने पिछले महीने जमानत याचिका दाखिल की थी। सीआईडी ने आरोपियों उक्त मामले में 25 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इससे पूर्व अदालत कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार को जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मालूम हो कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में हुई थी।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
**बोकारो स्टील प्लांट**
**बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत**

सेल SAIL

**विद्युत सप्ताह सूचना**

सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है की विद्युत् सप्ताह का आयोजन 19 मई से 24 मई तक किया जा रहा है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि यदि उन्हें आवश्यकता हो तो वे अपने परिसर कि संविदा मांग/भार (Contract demand/load) में परिवर्तन हेतु टीए विद्युत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। औचक निरीक्षण के दौरान यदि किसी उपभोक्ता के परिसर में संविदा मांग/भार तय सीमा से अधिक पाया जाता है तो उनके विरुद्ध JSERC के दिशा निर्देशों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाई की जाएगी। इस विद्युत सप्ताह के दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत कार्यालय में अपनी विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसका यथासंभव निवारण किया जाएगा।
सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे एम. डी. मीटर लगवाएँ।
विद्युत सप्ताह संपर्क स्थल : जी.एम.-विद्युत कार्यालय ,नगर सेवा भवन
विद्युत सप्ताह की अवधि : 19/05/25 to 24/05/25

आदेशानुसार
विद्युत विभाग
नगर प्रशासन विभाग

**पंजीकृत कार्यालय:** इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 13/2025.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | - | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | - | 23-05-2025 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | - | 24-05-2025 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | - | 24-05-2025 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | - | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं-2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | - | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :- | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) E/R to Furniture Work and Relace of Submersible Pump Sets in DC Residence Simdega. (ii) E/R to Replace Submersible Pump Set (2Nos) and Others Work in Officers Colony, Simdega. | 4,96,800.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 2 | (i) Repair of Toilet and Others Works in DLSA Building, Civil Court, Simdega. (ii) Repair of Palna Ghar in Civil Court, Simdega. | 4,94,850.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें- WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 352432 Simdega(25-26)#D



**जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड बॉश कॉडिनेटर से संपर्क कर दिनांक 19.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अरहरा 1. श्रीमति एस्तर होरो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पति-प्रितम तोपनो ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति फूलमनी सोय (कोषाध्यक्ष), ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-अरहरा पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 51 अदद | 6,12,000/- |
| 2 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कोटबो 1. श्रीमति एस्तर होरो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पति-प्रितम तोपनो ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति रेशमा तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-कोटबो, पंचायत-कोन्सा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 52 अदद | 6,24,000/- |
| 3 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, चितापीढ़ी 1. श्री विजय तोपनो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या, प्रखंड- कामडारा। 2. श्रीमति अन्ना तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या, प्रखंड- कामडारा। | ग्राम- चितापीढ़ी, पंचायत-रामतोल्या प्रखंड- कामडारा। जिला-गुमला। | 46 अदद | 5,52,000/- |
| 4 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, नरसिंगपुर 1. श्री विमल केरकेट्टा तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति क्रिस्टीना सोय (कोषाध्यक्ष), ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-नरसिंगपुर, पंचायत-रेड़वा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 25 अदद | 3,00,000/- |
| 5 | कामडारा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, तुरबुल 1. श्रीमति नूतन तोपनो तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। 2. श्रीमति रेशमा तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। | ग्राम-तुरबुल, पंचायत-कामडारा, प्रखंड-कामडारा। जिला-गुमला। | 28 अदद | 3,36,000/- |
| 6 | गुमला | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, बेलगॉव 1. श्रीमति पूनम देवी तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। 2. श्रीमति उषा देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। | ग्राम-बेलगॉव, पंचायत-तेलगॉव, प्रखंड-गुमला। जिला-गुमला। | 25 अदद | 3,00,000/- |
| 7 | घाघरा | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सरजामा 1. श्री विनोद उरॉव तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष),पिता-हस्तु उरॉव ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। 2. श्रीमति शांति देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। | ग्राम-सरजामा, पंचायत-कुगॉव प्रखंड-घाघरा। जिला-गुमला। | 23 अदद | 2,76,000/- |
| 8 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, कातिंग 1. श्री रोकी बाड़ा तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। 2. श्रीमति मुक्तिलता केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। | ग्राम-कातिंग, पंचायत-कातिंग प्रखंड-चैनपुर। | 247 अदद | 29,64,000/- |
| 9 | चैनपुर | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, मालम 1. श्रीमति सेना बीबी तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। 2. श्रीमति सेलिना केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। | ग्राम-मालम पंचायत-मालम, प्रखंड-चैनपुर। जिला-गुमला। | 188 अदद | 22,56,000/- |
| 10 | डुमरी | ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, मझगॉव 1. श्री प्रकाश एक्का तत्कालीन मुखिया-सह-(अध्यक्ष), ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। 2. श्रीमति मिलयानी मिंज (कोषाध्यक्ष), ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। | ग्राम-मझगॉव पंचायत-मझगॉव, प्रखंड-डुमरी। जिला-गुमला। | 75 अदद | 9,00,000/- |

कार्यपालक अभियंता-सह-सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला

PR 352487 Drinking Water and Sanitation(25-26).D


## राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल

# पेसा नियमावली लागू करने से पहले सभी हितधारकों से सुझाव किये जा रहे आमंत्रित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में पेसा नियमावली लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पेसा नियमावली को लागू करने से पूर्व सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिन्हें नियमावली में शामिल किया जाएगा। गुरुवार को रांची में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित पेसा विचार गोष्ठी कार्यशाला में आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि 1996 में पेसा कानून अधिनियमित किया गया था, लेकिन झारखंड में इसे लागू करने की दिशा में अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं हुए थे। अब लगभग 29 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद सरकार इसे धरातल पर उतारने को गंभीर दिख रही है।




**नियमावली के प्रमुख बिंदु**

**आदिवासियों का संरक्षण और विकास :** पेसा के अंतर्गत आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सतत विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ग्राम सभा को अधिकार:** ग्राम सभाओं को कार्यपालिका संबंधी अधिकार देने की मांग की गई, ताकि ग्रामीण विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**भ्रष्टाचार पर रोक:** पेंशन और अबुआ आवास योजनाओं में कमीशन की शिकायतों को सरकार ने गंभीरता से लिया है और इस पर नियंत्रण के उपाय होंगे।

**सरकार की प्रतिबद्धता**

**आम सहमति से नियमावली लागू:** स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पेसा नियमावली को आम सहमति से लागू किया जाएगा।

**सुझावों का समावेश:** भू-राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने आश्वस्त किया कि कार्यशाला में प्राप्त सुझावों को नियमावली में शामिल किया जाएगा।

**कार्यशाला में उठाए गए प्रमुख मुद्दे**

**दिलीप सिंह भूरिया कमेटी की रिपोर्ट :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नियमावली को अंतिम रूप देने से पूर्व दिलीप सिंह भूरिया समिति की रिपोर्ट का गंभीर अध्ययन आवश्यक है।

**लैंड बैंक की जमीन की वापसी:** दयामनी बारला ने लैंड बैंक की जमीन आदिवासियों को वापस न किए जाने पर चिंता जताई और इसे एक बड़ी बाधा बताया।

**बैंक और ऋण प्रणाली:** विशेषज्ञ सुधीर पाल ने बैंकिंग प्रक्रियाओं और ऋण से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विचार रखे।

**सुझाव पर विचार जल्द :** मंत्री रामदास सोरेन और मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि यहां जो सुझाव मिले हैं, उससे पेसा नियमावली को और बेहतर, सशक्त और कारगर बनाने में सहूलियत होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के सुझाव पर विचार करते हुए जल्द से जल्द संशोधन करते हुए पेसा कानून को लागू करने की बात कही। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि पेसा नियमवाली को ग्राम स्तर के अंतिम व्यक्ति से विचार-विमर्श करते हुए ही तैयार करें। विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने पेसा कानून को लेकर झारखण्ड के संदर्भ में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

## पेसा कानून को लेकर जो उलझन है, उसे सुलझाना आसान नहीं: शिल्पी नेहा तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वर्तमान पेसा कानून को लेकर जो उलझने हैं, उसे सुलझा पाना इतना आसान नहीं है, लेकिन सरकार ने सकारात्मक सोच के साथ आलोचनाओं को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए बजट का प्रावधान होता है लेकिन उस पैसे का सही उपयोग कैसे हो ये सबसे बड़ी चुनौती है। मंत्री ने कहा कि आज दिलीप सिंह भूरिया समिति की रिपोर्ट को अध्ययन करने की जरूरत है। उस रिपोर्ट में राज्य सरकार और ग्राम सभा के बीच बेहतर समन्वय जानकारी मिलेगी। ये बहुत जरूरी है। किसका क्या अधिकार हो ये सुनिश्चित करना होगा। पंचायती राज विभाग ने बेहतर पहल की है और इस पहल का परिणाम भी बेहतर होगा।

# सरकार ने 16वें वित्त आयोग से सहायता राशि लेने की तैयारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग की बैठक से पहले अपनी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विभागों के अधिकारियों को प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। वित्त मंत्री ने गृह विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह केंद्र से धन प्राप्त करने की तैयारी करें। विभाग का प्रस्ताव है कि 16वें वित्त आयोग के माध्यम से जिला स्तर पर स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, कृषि एवं सड़कें, कौशल विकास एवं संपर्क पथ के विकास के लिए प्रत्येक जिला को 10 करोड़ की दर से कुल 240 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जाये। कुल 5 वर्षों में झारखंड राज्य के 24 जिलों के समग्र विकास के लिए कुल 1200.00 करोड़ रुपए की संभावना होगी। बता दें कि 16वें वित्त आयोग की टीम 28 मई को झारखंड के चार दिवसीय दौरे पर आएगी। इस दौरान वे राज्य के वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करेगी और अनुदान तथा केंद्रीय सहायता की जानकारी लेगी।

**किन क्षेत्रों पर रहेगा फोकस**

**सिंचाई :** राज्य में सिंचाई की सुविधा को बढ़ाने के लिए नए प्रोजेक्ट्स पर काम किया जाएगा।

**पर्यटन:** झारखंड के पर्यटन स्थलों को विकसित करने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।

**शिक्षा:** राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए नए कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू किया जाएगा।

**स्वास्थ्य सेवा:** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

**जल संरक्षण:** जल संसाधनों का संरक्षण करने और जल संचयन को बढ़ावा देने वाली योजनाएं बनायी जाएंगी।

## चंद्रगुप्त परियोजना के वन भूमि दस्तावेज गायब करने की खबर भ्रामक : सीसीएल

**रांची।** हजारीबाग जिले के केरेडारी अंचल में चंद्रगुप्त परियोजना से सबंधित वन भूमि दस्तावेज को गायब एवं हेराफेरी करने, भूमि की प्रकृति जांचे बिना 417 एकड़ सी.सी.एल को आवंटित करने और 25 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से अरबों रुपये के घोटाले संबन्धित समाचार को सीसीएल ने भ्रामक बताया है। चंद्रगुप्त परियोजना के लिए कोयला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुल 1495 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है एवं यह सी.सी.एल. में निहित है। इस 1495 हे. भूमि में से 699.38 हे. वन भूमि का अपयोजन राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकार से जांच के बाद अनुशंसा के आलोक में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित है। उपरोक्त 417 एकड़ भूमि, 699.38 हे. अपयोजित वन भूमि के अंतर्गत नहीं है। सीसीएल का कहना है कि कुछ समाचार पत्र में प्रकाशित भूमि मुआवजा प्रति एकड़ 25 लाख रुपए एवं अरबों रुपये के घोटाले का समाचार शत-प्रतिशत गलत है।

## पेसा कानून को लेकर पांच सितारा होटल में चर्चा करना औचित्यहीन: प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हेमंत सरकार द्वारा पेसा कानून की नियमावली पर पांच सितारा होटल में सेमिनार करने के औचित्य पर प्रश्न उठाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हित में लागू होने वाले पेसा कानून की नियमावली पर सेमिनार में चर्चा एक पांच सितारा होटल में होना इस सरकार की अव्यावहारिक और राजशाही सोच को दिखाता है। जंगलों में निवास करने वाले आदिम जनजाति और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आदिवासियों की किस्मत अब पांच सितारा होटल से तय होगी। उन्होंने कहा कि अतिथियों को 10,000 प्रति प्लेट का नाश्ता और खाना परोसा गया। एयर कंडीशन कमरों में रह कर और मिनरल वाटर पीकर झारखंड के सुदूर क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के कानून की नियमावली को तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रभारी के. राजू क्या कर रहे थे। उनको तो मंच पर भी जगह दे दी गई थी। इस सरकारी कार्यक्रम को राज्य सरकार ने राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया है। अगर इसमें किसी एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को बुलाया गया तो कायदे से मुख्य प्रतिपक्षी दल होने के नाते भाजपा को क्यों नहीं बुलाया गया।

उन्होंने कहा कि अगर नियमावली पर चर्चा ही करनी थी तो इसे प्रमंडल में जाकर ग्राम सभा के प्रतिनिधियों के साथ करना चाहिये था। वहीं, से सरकार को आदिवासी समूहों से सही फीडबैक मिलता। मगर वहां सरकार को पांच सितारा होटल कहां मिलता।


**रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

अधिसूचना संख्या : सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 15.05.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग को पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार हैं: **क्रम संख्या-1। श्रेणी:** विज्ञापन। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएडीवीटी37। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में वणिज्यिक प्रचार अनुबंध (09 अदद घर से बाहर, 3 अदद स्टेशन के अंदर, ट्रेन के अंदर-07, ट्रेन के बाहर-11) के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 26.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.05.2025 को अपराह्न 4.20 बजे। **क्रम संख्या-2। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (चिकित्सा सुविधा)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएमएफसी19। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 23.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.05.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **क्रम संख्या-3। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (बैटरी ऑपरेटेड कार्ट)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीबीओसी14। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची एवं हटिया स्टेशन पर बैटरी चालित कार के परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 26.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.05.2025 को सुबह 11.40 बजे। **क्रम संख्या-4। श्रेणी:** पार्किंग। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग37। **परिसंपत्ति का विवरण:** टांगरबंसली, इटकी एवं सुईसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 23.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 23.05.2025 को सुबह 11.50 बजे। **क्रम संख्या-5। श्रेणी:** विविध स्टैटिक्स (प्रमोशनल किऑस्क)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीप्रमोशन1। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के रांची स्टेशन पर प्रमोशनल किऑस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 27.05.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 27.05.2025 को सुबह 11.30 बजे। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटेलॉग के अधीन लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-160)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## आईआईआईडीईएम में स्टेकहोल्डर्स के लिए 19 से कार्यशाला

# कार्यशाला में झारखंड की 402 सदस्यीय टीम लेगी हिस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए नयी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी कड़ी में झारखंड के 402 सदस्यीय टीम, जिसमें बीएलओ, वॉलेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य शामिल हैं, जो 19 और 20 मई को आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सभी प्रतिभागियों के आवागमन, आवासन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतिभागियों के साथ जा रहे लाइजनिंग ऑफिसर इसके समन्वयन का ध्यान रखेंगे। सभी हितधारकों को पहचान पत्र साथ रखने का निर्देश दिया गया है।

कार्यशाला के पहले दिन योग सत्र, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ संवाद सत्र, निर्वाचन संबंधी रोल प्ले और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण शामिल है। विभिन्न हितधारकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे। दूसरे दिन, नई दिल्ली के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण करने के लिए 9 बसों की व्यवस्था की गई है।

**आवासन और प्रमाणीकरण**

आईआईआईडीईएम में सभी प्रतिभागियों के लिए आवासन की व्यवस्था की गई है। कार्यशाला के अंत में, प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने झारखंड भ्रमण में वॉलेंटियर और बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की थी।

# महिला पुलिसकर्मी ने लालच में गंवाये चार लाख, कंपनी फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस में परिचारी प्रवर में पदस्थापित प्रिया पाठक ने टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी, इंडिया के द्वारा निवेश एवं अधिक लाभ देने के नाम पर धोखाधड़ी करने के संबंध में अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामले में पुलिस कांड दर्ज कर छानबीन कर रही है।

**क्या है मामला :** अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में प्रिया पाठक ने पुलिस को बताया कि टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी, इंडिया के द्वारा निवेश और अधिक लाभ देने संबंधी जानकारी नगड़ी में रहनेवाले डॉ अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा मोबाईल पर व्हाट्स एप्प लिंक के जरिये दी गयी थी। बताया गया कि इसमें रूपया लगाने से और आगे कुछ लोगों को जोड़ने से आगे चलकर मुनाफा होता है। जिसमें मुनाफा के लोभ एवं लालच में पड़ कर उक्त कंपनी में चार लाख रुपया लगा दी। कुछ समय तक लाभ देने के उपरांत उक्त कम्पनी अपना मोबाईल एप्प बंद कर लाभ देना बन्द कर दी और भाग गई है। यह घटना फरवरी 2025 से 06 मई 2025 तक की है।

# सीवाई टीबी जांच शुरू, अब स्कीन टेस्ट से पता चलेगा टीबी इंफेक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिविल सर्जन कार्यालय में गुरुवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की गई। इसमें त्वचा परीक्षण और इगरा टेस्ट से सीवाई टीबी जांच की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने किया। सिविल सर्जन ने बताया कि सीवाई टीबी एक आधुनिक त्वचा परीक्षण तकनीक है, जिससे एलटीबीआई लेटेंट टीबी इंफेक्शन का पता लगाया जा सकता है। यह उन स्थितियों में उपयोगी है, जब व्यक्ति बैक्टीरिया से संक्रमित तो होता है, लेकिन सक्रिय रूप में टीबी नहीं होता। उन्होंने बताया कि यह जांच पल्मोनरी टीबी के संपर्क में आए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए उपयुक्त है।

डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि यदि परीक्षण स्थल पर 5 मिमी से अधिक सूजन पाई जाती है तो वह टीबी संक्रमण का संकेत माना जाएगा। ऐसे व्यक्ति को तीन माह तक निःशुल्क टीबी की दवा दी जाएगी। जिला टीबी ऑफिसर डॉ सिद्धेश्वर बासकी ने बताया कि पिछले एक वर्ष में झारखंड में लगभग दो लाख लोगों को एडल्ट टीबी वैक्सीनेशन दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### आरक्षित सीटों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार मेरिट के आधार पर ओपन कैटेगरी में सीटें हासिल की हैं, तो उनकी आरक्षित सीटों को अन्य योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों को दिया जाना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीस्वर सिंह की अदालत ने झारखंड सरकार को प्रार्थी कपिलदेव हांसदा एवं अन्य को दिव्यांग आरक्षण का लाभ देने का निर्देश दिया और दो माह में इस पर विचार करने को कहा। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा था कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की पांचवीं परीक्षा( वर्ष 2013) में उन्हें आरक्षण के लाभ से वंचित किया गया था। परीक्षा में 272 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से एक पद दृष्टिबाधित, तीन पद श्रवण एवं वाणी बाधित और एक पद लोकोमोटर दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित थे। प्रार्थियों का तर्क था कि चार दिव्यांग उम्मीदवारों ने मेरिट के आधार पर ओपन कैटेगरी में सफलता प्राप्त की, लेकिन उनकी आरक्षित सीटों को अन्य योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों को नहीं दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पर्संस विद डिसेबिलिटी (इक्वल ऑपरच्युनिटीज, प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स एंड फुल पार्टिसिपेशन) एक्ट, 1995 की धारा 33 और 36 का हवाला देते हुए झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकताओं के दावों पर दो महीने के भीतर विचार करे।

### तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**रांची।** किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले गिरफ्तार आरोपी दीपक कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह और अंकुश कुमार सिंह उर्फ लक्की के खिलाफ जांच पूरी करते हुए मामले के जांच अधिकारी सुबोध कुमार ने सिविल कोर्ट रांची की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते 6 मार्च को बोरिया रोड स्थित मुंडा होटल परिसर में कालू लामा गैंग के कुछ लड़के को किसी बड़ी घटना का अंजाम देने की योजना बनाते पकड़ा था।

### प्री-लिटिगेशन संयुक्त प्रयास से सुलझा

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र में प्री-लिटिगेशन वाद संख्या 166/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव एवं प्रथम पक्ष के अधिवक्ता विजय कुमार पांडे और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता जया जयसवाल के संयुक्त प्रयास से सुलझा लिया गया। यह प्री-लिटिगेशन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में लंबित था। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर के निर्देश पर इसे मध्यस्थता के लिए अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव को सौंपा गया।

### पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कल

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा 18 मई 2025 को पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के दौरान रांची के 9 परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में खास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुबह 7:30 बजे से शाम 4 बजे तक ये निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। यह नियम 9 परीक्षा केंद्रों पर लागू होगा, जिनमें विवेकानंद विद्या मंदिर (धुर्वा), संत अन्ना इंटर कॉलेज (पुरुलिया रोड), राम टहल चौधरी हाईस्कूल (बूटी) और अन्य शामिल हैं।

### पांच आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने गुरुवार को प्लाई व्यवसायी विष्णु चौधरी पर जानलेवा हमला मामले में ट्रायल फेस कर पांच आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामले में कुल सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### अपहरण के आरोपी को नहीं मिली जमानत

रांची। अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने अपहरण कर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में जेल में बंद आरोपी अर्पित शर्मा उर्फ अर्पित प्रमोद को जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह 29 नवंबर 2024 से लगातार जेल में ही है।

### ट्रक में मवेशी लादकर ले जा रहे तीन गिरफ्तार

**रांची।** ओरमांझी थाना की पुलिस ने अवैध तरीके से 44 पशुओं को ट्रक में लादकर ले जाने के आरोप में तीन अभियुक्त जाबीर कुरैशी (ईस्लाम नगर लोहरदगा), जैनुल अंसारी (राहत नगर लोहरदगा) और मो फरआन (मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने पशुओं को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि इस संबंध में पशु कुरता अधिनियम दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### रांची के युवाओं को मिलेगा स्टार्टअप का मौका

**रांची।** रांची में अब स्टार्टअप शुरू करना और आसान हो गया है। जिले के 100 होनहार युवाओं को उनकी काबिलियत के हिसाब से ट्रेनिंग, फंडिंग और पूरा सपोर्ट मिलेगा। इस पहल का नाम है उद्यमिता विकास कार्यक्रम, जिसे गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने लॉन्च किया। इस प्रोग्राम का मकसद है कि रांची के लोकल टैलेंट को पहचानकर उन्हें बिजनेस की दुनिया में आगे बढ़ाया जाए। इसके तहत युवाओं को न सिर्फ ट्रेनिंग दी जाएगी, बल्कि इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से सलाह, बिजनेस शुरू करने के लिए पैसे और जरूरी संसाधन भी दिए जाएंगे।

**कैसे करें अप्लाई :** इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए रांची डॉट एनआइसी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, या सीधे इस लिंक पर क्लिक करके भी अप्लाई किया जा सकता है।

## नाबालिग चला रहा था कार

# लालपुर में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक 48 वर्षीय व्यक्ति प्रदीप मिंज की मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक महिला टीचर प्रीति गंभीर रुप से घायल हो गई। उनका इलाज सेवा सदन में चल रहा है। इस मामले में मृतक की पत्नी मंजुला मिंज के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

इस मंबंध में लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजे की है। एक 17 वर्षीय किशोर अपनी आई-20 कार (जेएच 01 ईएल-8588) को घर से निकालकर डिस्टलरी पुल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान आर्या होटल के समीप किशोर से कार अनियंत्रित हो गई। जिसकी चपेट में आने से पास में खड़े सदर अस्पताल में कार्यरत प्रदीप मिंज और डीएवी नंदराज, बरियातू की शिक्षिका गंभीर रुप से घायल हो गई। इलाज के दौरान प्रदीप मिंज की मौत सुबह करीब आठ बजे हो गई।

## बिना स्थानीय नीति के नियुक्तियां और शराब नीति गैरवाजिब

# राजनीति चमकाने में सरकार व्यस्त कोई नीति स्पष्ट नहीं : अजय साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कैबिनेट के निर्णयों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पारित अधिकांश प्रस्ताव जनता के हितों से कोसों दूर हैं और केवल राजनीतिक लाभ के लिए हैं। श्री साह ने सवाल उठाया कि बिना किसी स्पष्ट स्थानीय नीति के आखिर किस आधार पर शिक्षक नियुक्ति नियमावली बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार साढ़े पांच वर्षों में एक स्पष्ट स्थानीय नीति बनाने में विफल रही है, लेकिन, स्थानीयता के नाम पर राजनीति चमकाने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। खतियान आधारित




नियोजन नीति झामुमो के लिए सिर्फ एक राजनीतिक स्टंट बनकर रह गया है।

उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार जनता को यह स्पष्ट करे कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति होनी है, वह किस नियामक ढांचे के अंतर्गत होगी। उन्होंने राज्य की नयी शराब नीति पर भी सवाल खड़े किया। उन्होंने कहा कि यह नीति एक और घोटाले की जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने बाबूलाल के पुराने सुझाव पर कहा कि सरकार चाहती तो इस नीति को महिला सशक्तिकरण का माध्यम बना सकती थी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया था कि जिस प्रकार गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप के लाइसेंस स्थानीय महिलाओं को दिये जाते हैं, उसी तर्ज पर शराब दुकानों का संचालन भी महिलाओं को सौंपा जा सकता था। विशेष रूप से वे महिलायें, जो देशी शराब या हड़िया बेच कर सामाजिक शोषण की शिकार होती हैं। उन्हें ट्रेनिंग देकर इस सिस्टम में जोड़ा जाना चाहिये था, लेकिन हेमंत सरकार के लिए शराब सिर्फ राजस्व उगाही और कमाई का साधन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन मुद्दों को लेकर आज आंदोलन की बातें कर रही है। उन्हीं विषयों पर सत्ता में रहते हुए मौन रही।

उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना पर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाली कांग्रेस ने खुद दशकों तक ऐसी किसी पहल से परहेज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को मोदी सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने की पुरानी आदत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झारखंड की जनता से सात गारंटी देने का वादा किया था। लेकिन, उनमें से एक भी वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। भाजपा जनता के सामने सच्चाई लाती रहेगी और कांग्रेस के हर झूठ का जवाब तथ्यों के साथ देती रहेगी।

# स्कूटी में अवैध हथियार लेकर घूम रहा था युवक, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** गोंदा थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया अभियुक्त मो यासिन उर्फ गोल्डेन मनी टोला, डोरंडा का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्त के पास एक देसी कट्टा और स्कूटी जब्त की है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

**स्कूटी की डिक्की से हथियार बरामद :** गोंदा थाना की पुलिस को संध्या गश्ती के दौरान भिठा बस्ती में अज्ञात युवक के स्कूटी से भ्रमण करने की सूचना मिली थी। उक्त सूचना पर बुधवार को पुलिस ने भिठा बस्ती में मस्जिद के पास एन्टीक्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें संदिग्ध अवस्था में आती हुई स्कूटी को रोकने का प्रयास किया गया तो स्कूटी चालक स्कूटी को घुमाकर भागने का प्रयास किया। उसे स्थानीय लोगों के सहयोग से पकड़ा गया। स्थानीय लोगों के समक्ष स्कूटी से भागने वाले युवक की तलाशी लिये जाने पर स्कूटी के डिक्की से देसी कटटा पाया गया। गिरफ्त में आये अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में सअनि आनंदी प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# नकली दवा कारोबार में चल रहा मिलीभगत व भ्रष्टाचार का खेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह ने पलामू के एमएससीएच अस्पताल में नकली दवा की आपूर्ति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पलामू के अस्पतालों में 20 में से 18 दवाओं की जांच में नकली पाई गई हैं, इसके बावजूद सिविल सर्जन पलामू ने सप्लायर को क्लीन चिट दे दी। अजय सिंह ने कहा कि यह साफ तौर पर सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षक की मिलीभगत को दर्शाता है।




**कार्रवाई की मांग :** सीपीआई नेता ने मांग की है कि नकली दवा आपूर्ति करने वाले सप्लायर और दोषी पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को इस कृत्य पर संज्ञान लेते हुए ड्रग माफियाओं पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। अजय सिंह ने कहा कि राज्य की जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

गौरतलब है कि रांची में कोरोना काल के दौरान सदर अस्पताल कैंपस से ड्रग इंस्पेक्टर ऑफिस में जब्त सैंपल की चोरी हुई थी। सीपीआई ने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात कर ड्रग माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने जनता दरबार में कहा था कि बड़े पैमाने पर नकली दवा झारखंड में सप्लाई हो रही है और इस पर कार्रवाई की जायेगी।

## अबुआ साथी सेवा से शिकायतों का तुरंत हो रहा समाधान

**रांची।** रांची जिला प्रशासन की 'अबुआ साथी' व्हाट्सएप सेवा (9430328080) से आम लोगों की शिकायतों का तेजी से समाधान हो रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की पहल पर शुरू हुई इस सेवा से कई लोगों को राहत मिली है। सोनी देवी, पूजा कुमारी और कविता कुमारी को योजना की बकाया राशि 7500 रुपये अबुआ साथी पर शिकायत के तुरंत बाद मिल गई। पुंदाग और करमटोली में खराब स्ट्रीट लाइट की शिकायत पर लाइट तुरंत ठीक कराई गई। जवाहर नगर में कचरा नहीं उठने की शिकायत पर तुरंत सफाई कराई गई और नियमित सफाई का निर्देश भी दिया गया।

# सकारात्मक समाचारों के संवाहक थे देवर्षि नारद : सुनील आंबेकर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवर्षि नारद सकारात्कम समाचारों के संवाहक थे। उनके संवाद का उददेश्य सकारात्मकता फैलाना था, लेकिन हमारे टेलीविजन और सीरियलों में देवर्षि नारद को इधर की बात उधर करने वाले के तौर पर दिखाया गया, जो अनुचित है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कही। सुनील आंबेकर गुरुवार को रांची के आर्यभटट सभागार में देवर्षि नारद जयंती समारोह सह बिरसा हुंकार पत्रिका के लोकार्पण के अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद के संवाद की महत्ता है कि मौजूदा समय में हमारे विश्वविद्यालयों में महर्षि नारद को कम्युनिकेशन के एक पेपर के रूप में पढ़ाया जाता है। कई बार लोग उत्सुकतावश गलत चीजों को आगे ले जाते हैं। ऐसे में महर्षि नारद याद आते हैं।

**सत्य से परे न हो समाचार :** सुनील आंबेकर ने कहा कि कोई भी समाचार सत्य से परे नहीं होना चाहिए। समाचार के तथ्य और संभावनाएं अलग-अलग हो सकती हैं। ऐसा ही पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के समय हुआ, जब विश्व के कई प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों ने गलत तथ्यों को दुनिया के सामने रखा। लेकिन हमारे मीडिया संस्थान बधाई के पात्र हैं, जो घटनाओं को सटीक तरीके से रखा।

**हिन्दू संस्कृति का शुद्धतम रूप है जनजातीय समाज :** सुनील आंबेकर ने कहा कि जनजतीय समाज हिन्दू संस्कृति के शुद्धतम रूप है। इस बात को लोग धीरे-धीरे समझ रहे हैं और उसे आत्मसात भी कर रहे हैं। सही बातों को सही परिपेक्ष में रखना हम सभी का धर्म है और यही देशभक्ति भी है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि देवर्षि नारद होनी के कारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि नारद जी की पत्रकारिता को सकारात्मक नजरिए से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सकरात्मक भाव बनाए रखना पत्रकारिता का धर्म है। सकरात्मकता सोशल मीडिया के दौर में बेहद जरूरी है।

**पत्रकारों को किया गया सम्मानित**

विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष रामवतार नारसरिया ने पत्रकार सीताराम पाठक, लता रानी और नवोदित पत्रकार बलवीर कुमार को सम्मानित किया। इसके पूर्व बिरसा न्यास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा ने पत्रिका के विषय में बताया कि इसका प्रकाशन वर्ष 2011 में शुरू हुआ।

# नगर निगम ने मोरहाबादी इलाके में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में नगर निगम की टीम ने बुधवार की देर रात अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मोरहाबादी के बिजली ऑफिस से लेकर पंचमुखी मंदिर तक अतिक्रमण चलाया गया। निगम की टीम ने इस दौरान सड़क पर लगा कर रखे गए अवैध रूप से ठेलों को जब्त कर लिया। कई अवैध निर्माण को ध्वस्त भी किया। जैसे ही दुकानदारों को यह पता चला कि नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। वे लोग मौके पर पहुंच गए और रात में ही जबरदस्त हंगामा किया। इसके बावजूद नगर निगम की टीम ने अपनी कार्रवाई पूरी की। इस कार्रवाई के दौरान महिला दुकानदार कई बार निगम की टीम के साथ भिड़ गयीं। इस अभियान के दौरान 50 से ज्यादा ठेले और खोमचों को जब्त कर लिया। अभियान के दौरान निगम की टीम को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा।

# हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत चार की अग्रिम जमानत पर आदेश 20 मई को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा घोटाले में चार्जशीटेड आरोपी हजारीबाग के वर्तमान एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत चार आरोपियों अग्रिम जमानत याचिका पर आदेश अदालत 20 मई को सुनाएगी। सिविल कोर्ट रांची के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। कुमुद कुमार, डॉ. शिशिर कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे एवं अरविंद कुमार सिंह ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए पिछले महीने याचिका दाखिल की है। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। अदालत ने जिन लोगों पर संज्ञान लिया है उसमें ऐसे नाम भी है जो वर्तमान में प्रोन्नति पाकर डीएसपी से एसपी बन कर जिला संभाल रहे हैं।

## राज्य के पांच प्रमुख शहरों में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर नरेंद्र मोदी सरकार की रणनीतिक दूरदृष्टि का प्रमाण: बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए गुरुवार को भाजपा की ओर से राज्य के 5 प्रमुख शहरों में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जमशेदपुर, दुमका, धनबाद, मेदिनीनगर और हजारीबाग में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। हजारीबाग की तिरंगा यात्रा में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, धनबाद में सांसद ढुल्लू महतो विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह, पलामू में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, दुमका में पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुये। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार की रणनीतिक दूरदृष्टि, राजनीतिक साहस और वैश्विक कूटनीति का प्रमाण है। यह वह पल था जब भारत ने न केवल आतंक के खिलाफ निर्णायक जवाब दिया। बल्कि पाकिस्तान को सैन्य, कूटनीतिक और नैतिक रूप से पूरी तरह बेनकाब कर दिया। लेकिन, इस ऐतिहासिक क्षण के पीछे एक लंबा संघर्ष और राजनीतिक जोखिम छिपा था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कांग्रेस की देशविरोधी राजनीति और अमेरिका की वैश्विक धमकियों को खुलेआम चुनौती दी। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने राफेल सौदे को रोकने के लिए देश को गुमराह किया। सुप्रीम कोर्ट तक मामला खींचा और भ्रष्टाचार का झूठा शोर मचाया, तब मोदी जी ने चुनावी नुकसान का डर झेलते हुये भी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी और राफेल डील पूरी की।

उन्होंने कहा कि इसी तरह जब अमेरिका ने आरएस 400 मिसाइल सिस्टम को लेकर भारत को टेक्नोलॉजी प्रतिबंधों की धमकी दी, तो हमारे पीएम ने ट्रम्प की धमकियों को दरकिनार कर रूस आरएस 400 खरीदे। वही राफेल और आरएस 400 ऑपरेशन सिंदूर की रीढ़ बने। राफेल ने सर्जिकल प्रिसिशन से आतंकियों का खात्मा किया और आरएस 400 ने पाकिस्तान के सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को सीमा पर ही ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सिद्ध किया कि एक नेता अगर राष्ट्रहित में डट जाये तो न आंतरिक विपक्ष उसे रोक सकता है, न बाहरी दबाव। ऑपरेशन सिंदूर इस बात की घोषणा है कि भारत अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं देता, वह नियम तय करता है।

# 18 से मौसम में होगा बदलाव बारिश की बन रही है स्थिति

## बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा

**मौसम पूर्वानुमान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के अलग-अलग हिस्सों से मौसम करवट ले रहा है। इस महीने में एक ओर देश लू की चपेट में है, वहीं दक्षिण और पूर्वी हिस्सों में बारिश, गरज और आकाशीय बिजली का प्रभाव देखने को मिल रहा है। रांची स्थित मौसम विभाग के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अभी झारखंड में जो तापमान है वह सामान्य है। उन्होंने बताया कि अभी गर्मी का समय है, ऐसे में सामान्यतः तापमान थोड़ा ज्यादा ही रहता है इसलिए लोगों को गर्मी थोड़ी ज्यादा महसूस हो रही है। गुरुवार को राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, वज्रपात और अल्की से मध्यम बारिश हुई। जिसमें रांची आसपास, गुमला, खूंटी, बोकारो, धनबाद, पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा, जामताड़ा, कोडरमा, दुमका, पाकुड़



और रामगढ़ शामिल है।

**तापमान में गिरावट की संभावना**

झारखंड के कई जिलों में मौसम बदलने की पूरी संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है। इससे मौसम सुहाना हो जायेगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

**भारी बारिश की संभावना :** 18 मई से झारखंड के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है, जिसका असर राज्यभर में दिखेगा। इस दिन से लगातार बारिश की स्थिति बन सकती है, जिससे अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

## झारखंड में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू, 19 मई से कर सकेंगे आवेदन

रांची। झारखंड में शिक्षक/प्रधानाध्यापकों की अंतर जिला स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के संयुक्त सचिव नंद किशोर लाल ने 15 मई को सभी डीसी, डीईओ और डीएसई को पत्र लिखा है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी। इसके तहत शिक्षक व प्रधानाध्यापक 19 मई से 14 जून, 2025 तक अंतर जिला स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। जारी आदेश के अनुसार, स्थानांतरण प्रक्रिया राज्य की संशोधित स्थानांतरण नीति 2023 और विभागीय अधिसूचनाओं के तहत की जा रही है। शिक्षकों को स्थानांतरण के लिए आवेदन टीचर ट्रांसफर पोर्टल के माध्यम से करना होगा। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की समयबद्ध जांच सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए सभी दस्तावेजों की गहन जांच करें।

# प्राथमिकता के आधार पर लंबित कार्यों को अविलम्ब पूरा करें : एमएस भाटिया

- **मुख्यालय में समीक्षात्मक बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एमएस भाटिया महानिदेशक सह महासमादेष्टा, गृह रक्ष वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, झारखण्ड, रांची की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यालय, रांची के सभागार में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें बैठक के दौरान मुख्य रूप से गृह रक्षकों का नव नामांकन, पुनः नामांकन; गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में संगठनात्मक कार्य हेतु बल, मृत गृह रक्षकों के आश्रितों को अनुकम्पा, अनुग्रह अनुदान, गृह रक्षकों के कर्त्तव्य वितरण में रोस्टर का अनुपालन व प्रतिनियुक्ति, यातायात व्यवस्था में गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति, जिला व इकाई कार्यालय अंतर्गत की जाने वाली संचिकाओं, रजिस्टरों के संधारण, लंबित विभागीय कार्यवाही, जांच, लंबित पेंशन, जिला व इकाई के पुरानी संचिकाओं का विनिष्टिकरण, गृह रक्षा वाहिनी के लिए कार्यालय, आवास, भूमि का चयन, हस्तानांतरण, गृह रक्षा वाहिनी के पुराने वाहनों, आवास पाल शाखा में उपलब्ध सामग्री के रद्दीकरण व अन्य सभी लंबित कार्यों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, झारखण्ड, रांची के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उपर्युक्त सभी लंबित कार्यों को अविलम्ब पूरा करने हेतु सभी जिला समादेष्टा व संबंधित शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में अजय लिण्डा, पुलिस उप महानिरीक्षक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, झारखण्ड, रांची, पीयूष पाण्डेय, समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, झारखण्ड, रांची, सभी जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी सहित सभी शाखा प्रभारी (मुख्यालय) उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मथुरा महतो, नागेंद्र महतो और आलोक सोरेन बनाये गये जैक के मेंबर, बोर्ड की बैठक में दिखेंगे तीनों विधायक



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष के आदेश से राज्य के तीन विधायकों मथुरा महतो, नागेंद्र महतो और आलोक सोरेन को जैक का मेंबर बनाया गया है। इससे संबंधित आदेश गुरुवार को झारखंड विधानसभा के उप सचिव किरण सुमन बाखला के आदेश से जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जैक अध्यक्ष की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को सदस्यों से मनोयन से संबंधित पत्र भेजा गया था। इसी के आलोक में तीनों विधायकों को जैक बोर्ड का मेंबर बनाया गया है। अब बोर्ड की बैठक हो सकेगी। इसके मनोनयन पर जैक के मुकेश प्रसाद सिंह और श्यामल चक्रवर्ती समेत अ्य अधिकारी और कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि इन विधायकों को सदस्य बनाये जाने का लाभ जैक को मिलेगा।

### जेएससीए में पारदर्शिता लाना और राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : अजय नाथ शाहदेव



**रांची।** आगामी 18 मई को आहुत जेएससीए प्रबंधन समिति के चुनाव को लेकर गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए 'द टीम' की ओर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव ने जेएससीए के क्रियाकलापों में पारदर्शिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा उनकी टीम जेएससीए को पारदर्शी बनाना चाहती है। इसके लिए मीडिया के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा, ताकि राज्य की जनता तक जेएससीए की कामकाज की खबरें पहुंच सके। इस मौके पर मैनेजिंग कमेटी के उम्मीदवार संजय जैन, मिहिर प्रीतेश टोपनो, रमेश कुमार, डिस्ट्रिक्ट प्रतिनिधि के उम्मीदवार श्रीराम पूरी भी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू रांची में प्रथम जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाट्न जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के प्रखंडों से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 मई 2025 को टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में निर्धारित है। पदाधिकारीद्वय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होने की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के जिला स्तरीय कार्यालय से अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी के साथ-साथ मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार तथा सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कार्य को निर्धारित करना चाहिए : डॉ जयेंद्र कुमार



**रांची।** योगदा सत्संग महाविद्यालय के आईक्यूएसी की ओर से एक्सपर्ट टॉक का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस आयोजन के मुख्य वक्ता एसआरएम मोदीनगर कॉलेज ऑफ फार्मेसी गाजियाबाद के प्रो. (डॉ.) जयेंद्र कुमार थे। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था को एकबद्ध रखने और उसके प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हमें वैश्विक सोच रखते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कार्य को निर्धारित करना चाहिए। मंच संचालन डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मल्लिका कुमारी ने किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक कर्नल हिमांशु शेखर, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. सिमरन कौर, डॉ.रवीन्द्र कुमार सहित आईक्यूएसी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पीड़ित छात्रों को पैसा वापस करे संस्थान अन्यथा तालाबंदी : देवेन्द्र महतो

- **सीआईटी में अवैध शुल्क वसूली मामले पर जेयूटी कुलपति डॉ डीके सिंह को सौंपा ज्ञापन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विभिन्न सत्र के छात्रों से अवैध शुल्क असूली का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। मामले को लेकर जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष आंदोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी नामकुम रांची के कुलपति डॉ डीके सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर कॉलेज के विभिन्न सत्र में हो रही अवैध शुल्क वसूली का मामला विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि सत्र 2019-23, 2020-24, 2021-25, 2022-26, 2023-27 के विभिन्न संकाय में अध्ययनरत व पूर्ववर्ती छात्रों को धोखाधड़ी के साथ एक ही शिक्षण शुल्क का बारंबार करोड़ों रुपए अवैध वसूली किया गया है। छात्रों द्वारा आवाज उठाने पर कॉलेज दादागिरी पर उतर जाता है। छात्रों को एग्जाम में बैठने में पाबंदी, पासिंग और चरित्र प्रमाण पत्र नहीं करने का भय दिखाया जाता है। ज्ञापन के माध्यम से देवेंद्र नाथ महतो ने कुलपति से एसआईटी टीम गठित कर मामले का तत्काल जांच करते हुए सत्यता के आधार पर महाविद्यालय मैनेजमेंट पर एफआईआर दर्ज करते हुए त्वरित समुचित कारवाई करने की मांग की है। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने सीआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के मैनेजमेंट को चेतावनी दी है कि अवैध शुल्क वसूली पीड़ित छात्रों को वापस किया जाये, अन्यथा कॉलेज में तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।

## अफजल अंसारी हत्याकांड में मंत्री हाफिजूल अंसारी से ट्रस्ट प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा अफजल अंसारी की हत्या करने के मामले में अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राज्य के कैबिनेट मंत्री हाफिजूल अंसारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि जल्द कानून सम्मत कार्रवाई हो और आरोपी को जेल भेजा जाए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल हकीम अंसारी, मोजीबुल रहमान, जमील अख्तर, अजीज अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, अमन राज, सामी अंसारी, बबलू अंसारी, रईस अंसारी, हिदायत अंसार,सज्जाद अंसारी, जुम्माउद्दीन अंसारी, गुलजार अहम, यूसुफ अंसारी सहित अन्य शामिल थे। **क्या है घटना** : मृतक के पुत्र शमीम अंसारी के अनुसार 8 मई 2025 को उनके पिता अफजल अंसारी और पड़ोसी आरोपी संजय साहू के बीच घर के रंगरोगन के चलते विवाद हो गया था। जिसमें आरोपी संजय साहू ने सबके सामने दीवार में सटाकर अफजल अंसारी की गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के समझाने और कानून का भरोसा कर पिता का अंतिम संस्कार तो हो गया और आरोपी भी थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। लेकिन आज 15 मई 2025 को भी आरोपी को बुढ़मू थाने में रखा गया है। आरोपी को जेल भेजा जाए।

## निगम के पास सीमित फॉगिंग मशीनें, कई वार्डों में समय पर फॉगिंग नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मच्छरों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए रांची नगर निगम ने सभी वार्डों में फॉगिंग के लिए रोस्टर तैयार किए हैं। लेकिन, कई क्षेत्रों में समय पर फॉगिंग नहीं हो पा रही है। इस स्थिति पर नगर निगम की सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. किरण कुमारी ने बताया कि वर्तमान में निगम के पास कुल 9 कोल्ड फॉगिंग मशीन और 2 थर्मल फॉगिंग मशीनें हैं, जो बढ़ते वार्ड क्षेत्रों के हिसाब से अपर्याप्त हैं। डॉ. किरण ने बताया कि नगर निगम ने 17 नई थर्मल फॉगिंग मशीनों की खरीद के लिए प्रस्ताव भेजा है। अनुमान है कि आगामी 2 से 3 महीनों में ये मशीनें निगम को मिल जाएंगी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा संसाधनों के चलते किसी एक स्थान पर फॉगिंग के बाद दोबारा वही प्रक्रिया लगभग 12 से 13 दिन बाद ही हो पाती है। लेकिन, जब नई गाड़ियां आ जाएंगी, तब फॉगिंग का अंतराल घटकर 3 से 4 दिन हो जाएगा। आसपास पानी जमा न होने दें, जिससे लार्वा पनपे। डॉ. किरण ने यह भी जानकारी दी कि मच्छरों के लार्वा को समाप्त करने के लिए वर्तमान में प्रत्येक वार्ड में 2 कर्मी केमिकल का छिड़काव कर रहे हैं। इस संख्या को जल्द ही बढ़ाकर 4 किया जाएगा, ताकि लार्विसाइडल नियंत्रण का कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सके। नगर निगम के अनुसार, संसाधनों की कमी के बावजूद वे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील कि है कि वे अपने आसपास पानी जमा न होने दें और स्वच्छता बनाए रखें।

## सरकारी स्कूलों पर सरकारी सेवकों को भरोसा करना होगा : दीपक कुमार

**रांची।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स बरियातू के प्राचार्य दीपक कुमार ने झारखंड के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पर भरोसा जताते हुए कहा कि प्रत्येक सरकारी सेवक चाहे वे जिस भी पद पर हों, उन्हें सरकारी विद्यालयों में विश्वास करते हुए अपने बच्चों को भी सरकारी विद्यालयों में पढ़ाना चहिए। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा और आम जनता का भी भरोसा कायम होगा। उन्होने स्वयं अपने पुत्र अर्णव चौहान का नामांकन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची में करवाया था तथा विज्ञान संकाय में 2025 के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने पुत्र के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों विशेषकर वहां की प्राचार्या यास्मीन गलेरिया को हर स्तर पर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। छात्र अर्णव चौहान ने कहा कि विद्यालय में मिलने वाली सुविधाएं तथा पढ़ाई के स्तर से कभी भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि सरकारी और निजी विद्यालय में कोई अंतर है। यह भी सर्वविदित है कि उनकी पुत्री अनन्या चौहान भी मारवाड़ी+2 उच्च विद्यालय रांची के सरकारी विद्यालय से हीं इंटर की पढ़ाई पूरी की है।

## मेकॉन फुटबॉल टीम के लिये फुटबॉल कोच का चयन कल

**रांची।** मेकॉन फुटबॉल टीम के लिये मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 17 मई को सत्र 2025-26 के लिये फुटबॉल कोच का चयन किया जायेगा। मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पीके दास ने बताया कि मेकॉन स्टेडियम में 17 मई को सुबह 11.00 बजे से इंटरव्यू होगा। उम्मीदवार को अपने करियर के दौरान जिला एवं प्रदेश फुटबॉल टीम की तरफ से प्रतिनिधत्व किया होना चाहिए। उम्मीदवार से फुटबॉल टीम का कोचिंग का अनुभव होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवार को मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यास सत्रों में भाग लेने के लिए शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट होना चाहिए। ऊपर बताए गए मानदंडों को प्रमाणित करने के लिए, उम्मीदवार को दस्तावेजी साक्ष्य लाना आवश्यक है। चयन में भाग लेने के लिए इच्छुक कोच दिनांक 17 मई को मेकॉन स्टेडियम में सुबह 11.00 बजे मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के फुटबॉल विंग के सचिव विपिन गुप्ता को रिपोर्ट करना है।

## बायोम संस्थान में पढ़ने वाले सिद्धार्थ को मिला 98.4 प्रतिशत अंक, झारखंड के टॉप स्कोरर में बनाई जगह

- **संस्थान में पढ़ने वाले 20 से ज्यादा स्टूडेंट्स को बारहवीं में 90% से ज्यादा अंक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड सहित देश के दूसरे राज्यों में मेडिकल परीक्षा की तैयारी कराने वाली संस्थान बायोम के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें रांची केंद्र से पढ़ाई करने वाले सिद्धार्थ ने 98.4% अंक लाकर झारखंड के टॉप स्कोरर में अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा 20 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। इसमें कशिश ने 96%, श्रेया ने 95.4%, दिव्या ने 94.8 प्रतिशत, निखिल ने 94.4%, दिव्यांशु ने 94.2 प्रतिशत, स्नेही ने 93.6%, आर्यंस ने 92.2%, राघव ने 92%, संस्कृति ने 91.8 प्रतिशत, श्रुति ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 की परीक्षा भी दिए हैं। बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त कर पहला पड़ाव पार कर लिया है। जो नीट यूजी की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश के जाने-माने सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी जगह बनाएंगे। उनकी सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और बायोम संस्थान के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को जाता है। जहां पर स्टूडेंट्स के डाउट को तुरंत दूर कर उनमें आत्मविश्वास जागने का काम किया गया है। यहां के शिक्षकों ने लगातार टेस्ट लेकर उनकी गलतियों को बताने और सुधारने का काम किया। उनकी तैयारी को बेहतर करने का काम किया गया। समय-समय पर छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग भी की जाती रही ताकि मानसिक तनाव से दूर रहें।

## श्री मदभागवत कथा सुनने मात्र से ही मिलता है मोक्ष : आचार्य अतुल



**रांची।** पिस्का मोड़ के निकट जतरा मैदान नॉर्थ, श्री हेसल हनुमान मंदिर के सामने चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक आचार्य अतुल द्विवेदी जी ने कहा कि श्री मदभागवत कथा ही वह ग्रंथ है जिसे श्रद्धा पूर्वक सुनने से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। आयोजक संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि कथा का समापन 21 मई को होगा। कार्यक्रम प्रभारी अमृतेश पाठक एवं बिरेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक दिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक कथा वाचन होना है, सभी भक्तगण सादर आमंत्रित हैं। कथा में मुख्य रूप से सुनील सिंह, बंटी यादव, मोहित जयसवाल, राजा, मनमोहन पांडेय,नीतू सिंह,सत्यप्रकाश मिश्रा आदि सैकड़ों श्रद्धालु गण शामिल हुए।

## बीआईटी मेसरा में 4 वर्षीय बैचलर इन होटल मैनेजमेंट में प्रवेश प्रारंभ

**रांची।** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के प्रबंधन विभाग द्वारा 4 वर्षीय बैचलर इन होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) कार्यक्रम के लिए 2025 सत्र के प्रवेश प्रारंभ होने की घोषणा कर दी गयी है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें बहु-प्रवेश और निकास विकल्प उपलब्ध हैं। यह लचीलापन छात्रों को अपने शैक्षणिक मार्ग को अपनी रुचि और परिस्थितियों के अनुसार तय करने का अवसर देता है और उन्हें आतिथ्य एवं सेवा उद्योग में एक सफल करियर के लिए तैयार करता है। पात्रता मानदंड : आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय होना आवश्यक है। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित है। इच्छुक छात्र समय रहते आवेदन करें और इस प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त करें, जो अकादमिक उत्कृष्टता के साथ उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करता है। अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए बीआईटी का वेबसाइट देख सकते हैं।

## अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रित को कराया गया भोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रांची में गुरुवार को विश्वनाथ मोदी के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का भोजन खिलाया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरु कृपा अपना घर में सुशील ड्रोलिया, दीनबंधु कुमार, वैभव कुमार, कंचन देवी, महादेव शिव शंकर, दिलीप गुप्ता, सुषमा त्रिवेदी, निर्मल छावनिका, ललिता पोद्दार, अजय गोयनका, अमित कुमार, सुधा अग्रवाल, कृष्ण राजगढ़िया, ममता गोयल, सुरेश कुमार महतो, अशोक कुमार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, नंदकिशोर चौधरी, प्रशांत गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मीरा अडूकिया अभिषेक कुमार, ओमप्रकाश अडुकिया, डॉ सुभाष पोद्दार, वेंकट गाड़ोदिया,के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई।

## सीएमपीडीआई आईएसओ 37001:2016 प्रमाणन प्राप्त करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र अनुषंगी कंपनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) को अपने मुख्यालय, रांची में रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) के निगरानी ऑडिट के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आईएस/आईएसओ 37001:2016 मानक के अनुसार संस्थान के रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) लाइसेंस को जारी रखने के लिए अनुशंसित किया गया है। यह ऑडिट दिनांक 14 और 15 मई, 2025 को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। लेखा परीक्षक ने सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिकी) सुदर्शन प्रसाद और संस्थान के रिश्वत रोधी अनुपालन टीम के प्रमुख को एबीएमएस की निरंतरता का प्रमाण-पत्र सौंपा। सीएमपीडीआई आईएसओ 37001:2016 प्रमाणन प्राप्त करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र अनुषंगी कंपनी है।

ऑडिट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सीएमपीडीआई के एबीएमएस का कार्यान्वयन आईएसओ 37001:2016 अंतरराष्ट्रीय मानक की आवश्यकताओं के अनुरूप कायम रहे तथा यह पूरे संगठन में प्रभावी रूप से कार्यान्वित और अनुरक्षित हो।

दो-दिवसीय आकलन के दौरान सीएमपीडीआई के विभिन्न विभागों और कार्यों का गहन मूल्यांकन किया गया और पाया कि संगठन की रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली उपरोक्त मानक की आवश्यकताओं के अनुरूप है तथा नीति और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यान्वित की गयी है।

यह प्रमाणन इस बात का परिणाम है कि सीएमपीडीआई ने अपने व्यवसाय के दौरान रिश्वतखोरी के संभावित जोखिमों को समाप्त करने के लिए ईमानदार उपायों को लागू किया है। आईएसओ 37001 रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन को अपनाने और उसका अनुपालन करने से संगठन को एक व्यवहार्य रिश्वत रोधी प्रबंधन कार्यक्रम को लागू करके नैतिक व्यावसायिक आचरण में सम्बद्ध होने की अनुमति मिलती है। आईएसओ रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली रिश्वतखोरी जोखिमों की पहचान और व्यवहार्य रिश्वत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं के निर्माण में एक शिक्षाप्रद और सम्पूर्ण मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है।

रिश्वतखोरी रोधी प्रबंधन प्रणाली प्रबंधन, कर्मियों और अन्य हितधारकों के बीच यह विश्वास बढ़ाती है कि संगठन रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त और स्वीकृत प्रक्रियाओं का सक्रिय रूप से पालन कर रहा है।

आईएसओ 37001 रिश्वतखोरी रोधी प्रबंधन प्रणाली द्वारा अनुशंसित उचित परिश्रम और आंतरिक जांच प्रक्रियाएं किसी संगठन को यह दिखाने के लिए प्रमाण (सबूत) पेश करने की अनुमति देती है कि उसने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उचित कदम उठाए हैं।

## अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने 25,000 से ज्यादा छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की

**रांची।** अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ने गुरुवार को छात्राओं के लिये स्कॉलरशिप की घोषणा की है। छात्राओं को यह स्कॉलरशिप अपनी उच्च शिक्षा जारी रखने या पाने के लिए प्रदान की जायेगी। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिये आवेदन करने के लिये छात्रा का किसी सरकारी स्कूल या म्युनिसिपल स्कूल से कक्षा 10 और 12 उत्तीर्ण करना आवश्यक है। अकादमिक वर्ष 2025-26 में लगभग 2.5 लाख छात्राओं को अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। इस बार देश के 18 राज्यों की छात्रायें स्कॉलरशिप के लिये आवेदन कर सकती हैं। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के चीफ एक्सेक्यूटिव ऑफिसर अनुराग बेहार ने कहा कि अच्छी स्कूली शिक्षा जीवन की आधारशिला है, जबकि उच्च शिक्षा जीवन की सामाजिक और आर्थिक संभावनाओं में बदलाव लाती है। देश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। इसके बावजूद देश की लड़कियां शिक्षा हासिल करने की राह में कई सामाजिक और आर्थिक बाधाओं का सामना कर रही हैं। हम लड़कियों को उनके उच्च शिक्षा के सफर में जरूरी सहयोग करने का वादा करते हैं। इससे उन्हें अपने जीवन की दिशा खुद तय करने में मदद मिलेगी। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल को वर्ष 2024-25 कुछ चुनिंदा जगहों पर लागू किया गया। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश के कुछ ज़िले और झारखंड का इटकी ब्लॉक शामिल किये गये थे। इस सत्र में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ने 25,000 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की। पहले वर्ष का पैसा इन छात्राओं के बैंक खातों में भेजा जा चुका है।

# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार

## प्रारंभिक अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

चुंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड़ (एन0एच0–33) से डुमरौन होते हुए बहिमर चौक पी0डब्लू0डी0 पथ तक चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–46, जिला–हजारीबाग में कुल **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर है और ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–46, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लौट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 26 | 942/1 | निजी | टांड–III | 0.008 | उच्च विद्यालय, डांड | नीज | रास्ता | शम्भुनाथ | प्लौट नं0–930 |
| 2 | 26 | 942/2 | निजी | टांड–III | 0.008 | शम्भुनाथ महतो वगै0 पिता छत्रधारी महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–943 | प्लौट नं0–930 |
| 3 | 141 | 943/1 | निजी | टांड–III | 0.03 | शिवकुमार मेहता वगै0 पिता बद्री मेहता वो प्रहलाद मेहता पिता जगदीश मेहता वो नरेश मेहता वो प्रभु नारायण मेहता पिता गोवर्धन महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–846 | प्लौट नं0–942 |
| 4 | 141 | 943/2 | निजी | टांड–III | 0.03 | नरेश महतो वगै0 पिता गोवर्धन महतो निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–846 | प्लौट नं0–942 |
| 5 | 141 | 943/3 | निजी | टांड–III | 0.03 | संत कुमार मेहता वो नरेश मेहता पिता गोवर्धन मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2980 | रास्ता | प्लौट नं0–2981 | प्लौट नं0–2947 |
| 6 | 21 | 982 | निजी | टांड–I | 0.064 | मो0 हकीम वगै0 पिता स्व0 कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–983 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 7 | 21 | 983 | निजी | मकान सहन–I | 0.019 | मो0 हकीम वगै0 पिता स्व0 कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–984 | प्लौट नं0–982 | रास्ता | नीज |
| 8 | 21 | 985 | निजी | टांड–I | 0.039 | मो0 हकीम वगै0 पिता स्व0 कबीर मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | प्लौट नं0–984 | रास्ता | नीज |
| 9 | 44 | 986 | निजी | मकान सहन–I | 0.022 | मिन्हाज मियाँ पिता उसमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–987 | प्लौट नं0–985 | रास्ता | प्लौट नं0–987 |
| 10 | 44 | 987 | निजी | टांड–I | 0.018 | उसमान मियाँ वो ईस्साक मियाँ पिता सोहन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–990 | प्लौट नं0–985 | रास्ता | नीज |
| 11 | 77 | 989 | निजी | मकान सहन–I | 0.01 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–997 | प्लौट नं0–987 | रास्ता | नीज |
| 12 | 133 | 997 | निजी | टांड–I | 0.048 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–998 | प्लौट नं0–989 | रास्ता | नीज |
| 13 | 87 | 998 | निजी | मकान सहन | 0.013 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–999 | प्लौट नं0–997 | नीज | रास्ता |
| 14 | 92 | 999 | निजी | टांड–I | 0.003 | कलीम अंसारी पिता हनीफ मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–998 | रास्ता | प्लौट नं0–1000 |
| 15 | 143 | 1003/1 | निजी | टांड–II | 0.033 | तेज अली मियाँ पिता पुनीत मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1004 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 16 | 143 | 1003/2 | निजी | टांड–II | 0.033 | नूर अली मियाँ पिता वहीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1004 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 17 | 88 | 1004/1 | निजी | टांड–III | 0.013 | अब्दुल रयूफ पिता स्व0 सौभी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | प्लौट नं0–1016 | रास्ता | प्लौट नं0–1005 |
| 18 | 88 | 1004/2 | निजी | टांड–III | 0.013 | जोहरा खातुन पति हमीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1016 | प्लौट नं0–1003 | रास्ता | प्लौट नं0–1005 |
| 19 | 2 | 1007 | निजी | टांड–I | 0.008 | नरेश महता पिता गोवर्धन महता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1013 | प्लौट नं0–1006 | रास्ता | नीज |
| 20 | 88 | 1026/1 | निजी | धानखेत–III | 0.024 | अब्दुल रयूफ पिता स्व0 सौभी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1027 | प्लौट नं0–1025 | रास्ता | नीज |
| 21 | 88 | 1026/2 | निजी | धानखेत–III | 0.024 | मो0 अख्तर पिता करीम मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1027 | प्लौट नं0–1025 | रास्ता | नीज |
| 22 | 123 | 1042 | निजी | धानखेत–I | 0.001 | काशी महता पिता हरिहर महता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1047 | प्लौट नं0–1041 | रास्ता | नीज |
| 23 | 87 | 1043 | निजी | धानखेत–II | 0.024 | काशी महता पिता हरिहर महता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1044 | प्लौट नं0–1042 | रास्ता | नीज |
| 24 | 73 | 1044 | निजी | धानखेत–III | 0.038 | काशी महता पिता हरिहर महता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1048 | प्लौट नं0–1043 | रास्ता | नीज |
| 25 | 96 | 1296 | निजी | टांड–III | 0.001 | भुनेश्वर राम पिता काशी राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1299 | प्लौट नं0–1295 |
| 26 | 83 | 1299 | निजी | टांड–III | 0.002 | भुनेश्वर राम पिता काशी राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1300 | प्लौट नं0–1296 |
| 27 | 106 | 1300 | निजी | टांड–III | 0.008 | राजमणी देवी पति राजू गंझू, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1305 | प्लौट नं0–1299 |
| 28 | 138 | 1305 | निजी | टांड–III | 0.006 | खलील मियाँ पिता सत्तार मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1306 | प्लौट नं0–1300 |
| 29 | 38 | 1306 | निजी | टांड–III | 0.005 | मुनेश्वर राणा वगै0 पिता स्व0 रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1308 | प्लौट नं0–1306 |
| 30 | 141 | 1307 | निजी | टांड–III | 0.002 | लीला कुंवर पति तुलसी साव वो बसती देवी पति सियाराम सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1308 | प्लौट नं0–1306 |
| 31 | 141 | 1308 | निजी | टांड–III | 0.002 | यमुनी देवी पति महावीर साव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1309 | प्लौट नं0–1307 |
| 32 | 24 | 1309 | निजी | टांड–III | 0.007 | यमुनी देवी पति महावीर साव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1310 | प्लौट नं0–1308 |
| 33 | 108 | 1310 | निजी | टांड–III | 0.004 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1311 | प्लौट नं0–1309 |
| 34 | 84 | 1311 | निजी | टांड–III | 0.009 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1312 | प्लौट नं0–1310 |
| 35 | 82 | 1312 | निजी | टांड–III | 0.007 | शिक्षा विभाग (उच्च विद्यालय) | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1313 | प्लौट नं0–1311 |
| 36 | 88 | 1313 | निजी | टांड–III | 0.013 | अब्दुल रउफ वगै0 पिता स्व0 सौभी मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1317 | प्लौट नं0–1312 |
| 37 | 159 | 1317 | निजी | टांड–III | 0.021 | प्लौट नं0–1317 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1318 | प्लौट नं0–1317 |
| 38 | 38 | 1318 | निजी | टांड–III | 0.014 | रामदास पासवान पिता रामु पासवान निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1319 | प्लौट नं0–1317 |
| 39 | 140 | 1319 | निजी | टांड–III | 0.003 | अर्जुन रविदास वगै0 पिता महेश्वर रविदास, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1320 | प्लौट नं0–1318 |
| 40 | 128 | 1320 | निजी | टांड–III | 0.007 | मो0 हनीफ वगै0 पिता स्व0 सिवन मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1322 | प्लौट नं0–1319 |
| 41 | 133 | 1322 | निजी | टांड–I | 0.007 | मुनेश्वर राणा वगै0 पिता स्व0 उगन राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1323 | प्लौट नं0–1320 |
| 42 | 47 | 1323 | निजी | धानखेत | 0.007 | मथुरा प्रसाद यादव वगै0 पिता स्व0 जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1326 | प्लौट नं0–1322 |
| 43 | 54 | 1326 | निजी | खेत | 0.007 | गंदौरी राणा पिता स्व0 विशुन राणा, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1327 | प्लौट नं0–1323 |
| 44 | 4 | 1327 | निजी | टांड–III | 0.006 | अब्दुल कलाम वगै0 पिता स्व0 सकूर मियाँ निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1329 | प्लौट नं0–1326 |
| 45 | 108 | 1329 | निजी | टांड–I | 0.004 | बासदेव यादव पिता जागो यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1331 | प्लौट नं0–1327 |
| 46 | 58 | 1330 | निजी | खेत–I | 0.004 | अनु साव पिता स्व0 मेघन साव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1332 | प्लौट नं0–1331 |
| 47 | 75 | 1331 | निजी | टांड–III | 0.003 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1330 | प्लौट नं0–1329 |
| 48 | 74 | 1332 | निजी | टांड–I | 0.006 | सोनी देवी पति विनोद राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1340 | प्लौट नं0–1330 |
| 49 | 17 | 1340 | निजी | टांड–I | 0.004 | छोटू बढ़ई वगै0 पिता स्व0 कुजील बढ़ई, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1341 | प्लौट नं0–1332 |
| 50 | 69 | 1341 | निजी | टांड–I | 0.009 | बासदेव यादव पिता जागो यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1342 | प्लौट नं0–1340 |
| 51 | 38 | 1343 | निजी | खेत | 0.006 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1344 | प्लौट नं0–1342 |
| 52 | 126 | 1344 | निजी | टांड–I | 0.012 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1345 | प्लौट नं0–1343 |
| 53 | 22 | 1345 | निजी | धानखेत–I | 0.006 | किशोरी यादव पिता सुखदेव यादव निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1346 | प्लौट नं0–1344 |
| 54 | 181 | 1346 | निजी | टांड–I | 0.006 | सतेन्द्र सिंह वगै0 पिता राजकुमार सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1347 | प्लौट नं0–1345 |
| 55 | 181 | 1347 | निजी | धानखेत–III | 0.007 | सतेन्द्र सिंह वगै0 पिता राजकुमार सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1349 | प्लौट नं0–1346 |
| 56 | 181 | 1348 | निजी | परती | 0.037 | बैजनाथ सिंह पिता स्व0 उगन सिंह, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1343 | प्लौट नं0–1360 | रास्ता | नीज |
| 57 | 186 | 1360 | निजी | टांड–III | 0.039 | महादेव प्रजापति वगै0 पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1348 | प्लौट नं0–1361 | नीज | रास्ता |
| 58 | 170 | 1361/1 | निजी | टांड–III | 0.027 | महादेव प्रजापति वगै0 पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1360 | प्लौट नं0–1366 | नीज | रास्ता |
| 59 | 170 | 1361/2 | निजी | टांड–III | 0.027 | अमृत यादव पिता सुखदेव यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1360 | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1366 |
| 60 | 47 | 1366 | निजी | टांड–I | 0.054 | बलदेव यादव वो सुखदेव यादव पिता किशुन यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 61 | 201 | 1368 | निजी | मकान | 0.018 | विजय यादव वो पंकज यादव वो सनाथ यादव पिता बबली यादव, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1441 | प्लौट नं0–1367 |
| 62 | 179 | 1439 | निजी | टांड–I | 0.015 | मथुरा राम वगै0 पिता स्व0 छुटारी राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1440 | नीज | रास्ता |
| 63 | 176 | 1440 | निजी | टांड–I | 0.016 | चरकु राम वगै0 पिता रंगु राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1442 | प्लौट नं0–1439 |
| 64 | 199 | 1442 | निजी | मकान | 0.012 | भुगाली राम पिता बढ़हन भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1443 | प्लौट नं0–1440 |
| 65 | 188 | 1443 | निजी | मकान | 0.022 | उमेश राम पिता निरू राम वो भुगाली राम पिता बढ़हन राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1444 | प्लौट नं0–1442 |
| 66 | 178 | 1444 | निजी | टांड–I | 0.024 | बिरबल सिंह पिता स्व0 बद्री सिंह, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1445 | प्लौट नं0–1443 |
| 67 | 180 | 1445/1 | निजी | टांड–I | 0.012 | बढु राम वो छोटु राम पिता स्व0 सुरज राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1448 | प्लौट नं0–1444 |
| 68 | 180 | 1445/2 | निजी | टांड–I | 0.012 | किशुन राम पिता छटु राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1448 | प्लौट नं0–1444 |
| 69 | 202 | 1446 | निजी | मकान | 0.02 | लक्ष्मण राम पिता गोवर्धन राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1445 | प्लौट नं0–1447 | प्लौट नं0–1447 | रास्ता |
| 70 | 202 | 1447 | निजी | मकान | 0.03 | बढु राम वो छोटु राम पिता स्व0 सुरज राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1446 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 71 | 113 | 1451 | निजी | टांड–I | 0.015 | कनी मियाँ पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1452 | प्लौट नं0–1452 | रास्ता |
| 72 | 113 | 1452 | निजी | टांड–I | 0.012 | कनी मियाँ पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1451 | प्लौट नं0–1453 | नीज | रास्ता |
| 73 | 143 | 1454 | निजी | टांड–II | 0.027 | कनी मियाँ पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1453 | प्लौट नं0–1518 | नीज | रास्ता |
| 74 | 159 | 1517 | निजी | टांड–II | 0.001 | झमन पाहन वगै0 पिता तेजो पाहन, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1518 | प्लौट नं0–1519 | प्लौट नं0–1517 | रास्ता |
| 75 | 158 | 1518 | निजी | टांड–III | 0.059 | कनी मियाँ पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1454 | प्लौट नं0–1451 | नीज | रास्ता |
| 76 | 108 | 1519 | निजी | खेत | 0.006 | कमल राणा वगै0 पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1517 | प्लौट नं0–1520 | नीज | रास्ता |
| 77 | 4 | 1520 | निजी | टांड–II | 0.016 | हकीम मिया वगै0 पिता कनी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1519 | प्लौट नं0–1448 | नीज | रास्ता |
| 78 | 48 | 1521 | निजी | टांड–II | 0.015 | कमल राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1520 | प्लौट नं0–1522 | नीज | रास्ता |
| 79 | 30 | 1522 | निजी | टांड–II | 0.001 | कमल राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1521 | प्लौट नं0–1967 | नीज | रास्ता |
| 80 | 182 | 1524 | निजी | मकान | 0.034 | डोमन भूईयाँ पिता ऊधवा भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1527 | प्लौट नं0–1523 | रास्ता | नीज |
| 81 | | 1526 | निजी | खेत | 0.008 | पारो पासवान वगै0 पिता कोल्हा पासवान, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1529 | प्लौट नं0–1524 | रास्ता | नीज |
| 82 | 82 | 1559 | निजी | मकान | 0.031 | मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1560 | प्लौट नं0–1528 | रास्ता | नीज |
| 83 | 181 | 1560/1 | निजी | टांड–II | 0.025 | राजकुमार कुम्हार पिता बद्री कुम्हार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1563 | प्लौट नं0–1560 | रास्ता | नीज |
| 84 | 181 | 1560/2 | निजी | टांड–II | 0.025 | नन्दलाल कुम्हार पिता बद्री कुम्हार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1561 | प्लौट नं0–1559 | रास्ता | नीज |
| 85 | 181 | 1560/3 | निजी | टांड–II | 0.013 | नन्दलाल कुम्हार पिता बद्री कुम्हार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1561 | प्लौट नं0–1559 | रास्ता | नीज |
| 86 | 200 | 1561 | निजी | मकान | 0.015 | छेदी राम पिता स्व0 पच्चु राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1563 | प्लौट नं0–1560 | रास्ता | नीज |
| 87 | 198 | 1563/1 | निजी | खेत | 0.008 | छेदी भूईयाँ वो जामुन भूईयाँ पिता पच्चु भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1556 | प्लौट नं0–1560 | रास्ता | नीज |
| 88 | 198 | 1563/2 | निजी | खेत | 0.007 | पच्चु भूईयाँ पिता समल भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1556 | प्लौट नं0–1560 | रास्ता | नीज |
| 89 | 200 | 1564 | निजी | मकान | 0.01 | अमृत भूईयाँ पिता काशी भूईयाँ वो पच्चु भूईयाँ पिता समल भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1563 | रास्ता | प्लौट नं0–1563 |
| 90 | 198 | 1565 | निजी | मकान | 0.009 | छेदी भूईयाँ वो जामुन भूईयाँ पिता पच्चु भूईयाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1566 | प्लौट नं0–1564 | रास्ता | प्लौट नं0–1563 |
| 91 | 181 | 1566 | निजी | धानखेत–II | 0.039 | बिरबल सिंह पिता बद्री सिंह, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1568 | प्लौट नं0–1563 | रास्ता | नीज |
| 92 | 174 | 1568 | निजी | खेत | 0.034 | विशुन प्रजापति पिता______ निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–1576 |
| 93 | 193 | 1569 | निजी | मकान | 0.015 | बिजली प्रजापति वगै0 पिता उत्तम प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1570 | रास्ता | प्लौट नं0–1570 |
| 94 | 193 | 1570 | निजी | खेत | 0.023 | बिजली प्रजापति वगै0 पिता उत्तम प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1569 | रास्ता | नीज |
| 95 | 181 | 1645 | निजी | टांड–II | 0.025 | महादेव प्रजापति वगै0 पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1546 | रास्ता | रास्ता | प्लौट नं0–1544 |
| 96 | 181 | 1646 | निजी | टांड–III | 0.03 | महादेव प्रजापित वगै0 पिता विशुन प्रजापति, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1549 | प्लौट नं0–1545 | रास्ता | प्लौट नं0–1642 |
| 97 | 159 | 1656 | निजी | खेत | 0.021 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व0 कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1657 | प्लौट नं0–1650 | रास्ता | नीज |
| 98 | 48 | 1657 | निजी | खेत | 0.019 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व0 कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1656 | प्लौट नं0–1660 |
| 99 | 48 | 1658 | निजी | खेत | 0.016 | उमेश पासवान पिता जानकी पासवान वो पारो राम पिता स्व0 कोल्हा राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | प्लौट नं0–1660 |
| 100 | 24 | 1659 | निजी | धानखेत–I | 0.006 | कैलाश यादव पिता स्व0 गोवर्धन यादव वो बद्री प्रसाद मेहता पिता स्व0 रामेश्वर मेहता, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1660 | प्लौट नं0–1660 |
| 101 | 133 | 1660 | निजी | धानखेत–I | 0.020 | दुलारचन्द महतो वगै0 पिता गोविन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1657 | प्लौट नं0–1675 |
| 102 | 2 | 1675 | निजी | धानखेत | 0.016 | बद्री प्रसाद महतो वगै0 पिता रामेश्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1660 | प्लौट नं0–1675 |
| 103 | 139 | 1676 | निजी | धानखेत | 0.025 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1675 | प्लौट नं0–1678 |
| 104 | 145 | 1678 | निजी | धानखेत | 0.01 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1676 | प्लौट नं0–1680 |
| 105 | 18 | 1683 | निजी | धानखेत–I | 0.004 | रामप्रकाश बेदिया पिता स्व0 गोवर्धन बेदिया, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1680 | प्लौट नं0–1683 |
| 106 | 26 | 1686 | निजी | धानखेत | 0.069 | जामुनी कुंवर पति बंगाली महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1687 | प्लौट नं0–1687 | रास्ता |
| 107 | 181 | 1687 | निजी | धानखेत–I | 0.002 | काशी महतो पिता हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | प्लौट नं0–1686 | प्लौट नं0–1689 |
| 108 | 45 | 1689 | निजी | खेत | 0.002 | लालकिशुन प्रजापति पिता हेमलाल साव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1687 | प्लौट नं0–1684 | रास्ता |
| 109 | 116 | 1690 | निजी | धानखेत | 0.011 | आदित्य राम पिता दिलो राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1689 | प्लौट नं0–1694 | रास्ता | नीज |
| 110 | 88 | 1694 | निजी | टांड–III | 0.001 | मो0 खलील वगै0 पिता मरहुन संताली मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1690 | प्लौट नं0–1695 | नीज | रास्ता |
| 111 | 931 | 1722 | निजी | टांड–II | 0.025 | युसुफ अंसारी वगै0 पिता स्व0 बहादुर हुसैन, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1721 | प्लौट नं0–1726 | प्लौट नं0–1725 | रास्ता |
| 112 | 133 | 1726 | निजी | टांड–III | 0.022 | बहादुर हुसैन पिता अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1722 | प्लौट नं0–1727 | नीज | रास्ता |
| 113 | 47 | 1727 | निजी | खेत | 0.024 | बहादुर हुसैन पिता अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1726 | प्लौट नं0–1723 | नीज | रास्ता |
| 114 | 134 | 1730 | निजी | टांड–I | 0.024 | मुस्तकिम मियाँ पिता अलीजान मियाँ वो करीम मियाँ पिता स्व0 बिहारी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1728 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 115 | 88 | 1745 | निजी | टांड–II | 0.002 | मुस्लिम मियाँ पिता दुखन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1744 | प्लौट नं0–1744 | रास्ता |
| 116 | 143 | 1746 | निजी | टांड–II | 0.004 | तेज अली मियाँ पिता पुनित मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1745 | प्लौट नं0–1747 |
| 117 | 143 | 1747 | निजी | टांड–I | 0.008 | तेज अली मियाँ पिता पुनित मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–1746 | प्लौट नं0–1748 |
| 118 | 92 | 1748/1 | निजी | टांड–I | 0.04 | उदीन मियाँ पिता जौवा मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1749 | नीज | रास्ता |
| 119 | 92 | 1748/2 | निजी | टांड–I | 0.04 | इदरीश मियाँ पिता सकी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–1749 | नीज | रास्ता |
| 120 | 143 | 1753 | निजी | टांड–I | 0.025 | जाकीर हुसैन पिता सकी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1749 | प्लौट नं0–1754 | प्लौट नं0–1752 | रास्ता |
| 121 | 34 | 1754/1 | निजी | खेत | 0.009 | अर्जुन यादव वगै0 पिता बद्री महतो ,निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1753 | प्लौट नं0–1758 | प्लौट नं0–1755 | रास्ता |
| 122 | 34 | 1754/2 | निजी | खेत | 0.009 | जरीना खातुन पति जाकिर हुसैन वो अनवर हुसैन पिता ______ निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1753 | प्लौट नं0–1758 | प्लौट नं0–1755 | रास्ता |
| 123 | 104 | 1759 | निजी | टांड–I | 0.016 | मो0 अकबर वगै0 पिता स्व0 मुस्तकिम मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1758 | प्लौट नं0–1760 | नीज | रास्ता |
| 124 | 104 | 1760 | निजी | टांड–I | 0.01 | मुस्तकिम मियाँ पिता हमीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1759 | प्लौट नं0–1761 | नीज | रास्ता |
| 125 | 87 | 1761 | निजी | टांड–I | 0.028 | अब्दुल रसीद पिता स्व0 पीरमोहम्मद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1760 | प्लौट नं0–1762 | नीज | रास्ता |
| 126 | 185 | 1921 | निजी | मकान | 0.003 | शिक्षा विभाग (मध्य विद्यालय) | प्लौट नं0–1723 | प्लौट नं0–1726 | प्लौट नं0–1723 | नीज |
| 127 | 82 | 1926 | निजी | टांड–II | 0.085 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1523 | प्लौट नं0–1559 | रास्ता | नीज |
| 128 | 82 | 1959 | निजी | परती कदीम | 0.054 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1526 | प्लौट नं0–1560 | रास्ता | नीज |
| 129 | 75 | 1960 | निजी | खेत | 0.024 | आदित्य सोनार वगै0 पिता स्व0 लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1559 | प्लौट नं0–2165 | रास्ता | नीज |
| 130 | 82 | 1961 | निजी | परती कदीम | 0.008 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1962 | प्लौट नं0–2164 | नीज | रास्ता |
| 131 | 82 | 1962 | निजी | धानखेत–III | 0.001 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1989 | प्लौट नं0–1961 | प्लौट नं0–1962 | प्लौट नं0–1963 |
| 132 | 82 | 1963 | निजी | टांड–III | 0.052 | धनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विशुन सोनार निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1964 | प्लौट नं0–1962 | नीज | रास्ता |
| 133 | 124 | 1964 | निजी | खेत | 0.075 | राजकुमार पासवान वगै0 पिता धमन राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1965 | प्लौट नं0–1963 | नीज | रास्ता |
| 134 | 158 | 1965 | निजी | खेत | 0.023 | सुखदेव राणा वगै0 पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1966 | प्लौट नं0–1964 | नीज | रास्ता |
| 135 | 157 | 1966 | निजी | खेत | 0.017 | सुखदेव राणा वगै0 पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1967 | प्लौट नं0–1965 | नीज | रास्ता |
| 136 | 22 | 1967 | निजी | खेत | 0.001 | सुरेश राणा वगै0 पिता हरिहर राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1522 | प्लौट नं0–1966 | नीज | रास्ता |
| 137 | 4 | 2021 | निजी | परती कदीम | 0.049 | कनी मियाँ वगै0 पिता रूपन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | सीमाना... | प्लौट नं0–2023 | रास्ता | नीज |
| 138 | 38 | 2022 | निजी | खेत | 0.021 | पारो मियाँ पिता__________ निवासी नीज ग्राम | सीमाना... | प्लौट नं0–2023 | नीज | रास्ता |
| 139 | 157 | 2023 | निजी | परती कदीम | 0.036 | युगल महतो वगै0 पिता स्व0 फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2022 | प्लौट नं0–2024 | प्लौट नं0–2023 | रास्ता |
| 140 | 76 | 2024 | निजी | खेत | 0.084 | रामकुमार मेहता पिता स्व0 मुलचन्द मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2023 | प्लौट नं0–2033 | प्लौट नं0–2026 | प्लौट नं0–2021 |
| 141 | 101 | 2033 | निजी | धानखेत–II | 0.517 | महेन्द किशोर मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट नं0–2024 | प्लौट नं0–2035 | नीज | नीज |
| 142 | 133 | 2034 | निजी | परती कदीम | 0.035 | चन्द्रशेखर यादव वगै0 पिता स्व0 उदयनाथ यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2032 | प्लौट नं0–2040 | नीज | रास्ता |
| 143 | 101 | 2037 | निजी | धानखेत–II | 0.16 | महेन्द किशोर मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट नं0–2035 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 144 | 153 | 2038 | निजी | टांड–I | 0.034 | युगल महतो वगै0 पिता स्व0 फुलचन महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2041 | प्लौट नं0–2037 |
| 145 | 152 | 2040 | निजी | टांड–II | 0.374 | अयोध्या प्रसाद मेहता वगै0 पिता रामेश्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2034 | चादर नं0–05 | सीमाना... | प्लौट नं0–3038 |
| 146 | 154 | 2041 | निजी | टांड–I | 0.285 | जयकिशोर महतो वगै0 पिता स्व0 हरिहर महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | नीज | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 147 | 47 | 2095/1 | निजी | खेत | 0.032 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व0 जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2101 | रास्ता |
| 148 | 47 | 2095/2 | निजी | खेत | 0.032 | बंगाली महतो वगै0 पिता स्व0 महावीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2101 | रास्ता |
| 149 | 47 | 2095/3 | निजी | खेत | 0.03 | लखन यादव पिता स्व0 जयलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2101 | रास्ता |
| 150 | 75 | 2101/1 | निजी | टांड–II | 0.081 | आदित्य सोनार वगै0 पिता स्व0 लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2042 | प्लौट नं0–2095 |
| 151 | 75 | 2101/2 | निजी | टांड–II | 0.081 | मिन्हाज हुसैन पिता पारो मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2042 | प्लौट नं0–2095 |
| 152 | 95 | 2104 | निजी | टांड–II | 0.119 | मुस्लिम मियाँ पिता करमली मियाँ वो धनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2103 | प्लौट नं0–2105 |
| 153 | 86 | 2105/1 | निजी | टांड–II | 0.04 | बीबी सैरून निशा पति मो0 दिलावर हुसैन, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2104 | प्लौट नं0–2106 |
| 154 | 86 | 2105/2 | निजी | टांड–II | 0.04 | समुनाथ यादव पिता छत्रधारी यादव वो मुस्लिम मियाँ वगै0 पिता करमली मियाँ वो रामकिशोर सोनी वो राजेन्द्र सोनी पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2104 | प्लौट नं0–2106 |
| 155 | 86 | 2105/3 | निजी | टांड–II | 0.036 | रामकिशोर सोनी वो राजेन्द सोनी पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2104 | प्लौट नं0–2106 |
| 156 | 62 | 2106 | निजी | धानखेत–II | 0.102 | बीबी सैरून निशा पति मो0 दिलावर हुसैन वो मो0 कर्शीदा ,खातुन पति स्व0 रहमत हुसैन वो मो0 वाहिदा खातुन पति स्व0 रजबली मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2105 | प्लौट नं0–2107 |
| 157 | 62 | 2107 | निजी | टांड–II | 0.076 | अशोक सोनी वगै0 पिता लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2106 | प्लौट नं0–2108 |
| 158 | 75 | 2108 | निजी | धानखेत–I | 0.097 | झमन साव पिता टनक साव, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2109 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 159 | 86 | 2109/1 | निजी | धानखेत–III | 0.04 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2112 | प्लौट नं0–2108 | नीज | रास्ता |
| 160 | 86 | 2109/2 | निजी | धानखेत–III | 0.035 | रामकिशोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2112 | प्लौट नं0–2108 | नीज | रास्ता |
| 161 | 86 | 2110 | निजी | टांड–II | 0.008 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी वो रामकिशोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दशरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–2357 | प्लौट नं0–2358 | रास्ता |
| 162 | 85 | 2112 | निजी | धानखेत–III | 0.025 | सुफिया खातुन पति मो0 कैशर अंसारी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2114 | प्लौट नं0–2109 | नीज | रास्ता |
| 163 | | 2114 | निजी | धानखेत–I | 0.012 | लुरकी सोनार वगै0 पिता स्व0 मंगु सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2115 | प्लौट नं0–2112 | नीज | रास्ता |
| 164 | 75 | 2115 | निजी | धानखेत–III | 0.009 | दिनेशर मेहता पिता _________ निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2116 | प्लौट नं0–2114 | नीज | रास्ता |
| 165 | 95 | 2116 | निजी | धानखेत–III | 0.022 | महेश सोनी वगै0 पिता प्रमेश्वर सोनी वो किशुन राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2118 | प्लौट नं0–2115 | नीज | रास्ता |
| 166 | 61 | 2118 | निजी | धानखेत–III | 0.011 | छटु यादव वगै0 पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2119 | प्लौट नं0–2116 | नीज | रास्ता |
| 167 | 62 | 2119 | निजी | धानखेत–III | 0.015 | छटु यादव वगै0 पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2120 | प्लौट नं0–2118 | नीज | रास्ता |
| 168 | 75 | 2122 | निजी | परती कदीम | 0.038 | दिनेश्वर मेहता पिता _________ निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट नं0–2125 | प्लौट नं0–2119 | प्लौट नं0–2121 | रास्ता |
| 169 | | 2125 | निजी | धानखेत–II | 0.057 | प्लौट 2125 का रैयत | प्लौट नं0–2164 | रास्ता | प्लौट नं0–2154 | प्लौट नं0–2124 |
| 170 | 86 | 2164/1 | निजी | टांड–III | 0.032 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी वो रामकिशोरी सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1961 | प्लौट नं0–2125 | नीज | रास्ता |
| 171 | 86 | 2164/2 | निजी | टांड–III | 0.013 | अनु साव पिता स्व0 मेघन साव, निवासी ग्राम कंचनपुर जेलमा | प्लौट नं0–1961 | प्लौट नं0–2125 | नीज | रास्ता |
| 172 | 86 | 2164/3 | निजी | टांड–III | 0.022 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1961 | प्लौट नं0–2125 | प्लौट नं0–1989 | रास्ता |
| 173 | 86 | 2165 | निजी | टांड–III | 0.022 | रामकिशोर सोनी पिता स्व0 लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वो लक्ष्मण सोनी पिता भीखन सोनी वो मो0 यशोदा पति दशरथ राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–1960 | प्लौट नं0–2166 | रास्ता | नीज |
| 174 | 82 | 2166 | निजी | टांड–III | 0.051 | धनु सोनार पिता स्व0 शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता स्व0 विशुन सोनार वो मोती सोनार पिता स्व0 हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2165 | प्लौट नं0–2182 | रास्ता | नीज |
| 175 | 95 | 2181 | निजी | टांड–III | 0.002 | धनु सोनार पिता स्व0 शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2166 | प्लौट नं0–2182 | रास्ता | नीज |
| 176 | 150 | 2185 | निजी | टांड–II | 0.009 | प्लौट नं0–2185 का रैयत | प्लौट नं0–2184 | प्लौट नं0–2187 | रास्ता | नीज |
| 177 | 61 | 2187 | निजी | धानखेत–I | 0.009 | महेश सोनी वगै0 पिता स्व0 प्रमेश्वर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2185 | प्लौट नं0–2188 | रास्ता | नीज |
| 178 | 62 | 2188 | निजी | धानखेत–III | 0.008 | अशोक सोनी वगै0 पिता स्व0 लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2187 | प्लौट नं0–2189 | रास्ता | नीज |
| 179 | 86 | 2189 | निजी | धानखेत–III | 0.008 | रामकिशोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–2188 | प्लौट नं0–2190 | रास्ता | नीज |
| 180 | 95 | 2190 | निजी | धानखेत–II | 0.003 | अवध मेहता वगै0 पिता स्व0 लालजी महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट नं0–2189 | प्लौट नं0–2191 | रास्ता | नीज |
| 181 | 31 | 2358 | निजी | खेत | 0.002 | शम्भु यादव वगै0 पिता स्व0 छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2361 | प्लौट नं0–2357 |
| 182 | 108 | 2906/1 | निजी | खेत | 0.01 | मोमताज मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–2907 | प्लौट नं0–2910 | प्लौट नं0–2904 |
| 183 | 108 | 2906/2 | निजी | खेत | 0.01 | समसुदीन मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2907 | प्लौट नं0–2905 |
| 184 | 44 | 2910/1 | निजी | खेत | 0.007 | मोहम्मद सरफुदीन मियाँ पिता ईसाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2911 | प्लौट नं0–2909 |
| 185 | 44 | 2910/2 | निजी | खेत | 0.007 | मिनहाज मियाँ पिता स्व0 उसमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2911 | प्लौट नं0–2909 |
| 186 | 44 | 2910/3 | निजी | खेत | 0.007 | सजसुदीन मियाँ पिता रजाक मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट नं0–2911 | प्लौट नं0–2909 |
| 187 | 47 | 2974 | निजी | मकान | 0.048 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व0 जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 188 | 60 | 2976 | निजी | खेत | 0.017 | शिवमंदिर | प्लौट नं0–2990 | प्लौट नं0–2977 | रास्ता | नीज |
| 189 | 101 | 2977 | निजी | खेत | 0.04 | महेन्द किशोर मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–2976 | रास्ता |
| 190 | 31 | 2984/1 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | फुलो महतो वगै0 पिता बुलाकी महतो वो राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 191 | 31 | 2984/2 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | अर्जुन यादव वगै0 पिता स्व0 बद्री यादव, निवासी नीज ग्राम | फुलो महतो | रामस्वरूप यादव | रास्ता | रास्ता |
| 192 | 31 | 2984/3 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | रामस्वरूप यादव वगै0 पिता स्व0 यादव महतो, निवासी नीज ग्राम | अर्जुन यादव | बासदेव यादव | रास्ता | रास्ता |
| 193 | 31 | 2984/4 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | बासुदेव यादव वो राजेन्द्र यादव पिता लालकिशुन यादव, निवासी नीज ग्राम | रामस्वरूप यादव | केदार यादव | रास्ता | रास्ता |
| 194 | 31 | 2984/5 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | केदार यादव वो उमेश यादव पिता स्व0 बाबुलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | बासदेव यादव | राजेन्द्र प्रसाद यादव | रास्ता | रास्ता |
| 195 | 31 | 2984/6 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव वो यादव महतो वगै0 पिता फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | केदार यादव | देवाली यादव | रास्ता | रास्ता |
| 196 | 31 | 2984/7 | निजी | धानखेत–III | 0.027 | देवाली यादव वगै0 पिता स्व0 प्रयाग महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लुकेश्वर यादव | रास्ता | रास्ता |
| 197 | 71 | 2992/1 | निजी | खेत | 0.006 | लुकेश्वर यादव वो मोती यादव पिता बढ़हन महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | देवाली यादव | सतनारायण यादव |
| 198 | 71 | 2992/2 | निजी | | 0.005 | सतनारायण यादव पिता सोहन यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | लुकेश्वर यादव | कैलाश यादव |
| 199 | 71 | 2992/3 | निजी | खेत | 0.005 | कैलाश यादव पिता दुलार महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | सतनारायण यादव | भोला यादव |
| 200 | 71 | 2992/4 | निजी | खेत | 0.005 | भोला यादव पिता बसंत यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | कैलाश यादव | बुधन राम |
| 201 | 151 | 3005/1 | निजी | टांड–I | 0.021 | बुधन राम पिता स्व0 तिलो राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सुलेमान मियाँ |
| 202 | 151 | 3005/2 | निजी | टांड–I | 0.021 | बसंत नारायण राम वो रामनारायण राम पिता स्व0 मौली राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बुधन राम | सुलेमान मियाँ |
| 203 | 98 | 3006/1 | निजी | टांड–I | 0.015 | सुलेमान मियाँ पिता जमरूदीन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सकिला खातुन |
| 204 | 98 | 3006/2 | निजी | टांड–I | 0.015 | सकीला खातुन पिता सुलेमान मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | सुलेमान मियाँ | रास्ता |
| 205 | 141 | 3007 | निजी | टांड–I | 0.003 | काशी महतो वगै0 पिता स्व0 हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 206 | 31 | 3008 | निजी | मकान सहन | 0.002 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेश यादव वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 207 | 31 | 3009 | निजी | टांड–I | 0.029 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेश यादव वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 208 | 31 | 3020 | निजी | टांड–II | 0.02 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 209 | 98 | 3021 | निजी | टांड–II | 0.001 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव, निवासी नीज ग्राम | केदार महतो | राजेन्द्र प्रसाद यादव | नीज | रास्ता |
| 210 | 135 | 3023 | निजी | टांड–II | 0.09 | केदार महतो वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 211 | 135 | 3024 | निजी | टांड–II | 0.02 | गणेश यादव वो केदार महतो वो उमेश यादव पिता स्व0 बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 212 | 135 | 3025 | निजी | मकान सहन | 0.02 | गणेश यादव वो केदार महतो वो उमेश यादव पिता स्व0 बाबुलाल महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 213 | 98 | 3026 | निजी | टांड–II | 0.19 | शम्भुनाथ महतो पिता छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 214 | 60 | 3032 | निजी | धानखेत–II | 0.019 | अब्दुल बारिक पिता स्व0 बक्शी मियाँ, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–3029 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 215 | 120 | 3035 | निजी | टांड–II | 0.004 | प्लौट नं0–3035 का रैयत | प्लौट नं0–3033 | नीज | रास्ता | नीज |
| 216 | 120 | 3036 | निजी | मकान सहन | 0.01 | छकना यादव पिता महबीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लौट नं0–3035 |
| 217 | 60 | 3038 | निजी | खेत | 0.015 | सबीता देवी पति तिलेश्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट नं0–3039 | रास्ता | प्लौट नं0–3039 |
| 218 | 64 | 3039 | निजी | मकान | 0.008 | सबीता देवी पति तिलेश्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | सबिता देवी | प्लौट नं0–3041 | रास्ता | नीज |
| 219 | 144 | 3041 | निजी | टांड–III | 0.006 | मो0 राधा पति स्व0 लोधी राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–3039 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 220 | 11 | 3049 | निजी | खेत | 0.022 | प्रमेश्वर मिस्त्री वगै0 पिता जागो मिस्त्री निवासी नीज ग्राम | प्लौट नं0–3042 | मो0 फारूक वगै0 | रास्ता | नीज |
| 221 | 76 | 3050 | निजी | टांड–I | 0.102 | मो0 फारूक वगै0 पिता अब्दुल हमीद मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज |
| 222 | 31 | 3052 | निजी | टांड–I | 0.057 | मो0 पियास जोजे मन्टु राम वो रामकिशोर राम पिता प्रमेश्वर राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 223 | 14 | 3078 | निजी | धानखेत | 0.012 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | मो0 पियास | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 224 | 133 | 3080 | निजी | खेत | 0.004 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 225 | 133 | 3088 | निजी | मकान | 0.003 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियाँ, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | मो0 अयुब | नीज | रास्ता |
| 226 | 23 | 3089 | निजी | टांड–III | 0.015 | मोहम्मद आयुब पिता स्व0 दुखन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | मो0 सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 227 | 39 | 3125 | निजी | खेत | 0.023 | मो0 सरफुदीन वो मो0 नईम मियाँ पिता स्व0 दुखन मियाँ, जाति अंसारी, निवासी नीज ग्राम | मो0 अयुब | नीज | नीज | रास्ता |
| 228 | 57 | 3126/1 | निजी | धानखेत–III | 0.016 | खैरून निशा पति स्व0 मनीरूदीन मियाँ, निवासी नीज ग्राम | मो0 सरफुदीन | मो0 हासिम | नीज | रास्ता |
| 229 | 57 | 3126/2 | निजी | धानखेत–III | 0.016 | मो0 हासिम वगैरह पिता अजीम मियां निवासी नीज ग्राम | खैरून निशा | मो0 नईम | नीज | रास्ता |
| 230 | 57 | 3126/3 | निजी | धानखेत–III | 0.016 | मो0 नईम पिता स्व0 दुखन मियां निवासी नीज ग्राम | मो0 हासिम | मो0 सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 231 | 57 | 3126/4 | निजी | धानखेत–III | 0.017 | सरफुदीन अंसारी पिता स्व0 दुखन मियां निवासी नीज ग्राम | मो0 नईम | मो0 सलीम | नीज | रास्ता |
| 232 | 71 | 3127 | निजी | – | 0.027 | मो0 सलीम मियां पिता स्व0 नाजुम मिया निवासी नीज ग्राम | मो0 सरफुदीन | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 233 | 77 | 3150 | निजी | धानखेत–III | 0.06 | रौनक अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम मियां पिता दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 234 | 133 | 3151 | निजी | परती कदीम | 0.123 | चन्द्रशेखर यादव पिता उदय नाथ यादव वो नरेन्द यादव वो राकेश यादव पिता स्व0 रामलाल यादव वो चन्द्रदेव यादव पिता स्व0 उमर महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रौनक अंसारी | नीज | नीज |
| 235 | 156 | 3152/1 | निजी | परती कदीम | 0.074 | मो0 कुदुस वो मो0 नसरूदीन वो मो0 अक्तर पिता गुलाम हुसैन निवासी नीज ग्राम | रौनक अंसारी | मो0 इसराईल | नीज | नीज |
| 236 | 156 | 3152/2 | निजी | परती कदीम | 0.073 | मो0 इसराईल वो मुस्तकिम अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम अंसारी पिता स्व0 दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | मो0 कुदुस | सीमाना चिचरी | नीज | नीज |
| | | | | कुल | 6.816 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–

ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–46, जिला–हजारीबाग में कुल **6.816** एकड़ यानि **2.7595** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 352423 (Land Reforms) 25-26 (D)

# चीनी चाल

जब भारत ऑपरेशन सिंदूर में लगा था तब लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नयी दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा। दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No. JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !


पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों के विनाश और सैकड़ों आतंकियों की अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।

पाकिस्तान की सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी-बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिए हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिए गए होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा।





- डॉ आशिष

> एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रंप ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की हवा निकाल दी।

एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्किये और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा।

इसमें कोई दोराय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वादा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फ अवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिए हैं, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था। और उसे संघर्ष विराम मिल चुका है।

विश्व में पाकिस्तान की ही नहीं, अमेरिका की छवि धोखेबाज देश की है। विश्व भर में उसकी धोखेबाजी के किस्सों की लंबी सूची है।

और जहां तक बात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की है। जब भी दोनों देशों के बीच तनाव होगा, संघर्ष होगा, अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होगा। अमेरिका को भारत की जरूरत है, चीन पर नियंत्रण के लिए। जब तक ये जरूरत नहीं थी तब तक अमेरिका भारत का विरोध ही करता रहा। मेरा मानना है कि संघर्ष विराम की घोषणा करके भारत अपनी शराफत में मारा गया।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

देश में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**सेना** की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है।

यह वही मानसिकता है, जो तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में राष्ट्रभक्ति तक को बांटने का दुस्साहस करती है।

इस विकृत जातिवादी सोच को जनता फिर जवाब देगी।

**- आदित्यनाथ योगी**

# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

**सामयिक**

डॉ. आशीष वशिष्ठ

आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी-बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रंपच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि प्रधानमंत्री मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है।

ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने ना केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा।

पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है ।यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम संपूर्ण विश्व के समक्ष है।

# डेंगू से घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत

**हेल्थ**

(राष्ट्रीय डेंगू दिवस/16 मई /विशेष)

**श्वेता गोयल**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है। इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है।

डेंगू की बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, इसका अनुमान इसी लगाया जा सकता है कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है। बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि सालभर सामने आते रहते हैं। तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया। ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है।


यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

**इस भीषण गर्मी में राजधानी रांची के स्मार्ट सिटी धुर्वा स्थित जल आपूर्ति की पाईप फटने से हो रही पानी की बर्बादी।**

**तस्वीर- अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में शौर्य सम्मान यात्रा आज



रामगढ़ । रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहत ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार को 10 बजे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना और सभी सुरक्षा बलों के सम्मान में तिरंगा शौर्य समान यात्रा रामगढ़ में निकाली जाएगी । तिरंगा यात्रा रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर से आरम्भ होगा जो बिजुलिया, फुटबॉल ग्राउंड, सुभाष चौक होते हुए जैन मंदर के समीप पहुंचकर संपन्न होगा। मेहता की अध्यक्षता में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक जिला के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को वैष्णव देवी मंदिर रोड स्थित अनमोल सिंह के आवासीय कार्यालय में की गई। उन्होंने सभी को जवाबदेही तय करते हुए आमजनों के सहभागिता पर चर्चा की । सांसद , विधायक सहित सामाजिक संगठन , प्रबुद्ध लोगों व अन्य गणमान्य जनों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष ने रामगढ़ जिला के सभी सम्मानित जनता से भी तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल होने की अपील की है। बैठक में जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति , जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल व गौतम महतो मौजूद थे।

### धरती आबा उत्कर्ष अभियान शुरू



**रामगढ़।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन सहित अन्य योजनाओं का लाभ बिरहोर समूह के लोगों को देने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर पूरे रामगढ़ जिले में बिरहोर समूह के लोगों का सर्वे किया गया। सर्वे के तहत रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातु एवं छत्तरमांडू में 90, मांडू प्रखंड अंतर्गत सुगिया, मुरपा, गोविंदपुर, बालादोहर, दुरुकस्मार, चैनपुर में 601, गोला प्रखंड अंतर्गत साडम में 30, पतरातू प्रखंड अंतर्गत डाड़ीडीह एवं हेहल में 98, एवं दुलमी प्रखंड के भालू में 23 कुल 842 बिरहोर समूह के लोगों का सर्वे किया गया। सर्वे के उपरांत बिरहोर समूह के लोगों को सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

### कुजू में नरेश करमाली की महिला लापता



**कुजू।** कुजू निवासी नरेश करमाली ने मां की गुमशुदगी को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गत 11 मई की शाम करीब 6:30 बजे मां बाली देवी घर से निकल कर कही चली गयी। जो काफी देर तक वापस नही आने के बाद आस-पास व रिश्तेदारों में काफी खोजबीन किया, लेकिन उनका कुछ भी पता नही चला। नरेश करमाली ने पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

### लादी में कराटे प्रशिक्षण संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन के तत्वाधान में फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में चल रहे दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को संपन्न हुआ। महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर और आस्था सिंह ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कराटे तकनीकें सिखाईं। प्राचार्या रीता देवी ने जानकारी दी कि विद्यालय में कराटे प्रशिक्षण प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा के निर्देशानुसार सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 4 बजे से नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। शिविर को सफल बनाने में शिक्षिका रूपम कुमारी, बबीता देवी, सानिया फिरदौस, तनुजा परवीन, सुनैना कुमारी, सलूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, निकिता कुमारी, प्रियंका देवी और श्वेता कुमारी का विशेष योगदान रहा।

### जीएम कार्यालय में एसीसी की बैठक

**कुजू।** सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में एसीसी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा व संचालन एसओपी गिरिश चंद्र ने किया। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी ट्रेड यूनियन के सहयोग से तोपा, करमा, सारूबेड़ा व आरा परियोजना से 2025 के लिए मिले लक्ष्य को पूरा करना है। वहीं बंद पुंडी, पिंडरा कोलियरी को जल्द ही चालू करने के लिए सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने तोपा पीट ऑफिस तक पीसीसी पथ निर्माण कराने, कोयला चोरी पर अंकुश लगाने, कुजू सीसीएल रेलवे साइडिंग से प्रतिदिन दो ट्रक हो रहे कोयला चोरी पर संज्ञान में लेते हुए जल्द कार्रवाई करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। मौके पर तोपा पीओ मनोज कुमार सिंह, एसओ माइनिंग एके सिंह, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, पर्सनल ऑफिसर प्रताप रंजन, भूषण यादव, बीसीकेयू क्षेत्रीय सचिव श्याम सिंह, वाहिद अंसारी आदि मौजूद थे।

### नागरिक मंच का एसपी से सुरक्षा की गुहार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वरिष्ठ नागरिक मंच ने भुरकुंडा में बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता जताई है। मंच के अध्यक्ष अशेक सिंह चौहान ने गुरूवार को कहा कि पिछले 10-12 दिनो में थाना क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिको के घरो में चोरो और उच्चकों द्वारा चोरी और छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे वरिष्ठ नागरिको की सुरक्षा चिंता का विषय बन गया है। उन्होने एसपी से वरिष्ठ नागरिको की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होने बताया कि 2 मई को चोरो ने रीवर साईड पुराना थाना कॉलोनी में रवि वर्मा, 10 मई को एमएम झा और रविंद्र राम के आवास का ताला तोड़कर नगदी, सोने चांदी के गहने, कीमती कपडे सहित हजारो रूपयों के समानों की चोरी कर ली। इसके बाद 14 मई को दिन दहाडे.दोपहर करीब साढे तीन बजे भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा गांव निवासी वृद्धा शांति देवी बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रूपया निकालकर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में पटेलनगर शिव मंदिर के समीप से बाईक सवार उच्चकों ने 50 हजार रुपए की छिनतई कर फरार हो गये। इसके अलावे 14 मई की रात्रि चोरो ने जवाहरनगर पंचायत के हुरूमगढ़ा स्थित पीएचडी के पानी टंकी से हजारो रूपयों के पार्ट्स की चोरी कर ली।

## हजारीबाग में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

# जो भारत से टकराएगा, चूर चूर हो जायेगा : जायसवाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भारतीय सेना की सफलता के जश्न में हजारीबाग में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद भाजपा जिला इकाई ने गुरुवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता और सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरूआत बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण से हुई और यह अन्नदा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, झंडा चौक, भगत सिंह चौक, काली बड़ी चौक, बंशीलाल चौक होते हुए पुनः बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंची। वहां आयोजित सभा में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र कुमार राय, बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान हमेशा आतंकवाद का समर्थन करता है, लेकिन हमारी सेना ने उसे मुंहतोड़ जवाब देकर दिखा दिया कि हमें छेड़ने की कोशिश की तो हम छोड़ेंगे नहीं।

जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य का परिचायक है। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया और उसके एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। इससे भारत ने विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर कोई हमें आंख दिखाएगा, तो उसे मिटा दिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाथों में तख्तियां और तिरंगे लहराते हुए पाकिस्तान विरोधी और सेना के समर्थन में नारे लगाए। जो हिंदुस्तान से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा। जैसे नारों से पूरा हजारीबाग गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा, सुरेश चंद्रवंशी, रेणुका साहू, आनंद देव, दामोदर सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से देशभर में देशभक्ति की भावना जागी है और जनता को सेना के पराक्रम पर गर्व है। अंत में, भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सामरिक ताकत को नए सिरे से स्थापित किया है। सभा में विधायकों और अन्य नेताओं ने भी सेना के पराक्रम को सलाम किया और लोगों से देश की सुरक्षा में सेना का सहयोग करने का आह्वान किया।

# कटकमदाग में डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड में डीडीसी इश्तियाक अहमद ने बेस पंचायत और कुशुम्भा पंचायत में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना 'अबुआ आवास' और मनरेगा के तहत चल रहे कूप निर्माण और आम बागवानी परियोजनाओं का जायजा लिया। इश्तियाक अहमद ने बताया कि आम बागवानी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल किसानों और आमजन को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसके बाद, उप विकास आयुक्त ने कटकमदाग प्रखंड मुख्यालय के कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद, बीपीओ एकराम हसन, आवास कोर्डिनेटर अली रजक खान, मनरेगा प्रभात रंजन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम और जेई नितेश रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अहमद ने कहा कि सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाई जाए और इसे समय पर पूरा किया जाए।

### डीसी ने की एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को कार्यालय में एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चट्टीबरियातू, केरेडारी, बादम और पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रांसपोर्टिंग सड़क, ओबी डंप, जीएम लैंड, मकान सत्यापन, पेमेंट और स्टेटमेंट 6 के मामलों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने बादम प्रोजेक्ट से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। बिरहोर परिवारों की स्थिति पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने एनटीपीसी अधिकारियों को उनके हर सुख-सुविधा का ख्याल रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवारों के लिए बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

## मंदिर की जमीन पर कब्जा रोके प्रशासनः दीपक मिश्रा



**रामगढ़।** जिले के ग्राम-कुन्दरू कलां स्थित शिवालय मंदिर, बनस खुटा टांड के जमीन पर एक समुदाय द्वारा अवैध निर्माण कार्य शुरू किये जाने की बात सामने आ रही है। जिसके खिलाफ स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त रामगढ़ सहित अन्य सक्षम पदाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने ग्रामीणों द्वारा प्रेषित पत्र के हवाले से बताया की उक्त जमीन का खाता नं0-58, प्लाट नं0-524 रकबा 1.06 एक्कड़ है। जिसमें करीब 10 डी0 में घर का निर्माण किया गया है। उक्त जमीन में प्रसाशनिक हस्तक्षेप से 10 डी० छोड़ा गया और शेष 96 डी० बचा हुआ है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों के द्वारा अवैध निर्माण करते हुए पुनः कबजा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से इसमें नामजद व्यतियों क्रमशः 1.नाम-हारूण वारसी, पिता-जाहीद हुसैन, 2.समसुल हक, पिता-हबीब अंसारी, 3.असीबुल अंसारी (हिरू अंसारी) पिता-हबीब अंसारी, 4.जियायुल अंसारी, पिता-हबीब अंसारी, 5.साकीर अंसारी, पिता-जाहीद अंसारी के खिलाफ उचित कार्यवाही करते हुए मंदिर की जमीन को आजाद करने की गुहार लगाई है।

## आस्था और विश्वास का प्रतीक है मंडा : ममता



**रजरप्पा।** गुरुवार को कुंदरूकलां पंचायत के शिव मंदिर परिसर में शिव उपासना का पर्व मंडा धूमधाम से मनाया गया। मंडा पूजा भगवान शिव की पूजा अर्चना कर उनकी आराधना की। अहले सुबह शिव भक्तों ने नंगे पांव अग्नि में चलकर अपनी भक्ति परिचय दिया। विधायक ममता देवी ने छउ नृत्य का उदघाटन किया। विधायक ने कहा कि मंडा पूजा आस्था और विश्वास का प्रतीक है। छऊ नृत्य की टीम ने आकर्षक नृत्य पेश किया, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध गए. इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया जहां खान-पान के सामानों की दुकाने, बच्चों के खिलोना इत्यादि के दुकान लगाए गए थे। इससे पूर्व अथिति का स्वागत ग्रामीणों द्वारा माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। मौके पर पूजा समिति के मुख्य संरक्षक हीरालाल महतो सहित खेमन महतो, निरंजन बेदिया, सुनील मेहता, विजय केसरी, शैलेन्द्र महतो, बिनोद करमाली, रामू महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## क्वांट स्टडी सर्कल के तीन छात्रों का बिहार पुलिस में चयन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित क्वांट स्टडी सर्कल कोचिंग संस्थान के होनहार छात्रों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इस संस्थान के तीन विद्यार्थियों ने बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल अपने माता-पिता का सपना साकार किया, बल्कि संस्था एवं क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। छात्रों की सफलता पर गुरुवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में निदेशक वसीम अकरम ने सफल छात्र विवेक राज, सूरज कुमार व अमरजीत रजक को उपहार देकर बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की मेहनत और समर्पण रंग लाया है। हमारा प्रयास हमेशा यह रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्ता पूर्ण मार्गदर्शन मिले और वे अपने लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल इन छात्रों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। निदेशक वसीम अकरम ने बताया कि पटेलनगर भुरकुंडा निवासी अजय कुमार एवं अनीता देवी के पुत्र सह संस्था का छात्र विवेक राज और गांधीनगर भुरकुंडा निवासी अजय रजक एवं पार्वती देवी के पुत्र अमरजीत रजक का चयन बिहार पुलिस जिला बल कांस्टेबल के पद पर हुआ है। वहीं कोल कंपनी भदानीनगर निवासी तिलकधारी प्रसाद एवं दुर्गावती देवी के पुत्र सूरज कुमार का चयन बिहार पुलिस सीआईडी पटना में कांस्टेबल पद पर हुआ है। निदेशक वसीम अकरम ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी संस्थान के पांच विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है, जो की कोयलांचल भुरकुंडा के लिए गौरव की बात है।

### कुमार क्लासेस छात्रों ने 10वीं में मारी बाजी

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान कुमार क्लासेस के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न केवल संस्थान बल्कि अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इस बार की परीक्षा में जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी बैजनाथ यादव की पुत्री अनामिका कुमारी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग की टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं उनके भाई अंकुश राय ने 90 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि गांधीनगर भुरकुंडा के अनीश गुप्ता 83 प्रतिशत, रौनक जायसवाल 81 प्रतिशत, अनुष्का 78 प्रतिशत और राजलक्ष्मी पाठक 62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

## एक नजर में

### अहीर रेजिमेंट को ले रथ यात्रा 18 को पहुंचेगी बरही



बरही। अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर देशभर में निकाली जा रही रथ यात्रा 18 मई को बरही पहुंचेगी। समाज के प्रबुद्धजनों ने बरही विधायक आवास पर हुई। बैठक में बरही विधायक मनोज यादव, हजारीबाग जिला संयोजक अनिता यादव, मनीष यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 मई को शाम 4 बजे इटखोरी मोड़ पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रथ यात्रा चौपारण होते हुए बरही पहुंचेगी, जहां शाम 7 बजे यादव धर्मशाला में एक विशाल सभा होगी। विधायक मनोज यादव ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला के युद्ध में 114 अहीर सैनिकों ने वीरगति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट की मांग समाज के स्वाभिमान और वीर सैनिकों के बलिदान का सम्मान है। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और मनोहर यादव ने भी समाज के लोगों से एकजुट होकर इस मांग को मजबूत करने की अपील की।

### बिजली चोरी के आरोप में 9 लोगों पर प्राथमिकी

बरही: बिजली विभाग ने छापामारी अभियान चलाया। अभियान में बरही के तिलैया बस्ती, महुआटांड़ और बेला गांव के 9 लोगों को पोल से टोका फंसाकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। तिलैया बस्ती के बीरेंद्र यादव, दीपक यादव, मथुरा यादव, महुआटांड़ के महावीर सिंह, बंगाली सिंह, लेवल सिंह बेला गांव के अनिल कुमार और गौतम कुमार सभी 9 लोगों पर 13110 रुपये का क्षतिपूर्ति दंड लगाते हुए बरही थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

### जवाहर घाट में गिरी बोलेरो, दो की मौत

बरही। बुधवार सुबह बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट में बोलेरो संख्या 24बीएच7398 गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान झुमरी तिलैया निवासी राजेंद्र स्वर्णकार के पुत्र राहुल स्वर्णकार एवं दिलीप चंद्रवंशी के पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई है। सौरभ कुमार और संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राहुल स्वर्णकार अपने दोस्तों आशीष कुमार, सौरभ और संदीप कुमार के साथ बीती रात कोडरमा से एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। राहुल स्वर्णकार अपने सभी दोस्तों के साथ कोडरमा लौट रहे थे, तभी बोलेरो अनियंत्रित होकर जवाहर घाट में गिर गई। हादसे में घायल सौरभ और संदीप किसी तरह बोलेरो का शीशा तोड़कर पानी से बाहर निकल आए। जबकि राहुल और आशीष की मौत हो गई। हालांकि राहुल का शव सुबह में ही निकाल लिया गया था जबकि आशीष का शव गोताखोरों द्वारा काफी खोजबीन के बाद चार बजे निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं बरही थाना प्रभारी आभास कुमार मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से उक्त वाहन को डैम से बाहर निकाला।

### बरही में सभी मतदान केंद्रों पर लगा शिविर

**बरही।** सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर गुरुवार को प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने, मृतक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने या पता स्थानांतरित करने, प्रविष्टि में नाम व पता में सुधार के लिए बीएलओ द्वारा आवेदन भराया गया। इसी क्रम में मानवाधिकार परिषद बरही प्रखंड अध्यक्ष रिजवान अली ने मतदान केंद्र संख्या 324 से 331 तक उपस्थित होकर आवेदकों व बीएलओ को आवेदन भरने में मदद की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर 30 मई, 14 जून, 25 जून, 15 जुलाई व 30 जुलाई को पुन: सभी मतदान केंद्रों पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। मौके पर बीएलओ रेणु देवी, अनिता केशरी, नगमा प्रवीण, साजिया खातून, गुलशन जहां, सहनी बेगम, संयुक्ता सिन्हा, कांति देवी व आवेदक मौजूद थे।

### सनराइज पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी



दारू। पेटो में संचालित सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में एक बार फिर से अपनी प्रतिभा और परिश्रम का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल, शिक्षक और अभिभावकों का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। कक्षा 10वीं में रोशन कुमार ने 93.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मण कुमार ने 93.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पाया। स्वीटी गुप्ता (92%), अंशिका कुमारी (91.2%), और साहेब सवार (90.4%) ने भी 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया। अन्य उल्लेखनीय छात्र: रवि कुमार (83.6%), वर्षा कुमारी (72.8%), और अमित कुमार राउत (72.6%)।

### दारु की अनुष्का बनीं कॉमर्स में दूसरी टॉपर



**दारु।** हौसले अगर बुलंद हो तो किसी भी मंजिल को पाना आसान होता है, इस कहावत का सही चरितार्थ कर दिखाया दारु निवासी अनुष्का वर्मा ने। अनुष्का ने बारहवी की परीक्षा मे कॉमर्स मे 95 प्रतिशत नम्बर लाकर पूरे हजारीबाग जिला मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस बारे मे छात्रा के उसके शिक्षक पिता गौतम कुमार वर्मा ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई मे काफी अच्छी रही उसकी प्रारंभिक पढ़ाई पहली से दसवीं तक केंद्रीय विद्यालय मेरु मे हुई जहाँ वह हमेशा टॉप करती रही। मैट्रिक कि परीक्षा के बाद उसने संत स्टिफेन्स +2 स्कूल मे अपना नामांकन करवाया। इस विद्यालय के प्रिंसपल और सभी शिक्षकों का उसकी पढ़ाई मे विशेष योगदान रहा। मनीष सिंहा सर का उसके परीक्षा के परिणाम को बेहतर बनाने मे काफी योगदान रहा। अनुष्का अपने जीवन मे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है । वह अपने घर मे दो बहन और एक भाई मे जिसमे वह सबसे बड़ी है , उसकी माँ एक सफल गृहणी है और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने मे उनका भरपुर योगदान रहा। जिला की दूसरी टॉपर बनने पर उसके घर परिवार और पूरे क्षेत्र मे खुशी की लहर है। जनप्रधिनिधि और ग्रामीणों ने बिटिया की सफलता पर बधाई देते हुए 0उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्र को झूठे केस में फंसाने का आरोप

केरेडारी। पगार ओपी थाना प्रभारी विक्की ठाकुर पर यूपीएससी की तैयारी में जुटे छात्र शारदानंद कुमार को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने का गंभीर आरोप लगा है। शारदानंद के पिता मूलचंद साव ने कोयला खनन कंपनी के खिलाफ थाने में आवेदन देने का प्रयास किया था, जिसे थाना प्रभारी ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद मूलचंद ने ऑनलाइन शिकायत की, जिससे थाना प्रभारी भड़क गए और छात्र पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर सांसद मनीष जायसवाल पीड़ित परिवार संग डीआईजी संजीव कुमार से मिलने पहुंचे और जांच की मांग की। सांसद ने कहा कि 12 मई को थाने में शारदानंद और पुलिस के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोप लगाया कि शारदानंद ने थाना प्रभारी के साथ बदसलूकी की और थाने के कागजात फेंके। सांसद ने सवाल उठाया कि एक साधारण छात्र पुलिस थाने में घुसकर ऐसा कैसे कर सकता है और उसे वहां से जाने कैसे दिया गया। सांसद ने पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की और कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से एक छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

# सीआइएसएफ की बड़ी कार्रवाई: तीन टन अवैध कोयला बरामद, कोयला चोर फरार

## कोयला सहित अन्य अवैध कारोबार सफेदपोश नेता व प्रसासन का गठबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया डकरा रेलवे साइडिंग में सीआईएसएफ ने कोयला चोरों के ऊपर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तन कोयला व छः मोटरसाइकिल को जप्त किया। जानकारी के अनुसार खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीआईएसएफ के द्वारा औचक छापामारी अभियान चलाया। इस छापामारी से कोयला चोरों में दहशत फैल गया।

सीआईएसएफ ने कोयला माफियाओ के जमा किये गए लगभग तीन टन कोयला को जप्त किया। साथ ही चोरी के लिए उपयोग में लाई जा रही छह मोटरसाइकिलों को भी बरामद किया गया है। जिसके बाद सीआईएसएफ ने जांच पड़ताल कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए खलारी थाना को जप्त मोटरसाइकिल को सुपुर्द किया गया। सीआईएसएफ के संयुक्त अभियान में इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे, इंस्पेक्टर राजेश कुमार सरोज, हेड कांस्टेबल सूरज कुमार ठाकुर, कांस्टेबल वेलमुरूगन डी और सीसीएल सुरक्षा गार्ड बिरजू सहित क्यूआरटी टीम व जवान शामिल थे।सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से कोयला तस्करी के खिलाफ एक सख्त संदेश गया है। बताना चाहते है कि डकरा क्षेत्र में लंबे समय से कोयला तस्करी जारी है। इस कोयला तस्करी में क्षेत्र के नामी गिरामी सफेदपोश नेता के मिलीभगत से संचालित किया जा रहा है।

बताया जाता है कि कोयलंचलन क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध कार्य किया जा रहा है। जिसमें डायरेक्ट विधायक के धौस दिखा कर खुलेआम किया जा रहा है। इस अवैध कार्य में जो भी प्रसासन के व्यक्ति अड़े आते है उसे सीधे पुलिस लाइन या ट्रांसफर करने की हिदायत दिया जाता है।

# मोरो जंगल में जंगली हाथी के आने से गांव में दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के मोरो जंगल में एक जंगली हाथी के आने से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक हाथी बुधवार की रात कुल्ली जंगल से निकलकर पोखरा टोली होते हुए मोरो जगल पहुंचा, इस दौरान हाथी अनोज महतो गब्बर के खेतों में लगे फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। हाथी देखने के लिए ग्रामीणों कि भीड़ लगी रही। सूचना पर वन विभाग के प्रभारी वनपाल राहुल महली हाथी भगाओ दल के साथ मोरो जंगल पहुंचे और ग्रामीणों को हाथी को छेड़ने से मना करते दिखे। शाम करीब 4:30 बजे हाथी मोरो जंगल से निकल कर सियार टोली के समीप पहुंचा। इस दौरान वन विभाग के लोग हाथी को गांव में घुसने से रोके और मोरो पोखरा टोली स्थित जंगल के तरफ खदेड़ दिया। वन अधिकारियों के मना करने के बावजूद ग्रामीण हाथी को करीब से देखने के लिए घंटो जमे रहे। वन विभाग की टीम व इटकी पुलिस



मोरो जंगल के समीप खेत मे जंगली हाथी।

जंगल के समीप जाने से लोगो को रोके रखा और लोगों को जंगली हाथी को छेड़ छाड़ करने से मना करते रहे। शाम करीब साढ़े छह बजे वन विभाग के हाथी भगाओ टीम बम पटाखे, मशाल लेकर पहुंची और जंगली हाथी पुनः मोरो जंगल मे खदेड़ दिया। प्रभारी वनपाल राहुल महली, वन रक्षी आनंद भगत, विकास कुमार सिंह, वन अध्यक्ष कौसर अंसारी व होमगार्ड के जवान हाथी भगाने को लेकर गुरुवार दिन भर डटे रहे। समाचार लिखे जाने तक हाथी भगाओ टीम द्वारा जंगली हाथी को सुरक्षित दिशा में भगाने के प्रयास में जुटी थी।

स्पीड न्यूज

### महावीर मंदिर का 8वां वर्षगांठ मना



**इटकी।** इटकी के तरगड़ी गांव स्थित महावीर मंदिर का गुरुवार को 8वां वर्षगांठ मनाया गया। मौके पर महावीर मंडल तरगड़ी के नेतृत्व में 201 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। वहीं पूजा अर्चना के बाद अखंड हरिकीर्तन और भंडारा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना पंडित मनोहर तिवारी के नेतृत्व में मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण महतो द्वारा की गयी। इससे पूर्व कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से की गयी। महिलाएं माथे पर कलश रखकर गांव से चार किलोमीटर दूर चलकर हरही गंगाजल पहुंची वहां कलश में जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम अभिषेक कुमार, महावीर महतो, शंकर महतो, संजय महतो, ईश्वर महतो, सिकंदर महतो, आदित्य कुमार, सुजीत कुमार, राजेश महतो, राम प्रसाद महतो, आनंद कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**चान्हो।** एन-एच 39 मुख्य पथ पर स्थित टेढ़ीपुल के निकट गुरुवार दोपहर तीन बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी 28 वर्षीय रिजाउल शेख अपनी बाइक से मांडर की ओर जा रहा था इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसके एक पैर की हड्डी टूट चुकी है। रिजाउल वर्तमान में खेलारी थाना क्षेत्र के हुंटाप में किराए का मकान में रह कर राजमिस्त्री का काम करता है।

# ओरमांझी में पकड़ा गया 44 जानवर लदा ट्रक, तीन गिरफ्तार

## झारखंड से अन्य राज्यों में पहुंचाये जाते हैं जानवर

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी थाना पुलिस के कब्जे में तीनों आरोपी।





जब्त एमआर तुर्की लिखा ट्रक।

**ओरमांझी।** झारखंड से विभिन्न राज्यों में अवैध रूप से जानवरों का पहुंचाए जाते हैं। इसका खुलासा तब हुई जब ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा जानवरों से भरे एक ट्रक पकड़ा गया। वहीं पुलिस द्वारा जानवरों के अवैध धंधे में ले जाने में संलिप्त तीन आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपी में दो लोहरदागा के जाबीर कुरैशी 38 वर्ष व जैनुल अंसारी 28 वर्ष के साथ एक आरोपी मो. फरजान 30 वर्ष शामिल है। तीनों की गिरफ्तारी बुधवार रात 1:30 बजे ओरमांझी टोल प्लाजा के पास हुई है। इसकी जानाकरी देते हुए थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया तीनों आरोपी झारखंड से यूपी बिहार व बंगाल सहित अन्य राज्यों में जनावरों को पहुंचाते थें। इसकी गुप्ता सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को मिली थी। जिसके बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा रात्रि में वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। ट्रक संख्या जेएच 08के-8975 रोक कर, जब जांच की गई। ट्रक में छमता से अधिक 44 भैंसा लोड थी। ट्रक में सवार लोगों से जानवरों से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नही मिला। जिसके बाद जानवारों की चोरी कर अवैध तरिके से कुरता पूर्वक ट्रक में लोड कर ले जाने संबंधित धाराओं पर तिनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा पकड़ गए तीनों आरोपियों को जले भेज दिया गया है। वहीं ट्रक व सभी जानवरों को जब्त कर लिया गया है। पकड़े गए ट्रक में एमआर तुर्की लिखा होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्रवायी में ओरमांझी थाना के एएसआई नितिश कुमार, बैजनाथ यादव, रिजर्व गार्ड उदय कुमार सिंह, हरि साव व गृह रक्षक अनिल कुमार महतो शामिल थें।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओपी अंतर्गत बड़ा मुरी निवासी सुधीर मुंडा उम्र 42 वर्ष अपने घर के कुसुम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक सुधीर मुंडा हिंडालको कंपनी मुरी में ठेकेदार के अंदर काम करते थे वह रोज के भांति गुरुवार की सुबह हिंडालको कंपनी से काम करने के बाद अपने घर पहुंचे और कुछ देर बाद उन्होंने घर के समीप कुसुम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उनकी पत्नी ने बताई की पारिवारिक विवाद को लेकर वह हमेशा परेशान रहते थे जिसके चलते वह फासी लगाकर आत्महत्या कर लिए। इसकी सूचना ग्रामीण के द्वारा मुरी ओपी को दिया गया घटनास्थल पर मुरी ओपी पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतक की पत्नी के द्वारा आवेदन दिया गया है जहां छानबीन किया जा रही है।

# हत्या का आरोपी गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** हत्या के आरोपी सोनू खान उर्फ सोनू अंसारी को गिरफ्तार कर चान्हो पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है। चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि सात मई को चोरेया गांव स्थित कुएं में एक लाश मिली थी जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल के झालदा जिला निवासी 38 वर्षीय लव महतो के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में पता चला कि सोनू अंसारी और लव महतो के बीच शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद सोनू ने गला दबाकर लव की हत्या कर दी थी और शव को कुएं में डाल दिया था। उसकी हत्या करने के बाद सोनू ने उसके मोबाइल को पंडरी गांव में किसी व्यक्ति के पास बेच दिया था जो कि इस हत्याकांड के खुलासे का कारण बना।

# पर्यावरण मेला बेंती के अध्यक्ष बने सोहन मुंडा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** ग्राम वन प्रबंधन वन संरक्षण समिति बेंती की बैठक गुरुवार को बेंती में हुई। अध्यक्षता ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति बेंती के अध्यक्ष प्रो सत्यदेव मुंडा ने किया। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लगने वाले ऐतिहासिक मेला के लिए कमेटी गठित की गई। गठित कमेटी में अध्यक्ष सोहन मुंडा, उपाध्यक्ष लालजी बेदिया, अरुण मुंडा, सचिव इमा देवी, सुनीता देवी, राजेंद्र मुंडा कोषाध्यक्ष विजय मुंडा, बालक राम मुंडा वहीं सलाहकार समिति में सदस्य में कमलाकांत मुंडा मनेश्वर मुंडा, सुकरा मुंडा, बनू बेदिया, अजय करमाली, गणेश भोक्ता, शालिकराम, मंगल मुंडा, अजय आर्या व कार्यकारिणी सदस्य में बीरबल करमाली, रोशन विद्या, रवि मुंडा, कार्तिक मुंडा, सुमित मुंडा, अमृत विद्या, राजकुमार मुंडा, करण करमाली, गणेश भोक्ता, मनोज मुंडा, सरल पान, सोम मुंडा, राजेंद्र मुंडा सुनीता देवी, गांधीया करमाली, सलुवा करमालीबको रखा गया है। मालूम हो कि ग्राम वन प्रबंधन संरक्षण समिति बेती के द्वारा पिछले कई दशकों से 589 एकड़ के वीरान पड़े पहाड़ को खेती की तरह पौधारोपण एवं देखरेख कर वृहद जंगल तैयार किया है जहां सैकड़ो प्रकार के औषधीय जड़ी बूटियां, जंगली जानवर और पक्षी देखने को मिलते है।

# एसीसी उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित





खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय, खलारी में शैक्षणिक एवं खेलकूद क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित कर पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खलारी के रूप में अंचल पदाधिकारी प्रणव अम्बष्ट एवं थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एस.एन. तिवारी एवं शिक्षक रवि गिरि द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दशम तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं खेलकूद पुरस्कार प्रदान किए गए।

# बेड़ो के पहाड़ कंडरिया स्कूल में पानी की व्यवस्था नहीं, बच्चे परेशान

## रात में आधे अधूरे बोरिंग करके भाग गयी बोरिंग कंपनी

खबर मन्त्र संवाददाता



पानी लाने जाती रसोइया।



पहाड़ कंडरिया स्कूल के समीप आधा अधूरा बोरिंग।

**बेड़ो।** सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा भले ही तरह- तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है। वही व्यवस्था में खामियों के कारण सरकार का योजना फलीभूत नहीं हो रहा है। प्रखंड के पहाड़ कंडरिया गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जहां पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल के नौनिहालों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पानी की किल्लत से बच्चे, शिक्षक,व मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल की रसोईया को है। वही स्कूल में मध्याह्न भोजन का खाना बनाने वाली रसोईया बाना देवी व यशोदा देवी को गांव के बस्ती से हर दिन माथा में पानी ढो कर बार-बार जाकर पानी लाना पड़ता है। तब जाकर बच्चों का मिड डे मील का खाना बनता है। जबकि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभाग व पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन उनकी उदासीन रवैया के कारण विद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं हुई है। वही स्कूल के बच्चे किताब से भरी बैग के साथ पीने के पानी को ढोने पर विवश हैं। विद्यालय में कुल 77 छात्र छात्राएं पढ़ने के लिए आते है। वहीं विद्यालय में 60 से 65 बच्चों का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का खाना बनाया जाता है। जिसके लिए कई लीटर पानी की आवश्यकता होती है। जहां विद्यालय के बच्चे यहां पानी की समस्या से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। लेकिन इन स्कूली बच्चों का पीड़ा सुनने वाला अब तक ना ही कोई जनप्रतिनिधि और ना ही कोई प्रखंड के पदाधिकारी स्कूल पहुंचकर बच्चों की समस्या सुने हैं। सब कुछ कागज पर दुरुस्त चल रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बंया करती है। नौनिहालों व रसोइयों ने जिम्मेदारों से स्कूल परिसर में पानी की व्यवस्था की मांग की है।

वही स्कूल के समीप बोरिंग करने वाली गाड़ी रात में आधे अधूरे बोरिंग करके भाग गई। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर एक डीप बोरिंग की जरूरत है तभी पानी की समस्या का हल होगा।

एक नजर में

### संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर्स को सम्मानित किया





गया

**मुरी।** सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा के कक्षा दसवीं एवम बारहवीं का परिणाम दिनांक 13/05/25 को घोषित हुआ। जिसमें संत माईकल + 2 स्कूल का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। आज दिनांक 15/05/25 को सभी टॉपर बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर तथा मिठाई खिला कर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर सभी बच्चे, अभिभावकगण तथा सभी शिक्षक कर्मी उपस्थित थे। सभी ने एक साथ सफलता की खुशियाँ मनाई। विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों एवं विद्धार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है।साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत बच्चो ने गुणवक्ता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवम विद्याथीर्यों को बधाई के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद दिए जिसने स्कूल के प्रति भरोसा जताया। स्कूल प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि बच्चे हमारे विश्वास पर खरे उतरे। आगे उनके सफल भविष्य की कामना करते हैं।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षकाएं मनीषा सिंह,ममता गोस्वामी, रमेश गौराई, वंदना कुमारी, किशोर कुमार, वि. वेंकट राव, अजय चिक बराईक, राहुल कुमार मिलन, प्रीति लता मुंडू इत्यादि उपस्थित थे।





### झारखंड पब्लिक स्कूल डकरा में विद्यार्थियों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल, मोहन नगर डकरा में सीबीएसई 2025 के 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया, तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गणेश कुमार महतो ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक मनोज यादव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक प्रेरणादायी अवसर बना दिया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन की दिशा में एक सार्थक पहल बताया, जिससे भविष्य में और बेहतर शैक्षणिक परिणामों की उम्मीद जताई गई।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर ब्राम्बे में संस्कार समारोह का आयोजन

**मांडर।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर ब्राम्बे में गुरुवार को संस्कार समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में सीसीएल के सीएसआर फंड से बने 6 कमरे के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सीसीएल के एसडी एंड सीएसआर एसएस लाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्कूल के हेड बॉय, हेड गर्ल सहित 22 बच्चों को बैच पहनाकर प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसएस लाल ने कहा कि जीवन में अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है, एक अनुशासित व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफल होता है। मदर्स इंटरनेशन स्कूल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को अनुशासित कर उतम शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया जा रहा है जो बहुत बड़ी बात है।वही डायरेक्टर अंबुज कुमार चौधरी ने कहा कि पहले ही मीटिंग में सीसीएल की ओर से जो फंड दिया गया है उसके लिए विद्यालय की ओर से इनका आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर प्रिंसिपल डा रोमी झा सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।





### जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में कस्तूरबा सोनाहातू ने लहराया परचम

**सोनाहातू।** सीएम एक्सीलेंस स्कूल बरियातू रांची में जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कैरम प्रतियोगिता के अंडर 17 वर्ष सिंगल में कस्तूरबा गांधी स्कूल सोनाहातू की छात्रा सुजाता कुमारी प्रथम स्थान पर रही। तथा अंडर-19 युगल प्रतियोगिता में कस्तूरबा की छात्रा सीता कुमारी और रीता कुमारी के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किए। कैरम

# देश की समुद्री सीमा के सुरक्षा प्रहरी भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल

**देश** की समुद्री सीमा की सुरक्षा का जिम्मा भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के पास है। दोनों बलों में विभिन्न शाखाओं में और स्तरों पर भर्ती होती है। साहसी युवाओं के लिए यह सम्मानजनक कैरियर है। ऑफिसर लेवल पर सीडीएस व एनडीए की भर्ती यूपीएससी के तहत होती है जबकि एसएसबी के जरिये व डायरेक्ट रिक्रूटमेंट भी होती है। नाविक रैंक में भी भर्ती की जाती है।

**राजेंद्र कुमार शर्मा**



भारत की तटीय सीमा लगभग 7,500 किलोमीटर तक फैली हुई है। इस विशाल समुद्री क्षेत्र की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (कॉस्ट गार्ड) महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये दोनों बल न केवल युद्धकालीन संचालन में बल्कि शांति के समय में भी मानवीय सहायता, तस्करी रोकने, और समुद्री सुरक्षा जैसे कई कार्यों में संलग्न रहते हैं। युवाओं के लिए यह एक सम्मानजनक और रोमांचक कैरियर का विकल्प है। इन बलों में कई तरह व स्तर की नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं।

**नौसेना में भर्ती प्रक्रिया**

भारतीय नौसेना तीन प्रमुख शाखाओं में भर्ती करती है जिनमें अधिकारी, नाविक , अग्निवीर योजना शामिल हैं।

**अधिकारी रैंक में प्रवेश**

भारतीय नौसेना में अधिकारी वर्ग में भर्ती एक तो यूपीएससी की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के माध्यम से होती है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भौतिकी और गणित विषयों के साथ 12वीं पास है। उम्र 16.5 से 19.5 वर्ष तथा भर्ती प्रक्रिया के मुख्य चरणों में लिखित परीक्षा, एसएसबी साक्षात्कार तथा मेडिकल परीक्षा है। दूसरी अधिकारी वर्ग में भर्ती संघ लोक सेवा आयोग की कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज यानी सीडीएस के माध्यम से होती है जिसके लिए न्यूनतम योग्यता भौतिकी और गणित के साथ स्नातक या फिर बीटेक उत्तीर्ण है हालांकि ओटीए के लिए स्नातक है। इसमें आयु 19 से 24 वर्ष तक है। भर्ती प्रक्रिया के मुख्य चरणों में सीडीएस लिखित परीक्षा, एसएसबी साक्षात्कार तथा मेडिकल परीक्षा होते है। भारतीय नौसेना की अपनी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भी विभिन्न शाखाओं जैसे एग्जीक्यूटिव, टेक्निकल, एजुकेशन विंग में भर्ती होती है। इसके अतिरिक्त एनसीसी के ह्यसीह्ल प्रमाणपत्र धारकों को एसएसबी के लिए सीधी भर्ती का भी अवसर प्राप्त होता है।

**नाविक रैंक में भर्ती**

अग्निवीर के अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी रिक्रूटमेंट, जिसे (एसएसआर) के नाम से जाना जाता है, के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं (पीसीएम) के साथ उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 17.5 झ 21 वर्ष रखी गई है। दूसरा मैट्रिक रिक्रूटमेंट है, जिसे (एमआर) के नाम से जाना जाता है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा तथा आयु 17.5 झ 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। भर्ती के मुख्य चरण में लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी), मेडिकल टेस्ट होता है। इसके अतिरिक्त आर्टिफाइसर अप्रेंटिस (एए) भी भर्ती का माध्यम है जो अब एसएसआर में ही समाहित है।

**इंडियन कॉस्ट गार्ड में भर्ती**

भारतीय तटरक्षक बल, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सशस्त्र बल है, जिसकी जिम्मेदारी समुद्री क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखना, समुद्री तस्करी रोकना और तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**अधिकारी वर्ग की भती ः** अधिकारी रैंक (असिस्टेंट कमांडेंट) जनरल ड्यूटी पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक तथा 12वीं भौतिकी और गणित विषयों सहित उत्तीर्ण होनी चाहिए। जबकि टेक्निकल ब्रांच हेतु इंजीनियरिंग की डिग्री आवश्यक है। भर्ती प्रक्रिया के मुख्य सोपान कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा, एसएसबी जैसे साक्षात्कार तथा मेडिकल परीक्षा।

नाविक स्तर की भती ः नाविक जनरल ड्यूटी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं ( गणित और भौतिकी) विषयों के साथ उत्तीर्ण तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष रखी गई है। नाविक डोमेस्टिक ब्रांच हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना आवश्यक है। नाविक यांत्रिक हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स स्ट्रीम के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। भर्ती प्रक्रिया के मुख्य चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट।

शारीरिक और चिकित्सीय मानदंड ः ऊंचाई, वजन और छाती माप न्यूनतम मानकों के अनुसार होते हैं। दृष्टि, रंग पहचान, हड्डियों की मजबूती और समग्र स्वास्थ्य की जांच की जाती है। नाविकों की भर्ती मामलों में तैराकी आना जरूरी हो सकता है।

**भर्ती के लिए वेबसाइट और नोटिफिकेशन ः**

भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल में शामिल होकर युवा न केवल एक सम्मानजनक कैरियर बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की सेवा का गौरव भी प्राप्त करते हैं। आधुनिक तकनीक, रोमांचक जिम्मेदारियां और अनुशासित जीवन इन बलों की पहचान हैं। यदि आप साहस, सेवा और समर्पण के भाव से प्रेरित हैं, तो यह कैरियर आदर्श विकल्प हो सकता है।

# कैरियर में ग्रोथ लाने के टिप्स

कई बार अपने जॉब में ठहराव महसूस करते हैं। हालात बदलना, रोमांच भरना और तरक्की करना चाहते हैं लेकिन एक चक्र में फंसा महसूस करते हैं। अपने कैरियर का मूल्यांकन, स्किल अपग्रेडिंग, नेटवर्किंग, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास आदि उपाय लाकर आप तय लक्ष्य पा सकते हैं।

**कीर्तिशेखर**



आपके पास एक जॉब है जिसमें अच्छा वेतन मिल रहा है और आप काम भी अच्छी तरह से कर रहे हैं। लेकिन फिर भी आपको लगता है कि कहीं कुछ कमी है। मौजूदा जॉब आपको चुनौतीपूर्ण प्रतीत नहीं हो रहा या कैरियर में तरक्की नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं क्योंकि सभी के कैरियर में ऐसा समय अवश्य आता है जब महसूस होता है कि गाड़ी पटरी से उतर रही है या जॉब की स्थिति एक चक्र में फंस गई है। मानव संसाधन विशेषज्ञ बताते हैं कि एक दलदल रूपी कैरियर में फंसे होने की भी अपनी समस्याएं हैं। कुछ ने तो यहां तक कहा कि यह सक्रिय कैरियर जीवन का अंत है और इसके दोनों आंतरिक व बाहरी कारण होते हैं। लेकिन इस बात पर दूसरा नजरिया भी मौजूद है। कैरियर के दलदल से बाहर निकलने के अनेक तरीके मौजूद हैं। जानिये ऐसी ही स्थिति से रूबरू पेशेवरों के लिए कुछ काम के सुझाव :-

कैरियर का मूल्यांकन

सबसे पहले अपने कैरियर का ईमानदारी से मूल्यांकन करें कि क्या आपका वर्तमान कैरियर आपकी क्षमता, व्यक्तिगत योग्यता के अनुरूप है? कहीं ऐसा तो नहीं कि जो लोग आपके साथ कॉलेज में थे या कंपनी में जिन्होंने आपके बाद ज्वाइन किया वह आपसे आगे निकल गए हैं? अगर ऐसा है तो ऐसा क्यों है? आप पीछे क्यों रह गए? आप प्रगति क्यों नहीं कर रहे? इन प्रश्नों के उत्तर सही मूल्यांकन में सहायक होंगे व आप अपनी आगे की योजना बना सकेंगे।

**व्यावहारिक लक्ष्य करें तय**

आप अपने कैरियर में जहां पहुंचना चाहते हैं, उसके लिए अल्प से मध्य लक्ष्य निर्धारित करें जो व्यावहारिक हों यानी जिनका हासिल किया जाना संभव हो। विशेषज्ञों का कहना है कि लक्ष्य ऐसे होने चाहिए जिनको पाया जा सके। उन्हें निर्धारित करते समय अपने उद्योग व संगठन के हालात को ध्यान में रखें। मसलन, अगर आपकी कंपनी ढलान की तरफ है तो आप नाटकीय विकास की आशा नहीं कर सकते।

**कौशल को अपग्रेड करना**

वही व्यक्ति तरक्की करता रहता है जो निरंतर नई चीजें सीखने का प्रयास करता है। इसलिए आप न केवल अपनी स्किल्स व योग्यताओं को निरंतर अपडेट करते रहें बल्कि प्रासंगिक प्रोफेशनल ट्रेनिंग हासिल करते रहें। अपने जो कौशल अपडेट करें, उसमें प्रोफेशनल लुक उद्योग की जरूरतों व अपनी कंपनी की आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए। इस तरह आप अपने प्रतिद्वंद्वियों से एक कदम आगे रहते हैं।

**सजग रहना**

आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि यह मालूम रहे कि आजकल दुनिया में क्या हो रहा है। आपके संगठन व उद्योग में क्या हो रहा है, क्या नए बदलाव आ रहे हैं, उनकी जानकारी आप रखें। उन प्रोजेक्टों में सहयोग देने की पेशकश करें जिनका कंपनी पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

**नेटवर्क बनाना**

आजकल व्यापारों को जिस तरह नए-नए तरीकों से चलाया जा रहा है, उनमें नेटवर्क का मजबूत होना जरूरी है। विभिन्न सामाजिक प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइटें आपको नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती हैं। इनकी मदद से आप नए अवसर पा सकते हैं।

**चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं**

आरामदायक जिंदगी से बाहर निकलें ताकि चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं स्वीकार कर सकें। इस तरह आप अतिरिक्त जॉब जिम्मेदारियां कबूल करते हैं या अंतर्विभागीय समिति में मनोनीत होते हैं। यह तरीका है प्रगति का वैकल्पिक मार्ग अपनाना ताकि दीर्घकाल में ऊपरी पायदान पर पहुंचने में मदद मिले।

**मदद लें**

अगर आपको लगता है कि आप यह नहीं समझ पा रहे हैं कि समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाये तो प्रोफेशनल मदद हासिल करें। आजकल पेशेवर मदद व परामर्श प्रदान करने के लिए अनेक संगठन मौजूद हैं, जो आपका मार्गदर्शन करेंगे व अच्छा प्रोफेशनल कोच बन जायेंगे।

**विजेताओं से लें सीख**

प्रेरणा के स्रोत हर जगह मौजूद होते हैं। आपकी कंपनी में भी सफल लोग मौजूद होंगे जिनका अनुसरण किया जा सकता है।

विजेताओं को अपना आदर्श बनाएं, उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करें और उनसे सीखें।

**जॉब के लिए अप्लाई करें**

मार्केट को नियमित चेक करते रहें। यह देखें कि आपके लिए किस किस्म के जॉब उपलब्ध हैं। उन्हें हासिल करने के लिए अप्लाई भी करें। यह एक अच्छा तरीका है अपने बाजार मूल्य का मूल्यांकन करने का। इस तरह आपको अपनी क्षमता व विकास के क्षेत्रों के बारे में भी मालूम हो जाता है।

**खुद पर विश्वास**

महत्वपूर्ण है कि आप हमेशा अपनी योग्यता व क्षमता पर विश्वास करते रहें। इसकी बदौलत आपको कैरियर की दलदल से बाहर निकलने में मदद मिलती है। अगर व्यक्ति में अपने ऊपर ही विश्वास नहीं होगा तो वह कुछ हासिल नहीं कर सकेगा।

# डेटिंग ऐप्स पर इन्वेस्टमेंट के नाम पर फ्रॉड, युवाओं को बनाया जा रहा शिकार

**डॉ. अनिमेष शर्मा**



इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने इस तरह के ऑनलाइन स्कैम को लेकर वीडियो के जरिए लोगों को जागरूक किया है। इसमें बताया गया है कि यह स्कैम खासकर फेसबुक, डेटिंग ऐप्स और मैट्रिमोनियल साइट्स पर हो रहा है।

इंटरनेट और सोशल मीडिया ने आज की दुनिया को करीब ला दिया है, लेकिन इसके साथ-साथ साइबर फ्रॉड की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। खासकर डेटिंग ऐप्स और फेसबुक जैसी जगहों पर एक नया ट्रेंड सामने आया है, जिसमें लड़कियों के जरिए युवाओं को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगा जा रहा है। यह स्कैम बहुत सोचे-समझे तरीके से शुरू होता है। पहले एक अनजान लड़की फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती है, बातचीत शुरू होती है और फिर धीरे-धीरे भावनात्मक जुड़ाव बनाकर ठगी की जमीन तैयार की जाती है।

## भावनात्मक जुड़ाव बनाकर दिया जाता है लालच

जैसे ही दोस्ती थोड़ी गहरी होती है, लड़की बातचीत में फाइनेंशियल सिक्योरिटी और फ्यूचर इन्वेस्टमेंट की बातें छेड़ती है। वह पूछती है कि आप भविष्य को लेकर क्या प्लान कर रहे हैं? क्या कहीं पैसा इन्वेस्ट करते हैं? फिर वह अपने इन्वेस्टमेंट का उदाहरण देती है कि वह किसी खास ऐप या प्लेटफॉर्म के जरिए मोटा मुनाफा कमा रही है। कई बार वह यह भी बताती है कि उसका कोई रिश्तेदार उस कंपनी में काम करता है और वहां से इनसाइडर जानकारी मिलती है। लड़के को यह भरोसा दिलाया जाता है कि यहां पैसा लगाकर उसे भी बड़ा फायदा होगा।

## बिना वेरिफिकेशन निवेश करने से हो सकता है बड़ा नुकसान

यहीं पर लोग जाल में फंस जाते हैं। बिना किसी ठोस जानकारी या वेरिफिकेशन के निवेश करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। एक?सपर्ट का कहना है कि इस तरह के फ्रॉड में एक बार पैसा डालने के बाद न तो लड़की का जवाब आता है और न ही पैसे का कोई अता-पता मिलता है। कई बार तो फर्जी ऐप या वेबसाइट के जरिए लोगों से पैसे ले लिए जाते हैं जो कुछ ही दिनों में गायब हो जाते हैं।

## सरकार और साइबर एजेंसियों ने जारी की चेतावनी

इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (क्4उ) ने इस तरह के ऑनलाइन स्कैम को लेकर वीडियो के जरिए लोगों को जागरूक किया है। इसमें बताया गया है कि यह स्कैम खासकर फेसबुक, डेटिंग ऐप्स और मैट्रिमोनियल साइट्स पर हो रहा है। कई युवक भावनाओं में बहकर न सिर्फ अपना पैसा गंवा देते हैं, बल्कि मानसिक तनाव का भी शिकार हो जाते हैं।

## इन संकेतों को समझें और रहें सतर्क

अगर कोई लड़की बहुत जल्दी भावनात्मक जुड़ाव बना रही है, फाइनेंशियल प्लान की बातें कर रही है, बार-बार किसी ऐप या कंपनी में पैसा लगाने का सुझाव दे रही है झ तो यह रेड अलर्ट है। ऐसे मामलों में न सिर्फ अपना पैसा बचाना जरूरी है, बल्कि इस तरह की किसी भी फ्रॉड गतिविधि की साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट भी करना जरूरी है।

## एक्सपर्ट की सलाहः सोच-समझकर लें फैसला

साइबर एक्सपर्ट्स का साफ कहना है कि कोई भी निवेश करने से पहले उसकी पूरी जांच करें। वेबसाइट या ऐप वेरिफाई करें, उसके रिव्यू देखें, और अपने किसी करीबी से सलाह जरूर लें। किसी के कहने मात्र पर, चाहे वह कितना भी भरोसेमंद क्यों न लगे, पैसा लगाना बहुत बड़ा रिस्क हो सकता है।

डेटिंग ऐप्स पर मिलने वाली लड़कियां अगर इन्वेस्टमेंट की बात करें, तो सावधान हो जाएं। यह नया साइबर फ्रॉड ट्रेंड तेजी से युवाओं को निशाना बना रहा है। इस डिजिटल युग में भावनाओं के जाल में फंसना आसान है, लेकिन एक छोटी सी लापरवाही आपकी कमाई और मानसिक शांति दोनों छीन सकती है। इसलिए जागरूक रहें, सोच-समझकर निर्णय लें और किसी भी निवेश से पहले उसकी अच्छी तरह जांच करें।

# प्रभावी एस-400 सिस्टम

जम्मू-अमृतसर से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक सीमा पार कर आई मिसाइलें, ड्रोन और लड़ाकू विमान भारत की अत्याधुनिक बचाव प्रणाली की सक्रियता के कारण नाकाम हो गए। इन प्रणालियों में जिसे सबसे ज्यादा असरदार माना गया है, वह रूस से 2018 में खरीदा गया एस-400 सिस्टम है जो असल में लंबी दूरी यानी 500 किलोमीटर दूर से आ रहे ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल या लड़ाकू विमानों का समय रहते पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट करने वाला लॉन्ग रेंज इंटरसेप्टर है। दावा है कि इसकी तीन सक्रिय यूनिटें भारत के पास हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर तैनात हैं। यह इंटरसेप्टर चार चरणों में काम करता है। पहले चरण में इसका ट्रांसपोर्ट इरेक्टर लॉन्चर नजदीक आ रहे ड्रोन या मिसाइल का पता लगाता है। दूसरे चरण में इसका सर्विलांस रेडार ड्रोन आदि की दूरी व गति का आकलन कर कमांड वाहन को उसे रोकने का निर्देश देता है। तीसरे चरण में कमांड और कंट्रोल वाहन दुश्मन के ड्रोन या मिसाइल की लोकेशन तय कर उसे मिसाइल से मारने के निर्देश देता है और चौथे चरण में गाइडेंस रेडार टारगेट पर तेजी से मिसाइल छोड़ता है। यह एक ही समय में कई ड्रोन या मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट कर डालती है। लेकिन भारत सिर्फ एस-400 पर ही आश्रित नहीं है। इसके अलावा हमारे देश के पास मध्यम दूरी का इंटरसेप्टर- एमआरएसएएम भी है जो 70 किलोमीटर रेंज में ड्रोन आदि को हवा में तबाह कर डालता है। साथ ही स्वदेशी शॉर्ट रेंज इंटरसेप्टर झ आकाश है जो 25-30 किमी की रेंज में एक साथ चार लक्ष्यों (टारगेट) को हवा में नष्ट कर सकता है। जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाईडर नामक मिसाइल सिस्टम कम ऊंचाई पर उड़ रहे ड्रोन या मिसाइल को नष्ट कर सकता है। रूस से हासिल किया गया क्लोज रेंज इंटरसेप्शन (इग्ला-एस) सिस्टम भी है, जो लड़ाकू विमान, ड्रोन या मिसाइल को 5-6 किमी की रेंज में नष्ट करने में सक्षम है। बचाव की इन आधुनिक तकनीकों में हालांकि विश्व स्तर पर अमेरिका के थाड (टर्मिलन हाई अल्टीट्यूड एरिया डिफेंस), इस्राइल की डेविड्स स्लिंग और एरो प्रणाली तथा आयरन डोम, अमेरिका की जीएडी व एजिस कॉन्बैट प्रणाली, रूस की एस-500 प्रोमेतेई और चीन की एचक्यू-19 और एचक्यू-22 प्रणालियों का नाम भी लिया जाता है। लेकिन चीनी प्रतिरक्षा प्रणाली की नाकामी दुनिया ने हाल में देखी, जब इसका उपभोक्ता देश पाकिस्तान इनके बल पर भारतीय ड्रोन और मिसाइलों को रोकने में असफल रहा।

## खुद की हो उत्पादन क्षमता

**आधुनिक** युद्धक हथियारों के लिए हमेशा दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। जरूरी है, भारत खुद ऐसी तकनीकों, युद्धक विमानों, ड्रोन और हथियारों का विकास करे जिन्हें जरूरत के अनुसार बड़ी संख्या में बनाया-तैनात किया जा सके। जैसे, हाल ही (13 अप्रैल 2025) में भारत के डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन) ने देश के पहले स्वदेशी हाई-एनर्जी लेजर वेपन का सफल परीक्षण किया है जो फिलहाल पांच किलोमीटर के हवाई दायरे में मौजूद ड्रोन आदि का पता लगाकर उन्हें भस्म कर सकता है। एमके-2 ए नामक इस सिस्टम की फिलहाल क्षमता 30 किलोवॉट ही है, इससे छोटे ड्रोन हवा में नष्ट किए जा सकेंगे। लेकिन भविष्य में तीन सौ किलोवॉट क्षमता वाले सूर्या नामक जिस लेजर हथियार को विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है, वह 20 किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में मौजूद ड्रोन को नष्ट कर सकेगा। यह सिस्टम प्रकाश की गति से दुश्मन के ड्रोन या वॉरहेड को सटीकता के साथ लेजर किरणें फेंककर सेकंडों में नष्ट कर सकता है या उसे अंधा बना सकता है। दावा है, यह लेजर हथियार लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और उपग्रहों तक में लगाया जा सकता है।

अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा लेजर हथियार विकसित करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बताया जाता है। इस तरह के एयरबॉर्न लेजर प्रोजेक्ट के बारे में सबसे पहले दशकों पहले अमेरिका में सोचा गया था जब वर्ष 2008 में बुश प्रशासन ने अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर एक रिपोर्ट में कहा था कि इससे न सिर्फ अमेरिका अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा सकता है, बल्कि दूसरे देशों को अंतरिक्ष में बढ़त लेने से रोक सकता है। यह योजना उस मिसाइल प्रतिरक्षण प्रणाली की योजना का हिस्सा बताई गई थी, जिसमें दुनिया में कहीं पर भी मिसाइलें दाग सकने और अपनी ओर आ रही मिसाइलों को मार्ग में ही नष्ट करने की क्षमता विकसित करने को कहा गया था। बताते हैं कि अमेरिका ने लंबे समय तक जिस ह्यएयरबॉर्न लेजर प्रोजेक्टह्ल पर काम किया है, वह कई तरह के हथियारों के बारे में था। इस बारे में यहां तक कहा गया था कि अंतरिक्ष में एटम बम रखे जा सकते हैं। वहां ऐसे उपकरण तैनात हो सकते हैं, जो लेजर किरणें फेंककर सब कुछ तबाह कर सकते हैं। पार्टिकल बीम, कायनेटिक किल वैपन्स और मिसाइलों के अलावा और भी अनेक हथियार हैं, जो अंतरिक्ष से कहर बरपा सकते हैं। इनमें अपारंपरिक श्रेणी के ह्यफार आउट वैपनह्ल कहलाने वाले स्पेस बग्स, स्पेस हैकर्स, ई-बम, प्रोपल्शन सिस्टम, स्पेस फाइटर, एलियन टेक्नोलॉजी और प्लाज्मा वैपंस तक शामिल हैं।


सैटेलाइटों की हैकिंग ः भविष्य में जैसे स्पेस वॉर की आशंका जताई जा रही है, उसमें एक तरीका है उपग्रहों (सैटेलाइट्स) को हैक करना। अमेरिका और चीन ऐसे तरीके आजमाते रहे हैं। सैटेलाइट हैकिंग की बात 2013 में तब साबित हुई, जब चीनी हैकरों ने हैकिंग से अमेरिकी सैटेलाइट को जाम कर दिया। ईरान ने बीबीसी टीवी के सैटेलाइट को हैक कर एक कार्यक्रम का प्रसारण रोक दिया था। ऐसे में यूरोपीय स्पेस एजेंसी- ईएसए क्वांटम इनक्रिप्शन तकनीक पर काम कर रही है जो सैटेलाइट हैकिंग रोक सकती है।

**आत्मघाती युद्ध उपग्रह ः** अंतरिक्ष विशेषज्ञ मानते हैं कि रूस, चीन और अमेरिका जैसे देश ऐसे युद्धक सैटेलाइट तैयार कर रहे हैं, जिन्हें हमलावर सैनिक की तरह स्पेस में भेजा जा सकता है और वे वहां शत्रु देशों के सैटेलाइटों को हथियारों से तबाह कर सकते हैं। दावा किया जाता है कि 1960 में रूस ने एक लड़ाकू सैटेलाइट का परीक्षण किया था, जो दूसरे उपग्रह के पास जाकर खुद को विस्फोट से उड़ा लेता था व दूसरा सैटेलाइट भी तबाह हो जाता है। चीन ने 2007 में और रूस ने एक बार फिर 2015 में ऐसे लड़ाकू सैटेलाइटों का परीक्षण किया। दावा है, 1970 में अमेरिका के कैलिफोर्निया में ऐसी ही परियोजना पर काम किया था। हालांकि ऐसे दावे कोई देश स्वीकारता नहीं।

**भारत की तैयारियां** ः भारत भी भविष्य के युद्धों की तैयारियां कर रहा है। भारतीय सेना को अगले दशक में हजारों ड्रोन्स की जरूरत होगी। इनमें लड़ाकू और सबमरीन से लॉन्च किए जाने वाले रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट भी शामिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा शक्तिशाली माइक्रोवेव एनर्जी लेजर किरणों से संचालित होने वाली डायरेक्टेड एनर्जी वेपंस की जरूरत होगी, जिनके जरिए दुश्मन के ठिकानों व सैटलाइटों को तबाह कर सकें। इस पर काम शुरू हो चुका है।

सात साल पहले रक्षा मंत्रालय के नए ह्यटेक्नॉलोजी पर्सपेक्टिव ऐंड कैपेबिलिटी रोडमैप-2018 में इस तरह की सैन्य क्षमताओं का जिक्र किया गया था। दावा है कि यह रोडमैप इंडस्ट्री को योजना बनाने या तकनीकी विकास और उत्पादन का प्रबंध करने में मदद दे सकता है। हालांकि इसमें भी ज्यादा मेक इन इंडिया अभियान को महत्व देना होगा, यानी ये हथियार और तकनीकें स्वदेशी ढंग से विकसित करनी होंगी।

# हेजलवुड और रोमारियो शेफर्ड आरसीबी से जुड़े





**एजेंसी**

**बेंगलूरू।** आइपीएल 2025 का दूसरा चरण 17 मई से शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। छह स्थानों पर ग्रुप चरण के शेष 17 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान दो डबल हेडर के मुकाबले होंगे। लीग को दोबारा चालू करने पर सबसे बड़ी चुनौती विदेशी खिलाड़ियों को भारत लाने को लेकर थी। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर लीग को एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। तब लगभग ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी वापस लौट गए थे। हालांकि, अब दूसरा चरण शुरू होने पर सभी फ्रेंचाइजी उन्हें वापस बुलाने पर जुटी हैं। इसी कड़ी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। दरअसल, टीम के ज्यादातर विदेशी स्टार वापस भारत आ चुके हैं। ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड भी अपने कुछ वेस्टइंडीज के साथियों के साथ भारत आ चुके हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के तीन धाकड़ खिलाड़ियों की भी आरसीबी की टीम में वापसी हो चुकी है। सबसे बड़ा अपडेट जोश हेजलवुड को लेकर है। इस सीजन शानदार गेंदबाजी करने वाले हेजलवुड के आने को लेकर संशय था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि वह आरसीबी के बाकी बचे मैचों को खेलने के लिए आने के लिए तैयार हो गए हैं। हालांकि, उनकी वापसी की तारीख का खुलासा नहीं हुआ है। हेजलवुड फिलहाल आरसीबी सबसे शानदार गेंदबाज रहे हैं। उनकी धारदार गेंदबाजी की बदौलत आरसीबी की टीम इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दरअसल, आरसीबी के लिए इस सीजन कुछ मैचों को अपने दम पर जिताने वाले शेफर्ड आरसीबी से जुड़ने के लिए भारत आ चुके हैं। वह वेस्टइंडीज के अपने साथी खिलाड़ी आंद्रे रसेल, सुनील नरेन और ड्वेन ब्रावो के साथ भारत आए। इसके अलावा इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टोन, फिल सॉल्ट और जैकब बेथेल भी आरसीबी की टीम से जुड़ चुके हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी भी आरसीबी की टीम से जुड़ चुके हैं। हालांकि, गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि रोमारियो शेफर्ड का भारत आना तय नहीं है। शेफर्ड को इंग्लैंड के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के वेस्टइंडीज की टीम में चुना गया है।

## रिस्टार्ट से पहले इन 3 टीमों को बदलनी पड़ी अपनी स्क्वॉड

**लखनऊ सुपरजायंट्स:** एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, आयुष बदोनी, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, दिग्वेश राठी, प्रिंस यादव, मणिमारन सिद्धार्थ, हिम्मत सिंह, आरएस हंगरगेकर, आकाश महाराज सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, आर्यन जुयाल, युवराज चौधरी, आकाश दीप, विलियम ओह्लरुरकी, शमर जोसेफ, अर्शिन कुलकर्णी, शाहबाज अहमद और मिचेल मार्श।

### गुजरात टाइटंस की नई टीम


साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर/कुसल मेंडिस, शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, गेराल्ड कोएट्जी, कगिसो रबाडा, करीम जानत, कुलवंत खेजरोलिया, मानव सुथार, निशांत सिंधु, गुरनूर बराड़, कुमार कुशाग्र और जयंत यादव।

### पंजाब किंग्स की नई टीम

नेहल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, एरोन हार्डी, मार्को यानसेन, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, काइल जैमीसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य और यश ठाकुर।

## कोलकाता के मेंटर ड्वेन ब्रावो लौटे

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर ड्वेन ब्रावो इंडियन प्रीमियर लीग के फिर से शुरू होने से पहले भारत लौट आए हैं। वेस्टइंडीज के स्टार ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में कई साल खेले और अपनी बेहतरीन मध्यम गति की गेंदबाजी और निचले क्रम की पावर-हिटिंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने के बाद उन्होंने पहले उरङ में गेंदबाजी कोच के रूप में आइपीएल में बने रहै और फिर कोलकाता में मेंटर के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के साथ आइपीएल के शेष भाग के लिए भारत लौटने की पुष्टि की। वीडियो में ब्रावो को एक हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रिक वाहन में बैठे हुए दिखाया गया है और जब उनसे पूछा जाता है कि वे कैसे हैं (हिंदी में) तो वह कहते हैं, हम वापस आ गए हैं। केकेआर के विदेशी सितारे आंद्रे रसेल और सुनील नरेन भी ब्रावो की इंस्टाग्राम स्टोरी पर देखे गए। भारत और पाकिस्तान के बीच हिंसक संघर्ष के कारण 9 मई को इंडियन प्रीमियर लीग को निलंबित किए जाने के बाद ब्रावो अन्य विदेशी



खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के साथ भारत छोड़कर चले गए थे। भारत ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष 26 पर्यटकों को जान से मारने के प्रतिशोध में ऑपरेशन सिंदूर के हिस्से के रूप में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था।

## इंग्लैंड के खिलाफ टी20-वनडे सीरीज भारतीय टीम घोषित, शेफाली की वापसी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने गुरुवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीमों का एलान कर दिया। अगले महीने से दोनों देशों की महिला टीमों के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। दोनों टीमों का नेतृत्व हरमनप्रीत कौर करेंगी जिसमें उनकी डिप्टी स्मृति मंधाना होंगी।

**अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाएगी भारतीय महिला टीम**

भारतीय महिला टीम अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाएगी और टी20 तथा वनडे सीरीज खेलेगी। 28 जून से पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होगा जबकि तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज 16 जुलाई से खेली जाएगी। बीसीसीआइ ने सीनियर महिला टीम का एलान कर दिया। वनडे विश्व कप 2025 की तैयारियों के लिहाज से भारतीय टीम के लिए यह सीरीज काफी अहम है।

**शेफाली की वापसी**

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए घोषित टीम में शेफाली वर्मा की वापसी हुई है। उन्होंने भारत के लिए पिछले साल से कोई भी मैच नहीं खेला है। वहीं, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को किसी भी टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में डेब्यू करने वाली सयाली सतघरे को दोनों टीमों में शामिल किया गया है। त्रिकोणीय सीरीज में नजर आई काश्वी गौतम इस दौरे पर नहीं जाएंगी। उनकी जगह क्रांति गौड़ को मौका मिला है।

**भारत की टी20 टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**भारत की वनडे टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

## त्रिशा-गायत्री की जोड़ी हारी, भारत का अभियान हुआ समाप्त



**बैंकॉक।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरोकामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। गुरुवार को निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए।

## दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बने

**कोलंबो।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी। दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले।

## इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार बनाया



**एजेंसी**

**लंदन।** न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउथी अब कोचिंग रोल में कदम रख चुके हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि 36 वर्षीय साउथी को इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ विशेषज्ञ कौशल सलाहकार के रूप में जोड़ा गया है। वह अल्पकालिक आधार पर यह भूमिका निभाएंगे और भारत के खिलाफ रोथसे टेस्ट सीरीज के समापन तक इंग्लैंड टीम के साथ रहेंगे। गौरतलब है कि टिम साउथी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और वह न्यूजीलैंड के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। अब वह अपने अनुभव के जरिए इंग्लिश गेंदबाजों को मार्गदर्शन देंगे। साउथी इंग्लैंड की टीम से जुड़ने से पहले ट्रेंट ब्रिज में अगले हफ्ते जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हो रहे रोथसे टेस्ट से पहले खिलाड़ियों के साथ तैयारी करेंगे।

## कर्नाटक की लड़कियों और यूपी के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण

**पटना।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। गुरुवार को यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने ऐतिहासिक इनामी राशि की घोषणा की है। इस बार फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो पिछले दोनों संस्करणों की तुलना में दोगुनी से अधिक है। आइसीसी अध्यक्ष जय शाह एख आधिकारिक बयान में कहा, डब्ल्यूटीसी 25 फाइनल के विजेता को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर, जबकि उपविजेता को 2.1 मिलियन




अमेरिकी डॉलर पुरस्कार मिलेगा। चैंपियन टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि मिलेगी, जो 2021 और 2023 में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में बहुत अधिक है, जबकि उपविजेता टीम का पुरस्कार पिछले 80 लाख डॉलर से दोगुना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंतिम मैच से 30 दिन पहले उत्साह बढ़ाने के लिए एक प्रचार वीडियो भी जारी किया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, तेज गेंदबाज कगिसो रबादा, प्रोटियाज स्टार ऐडेन मार्कराम, आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ियों जैसे शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीत के साथ डब्ल्यूटीसी25 अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और लॉर्ड्स फाइनल के लिए पहली टीम बनी। इसके अलावा उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ की। दक्षिण अफ्रीका पहली बार आइसीसी खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जबकि आस्ट्रेलिया टूर्नामेंट दो बार जीतकर इतिहास रचना चाहता है।

## नेशनल कैंप में वापसी से उत्साहित कार्ति ने कहा अब लक्ष्य है टीम में जगह बनाना और गोल करना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम तैयारियों में जुटी हुई है, जहां उनका मुकाबला नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी दिग्गज टीमों से होगा। इस अहम सीरीज से पहले भारतीय कैंप में एक नाम फिर से चर्चा में है, फारवर्ड सेल्वम कार्ति, जिन्होंने करीब 9 महीनों बाद राष्ट्रीय सेटअप में वापसी की है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले 23 वर्षीय कार्ति ने आखिरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार वह 40 सदस्यीय कोर ग्रुप का हिस्सा हैं। वापसी को लेकर उन्होंने हॉकी



इंडिया के हवाले से कहा, मैं नेशनल कैंप में वापस आकर बहुत खुश हूं, लेकिन मेरा असली लक्ष्य अंतिम टीम में जगह बनाना है। मैंने अकेले भी मेहनत की है और अब कैंप में अपनी पूरी ताकत झोंक रहा हूं ताकि भविष्य के बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भी टीम का हिस्सा बन सकूं। कार्ति ने पहले भी यूरोप में भारतीय टीम के साथ टूर किया है। वह कहते हैं, मुझे वहां खेलने का अनुभव है, लेकिन इस बार मैं सिर्फ प्रदर्शन पर ध्यान देना चाहता हूं। मेरा लक्ष्य है कि टीम के लिए अहम मौके पर गोल कर सकूं और मैच जीतने में योगदान दूं। नेशनल कैंप में कोचिंग स्टाफ और सीनियर खिलाड़ियों से बातचीत के बारे में कार्ति ने बताया, कोचों ने मुझे फिटनेस और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। मैं इन दोनों पहलुओं पर विशेष मेहनत कर रहा हूं ताकि टीम में अपनी जगह पक्की कर सकूं। आगामी प्रो लीग के मुकाबलों में भारतीय टीम का सामना कड़े विरोधियों से होगा। इस बारे में कार्ति ने कहा, नीदरलैंड्स ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हैं और उनके खिलाफ मुकाबला आसान नहीं होगा

## शोएब ने पीसीबी के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे।

## भारत में बनाये जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जाएगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ हुई बैठक में इउउक ने यह प्रस्ताव रखा। बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, ओलंपिक खेलों के विकास के लिये कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया। सूत्र ने कहा, कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में



बीसीसीआइ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। सूत्र के अनुसार ये सभी केंद्र एक एक ओलंपिक खेल को समर्पित होंगे और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक प्रशिक्षण सुविधायें और विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। समझा जाता है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया के ओलंपिक केंद्रों से प्रेरणा ली है जहां से कई ओलंपिक पदक विजेता निकले हैं। बीसीसीआइ ने 2008 में राष्ट्रीय खेल विकास कोष में 50 करोड़ रुपए और पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय ओलंपिक संघ को 8.5 करोड़ रुपए दिए थे। इसके अलावा बोर्ड ने तोक्यो ओलंपिक 2021 के पदक विजेताओं को चार करोड़ रुपए नकद पुरस्कार भी दिए थे। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबॉल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं। सूत्र न कहा कि अभी काफी शुरूआती चरण की बातचीत चल रही है और सभी पक्षों से सलाह ली जा रही है।

# रियल मैड्रिड की आखिरी पलों में जीत, बार्सिलोना की जश्न की उम्मीदों को झटका

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** सैंटियागो बनार्बेउ स्टेडियम में बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड ने अंतिम समय में गोल दागकर आरसीडी मल्लोर्का को 2-1 से हराया और बार्सिलोना की ला लीगा खिताब जीतने की उम्मीदों को फिलहाल के लिए टाल दिया। इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने अंक तालिका में बार्सिलोना से फासला घटाकर 4 कर दिया है। अब यदि गुरुवार को बार्सिलोना अपने पड़ोसी क्लब एस्पानयोल को हरा देता है, तो वह खिताब अपने नाम कर सकता है। इससे पहले, रविवार को 'एल क्लासिको' में बार्सिलोना के हाथों हार झेलने के बाद रियल मैड्रिड के पास यह मुकाबला जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।



## वैलजेंट के शुरूआती गोल से पिछड़ा मैड्रिड

मैच की शुरूआत में मल्लोर्का ने आक्रामक अंदाज दिखाया और 11वें मिनट में मार्टिन वैलजेंट ने गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मैड्रिड की ओर से कई प्रयास हुए, लेकिन मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमन ने शानदार बचाव करते हुए पहले हाफ में जूड बेलिंघम, किलियन एम्बाप्पे और फेडे वाल्वर्डे को गोल करने से रोके रखा।

### एम्बाप्पे और जैकोबो ने पलट दिया मैच

दूसरे हाफ में आखिरकार 68वें मिनट में किलियन एम्बाप्पे ने बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए तीन डिफेंडरों को छकाया और गेंद को नेट में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। यह इस सीजन में एम्बाप्पे का 40वां गोल था। जब मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम के 95वें मिनट में 20 वर्षीय डिफेंडर जैकोबो रामोन ने गिरती हुई गेंद को गोलकीपर के ऊपर से नेट में डालकर मैड्रिड को जीत दिला दी।



### अनचेलोटी की विदाई से पहले जज्बा दिखा रही है टीम

मैड्रिड के कोच कार्लो अनचेलोटी सीजन के बाद ब्राजील की राष्ट्रीय टीम की कमान संभालने जा रहे हैं। चोटिल खिलाड़ियों के चलते मैड्रिड की टीम इस मैच में विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो जैसे खिलाड़ियों के बिना उतरी, लेकिन युवा खिलाड़ियों ने बेहतरीन जज्बा दिखाया। वहीं मल्लोर्का की टीम यूरोपीय टूर्नामेंट में क्वालिफाई करने की दौड़ में बनी हुई है और इस मैच में उसने भी दमदार खेल दिखाया।

## अरशद को लेकर नीरज ने कहा अब चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम के साथ अपने रिश्ते को लेकर बड़ा बयान दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब नीरज से पूछा गया कि क्या भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात का असर उनके और अरशद नदीम के रिश्ते पर पड़ा है, तो उन्होंने बेहद संतुलित जवाब दिया। नीरज चोपड़ा ने कहा, सबसे पहले तो मैं यह साफ करना चाहता हूं कि हमारे बीच कभी कोई बहुत मजबूत रिश्ता नहीं था, लेकिन अगर कोई मेरे से इज्जत से बात करता है तो मैं भी उसी तरह पेश आता हूं। अब चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। नीरज चोपड़ा ने इस



महीने के अंत में बेंगलुरु में होने वाले नीरज क्लासिक में नदीम को आमंत्रित किया था। हालांकि इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना भी हुई, खासकर मौजूदा हालात को देखते हुए। कई लोगों ने इसके समय और संदेश पर सवाल उठाए। हालांकि नीरज क्लासिक के आयोजकों ने बाद में सुरक्षा और व्यापक चिंताओं का हवाला देते हुए एक बयान जारी कर स्थगन की पुष्टि की।

# बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस ने '5-एस सिस्टम' को लेकर निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 का किया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित 5-एस सिस्टम के लिए दो दिवसीय निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के सीजीएम मनीष जलोटा व जीएम अमरेश सिन्हा तथा जीएम टीएस-जल आपूर्ति लंबोदर उपाध्याय उपस्थित थे। इस वर्ष 5-एस सिस्टम के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 प्रतियोगिता में आरसीएम बोकारो जनरल अस्पताल भारी रखरखाव-मैकेनिकल सीआरएम-थ्री हॉट स्ट्रिप मिल टाउन सर्विस-जल आपूर्ति पीईबी ईटीएल ट्रैफिक कोक ओवन एचआरसीएफ ब्लास्ट फर्नेस इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार ईएमडी ईटीएल इत्यादि विभाग से कुल 20 क्वालिटी सर्किल की टीमों ने अपने कार्यस्थल पर प्रभावी हाउसकीपिंग के प्रबंधन के संबंध में अपने रचनात्मक विचारों और प्रयासों का प्रदर्शन मॉडल प्रस्तुति-5एस कार्यान्वयन यात्रा- 5एस केस स्टडी प्रेजेंटेशन तथा 5एस काइजेन के प्रस्तुति के माध्यम से किया। संपूर्ण गुणवत्ता तथा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित रखरखाव प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष बीएसएल के पुरस्कार विजेता टीम 14 जून' 2025 को मदुरै में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में चयन के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सागरिका साहू तथा सुश्री देवयानी चक्रवर्ती की टीम के द्वारा किया गया।

# देशव्यापी हड़ताल में शामिल न हो, सामूहिक प्रयास से कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करें : जीएम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू द्वारा 20 मई को कोयला उद्योग में हड़ताल करने की नोटिस दी गई है। जिसे लेकर गुरुवार को ढोरी आफिसर्स क्लब में जीएम रंजय सिंहा ने एसीसी सदस्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर महाप्रबंधक सिंहा ने राष्ट्र व उद्योग हित में 20 मई को देशव्यापी हड़ताल में भाग नहीं लेने की अपील की। कहा कि ढ़ोरी क्षेत्र कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए रेस हो गया है। इसके अंतर्गत मुख्यालय के ओर से ढोरी क्षेत्र को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 54 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उसे सामूहिक प्रयास से हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेन एवं मशीन की क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें, ताकि उत्पादन लक्ष्य संभव हो सके। जीएम ने कहा कि सुरक्षा मानकों एवं पर्यावरण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। बेहतर टीम वर्क, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कोयला उत्पादन के क्षेत्र के विषय में जानकारी प्राप्त करने के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। कहा कि खदानों में सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में जीएम सिंहा ने क्षेत्र के श्रमिकों से अनुरोध किया कि वे उत्पादन बढ़ाने में सकारात्मक सहयोग करें। उन्होंने सकारात्मक सुझाव देने का भी आग्रह किया। इस मौके पर पीओ राजीव कुमार और रंजीत कुमार, एसओपी माला कुमारी, एसओ सिविल मनोज कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक कुमार व तौकीर आलम, सहायक कर्मी प्रबंधक शालिनी यादव समेत यूनियन नेता हरेन्द्र सिंह, शिवनंदन चौहान, विकास सिंह, जयनाथ मेहता, राजू भूखिया, महारुद्र सिंह, जवाहर लाल यादव, गोवर्धन रविदास, बैजनाथ महतो आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## एक नजर में

### मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

गोमिया। रेलवे लाइन में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार 14 मई को धनबाद रेल मंडल के गोमो-बरकाकाना रेल खंड के बीच गोमिया रेलवे स्टेशन से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक नवयुवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 14 मई की शाम 4 बजे की बतायी जा रही है। मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का एक हाथ एवं सर शरीर से अलग हो गया, मवेशी चराने वालों ने इस घटना की सूचना गोमिया थाना को दी। वही घटनास्थल पर गोमिया रेलवे पुलिस बल एवं गोमिया थाना की पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर आवश्यक जांच की, किंतु किसी तरह का पहचान प्राप्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और घटना की छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### 23 वर्षों बाद पुनः शुरू हुआ कसमार बाजार टांड़ में भोगता परब का आयोजन

बोकारो/कसमार। कसमार बाजार टांड़ परिसर में लगभग 500 वर्ष पूर्व स्थापित बुढ़ा बाबा मड़प थान में लगभग दो दशक बाद पुनः इस वर्ष भोगता परब (चड़क पूजा) का आयोजन हुआ। मड़प थान परिसर में पारंपरिक बकरा बलि के बाद पाट को मड़प के अंदर रखा गया। इससे 10 दिन पूर्व धूमधाम से देकर पाट को करमाली घर ले जाकर कांटी ठोक कर गांव में घुमाया गया। बीते रात्रि में पश्चिम बंगाल से आये छऊ नृत्य टीमों द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गयी। पाट में ठोके गये कीलों की गिनती के आधार पर कमेटी के लोगों ने बताया गया कि यहां लगभग 500 वर्षों से चड़क पूजा का आयोजन किया जा रहा है। अब प्रतिवर्ष यह सिलसिला बरकरार रहेगा। कुड़माली शोधकर्ता दीपक पुनेरियार ने बताया कि चड़क पूजा को मोड़ा- भोगता या विशु परब भी कहते हैं। बताया जाता है कि यह परब छोटानागपुर राड़ क्षेत्र वर्तमान में झारखंड- बंगाल व उड़ीसा के सीमा क्षेत्र में रहने वाले कुड़मी समाज का बहुत खास परब है। इस वर्ष 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कसमार बाजार मडा परब के आयोजन से लोगों में हर्ष व्याप्त है। रात्रि को छऊ नृत्य कार्यक्रम में गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज जेएलकेएम नेत्री पूजा महतो, कसमार के पूर्व पंसस संतोष महतो गर्री मुखिया कसमार उपमुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सुरेश बानुआर अनंत कंड़हरआर संजय पुनियार आदि भी पंहुचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के भरत महतो भागीरथ महतो निर्मल महतो रामानंद महतो धरती कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा द्वारा पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत लाभ वितरण

बेरमो। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा ने दो पात्र लाभार्थियों को 2-2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। इस योजना के तहत दिवंगत व्यक्तियों के नाम पर नामित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतली देवी के निधन के उपरांत उनके पुत्र नीलकंठ राजवार को 2 लाख की बीमा राशि दी गई। वहीं अजमेरुन निशा के निधन पर उनके पति मो अब्दुल हमीद अंसारी को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि झारखंड ग्रामीण बैंक, पेटरवार शाखा के माध्यम से वितरित की गई, जिसमें बैंक के अधिकारीगणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा : मजदूर की मौत



गोड्डा। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लोबंधा गांव में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में चालक राकेश लैया की मौत हो गई। राकेश अपने घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर चलाना सीख रहा था इसी दौरान यह घटना घटी।वहीं मृतक राकेश के पिता का नाम संतोष लैया बताया गया। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। राकेश की शादी पिछले साल हुई थी। वह लेबर का काम करता था और दूसरे के ट्रैक्टर से चलाना सीख रहा था। इस हादसे में राकेश के सर पर गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मुफस्सिल थाना की पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी आनंद साहा घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना से संबंधित मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बोड़जम संघ ने घायलों को मिले मुआवजा का किया स्वागत

बोकारो। विगत माह एपरेंटिस विस्थापित द्वारा प्रदर्शन एवं घेराव के दौरान सीआईएसएफ एवं प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प के दौरान घायल 20 लोगों को बोकारो जिला प्रशासन द्वारा तय मुआवजा रकम 20000/-का भुगतान करने पर बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने संतोष जताते हुए जिला प्रशासन से मांग की कि उस घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, उन्हें भी चिन्हित कर मुआवजा दिया जाय। बोकारो प्लांट प्रबंधन अपने तय वार्ता के आधार पर 1500 प्लांट एपरेंटिस को जल्द से जल्द नियोजन देने की प्रक्रिया प्रारंभ करे।

### हंसडीहा : पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

हंसडीहा। दुमका जिला के हंसडीहा पुलिस आर्म्स के साथ पकड़ाए दो युवक को गिरफ्तार करके गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में हंसडीहा थाना क्षेत्र के हथगढ़ गांव निवासी रतन जायसवाल व प्रीतम भगत उर्फ गुड्डू शामिल है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रकाश सिंह द्वारा बतलाया गया कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस बल को दो संदिग्ध युवक हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ मोड़ के समीप चहलकदमी करते दिखे जिसके बाद पुलिस को शक हुआ और दोनों को अपने साथ पूछताछ के लिए थाना ले आई। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया कि वे लोग रात्रि में इस मार्ग होकर गुजर रहे लोगों से छिंतई कि योजना बना रहे थे। दोनों युवको के पास से पुलिस ने एक पिस्टल व तीन कारतूस व एक अपाची बाइक बरामद किया है। आरोपियों द्वारा पुलिस को बताया गया कि इस गिरोह में एक और युवक है जो इसमें शामिल है। आरोपियों ने अपने पास से बरामद पिस्टल व गोली उक्त युवक द्वारा मुहैया कराने कि बात पुलिस के समक्ष स्वीकारा है। पुलिस जांच में जूट गईं है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, एक घायल

मसलिया। दुमका जिला के साहेबगंज-गोविंदपुर स्टेट हाइवे के मसलिया थाना क्षेत्र के लहरजोरिया पुल के समीप गुरुवार करीब दो बजे सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानीघाघर निवासी मोनी पाल अपनी मां गोरबी पाल को लेकर बाइक से दुमका की से घर लौट रहा था। महज घर पहुंचने में और तीन मिनट का सफर बाकी था। इसी क्रम में लहरजोरिया पुल के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें घटनास्थल पर गोरबी पाल उम्र 60 की मौत हो गई। वही बेटा मोनी पाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बोकारो : पिता के साथ लौट रहे बेटे की गोली मार कर हत्या

**मृतक हेमलाल पण्डित जड़ी बूटी का काम करता था**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित कुकुबिलवा गांव के पास बाराडीह जंगल में बुधवार की रात्रि को 52 वर्षीय हेमलाल पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी जब वो अपने पिता के साथ एक विवाह में हिस्सा लेकर लौट रहे थे। तीन की संख्या में आए अपराधियों ने उन्हें रोका और किसी बात पर गरमागरम बहस हुई और अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना की सूचना पाकर डुमरी विधायक जयराम महतो घटनास्थल पहुंचे परंतु वहां से पुलिस को फोन पर घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची तो वे पुलिस पर बिफर पड़े। लोगों का पुलिस के खिलाफ गुस्सा बिफर पड़ा नतीजतन थाने पर तोड़ फोड़ भी हुई। नावाडीह पुलिस आज सुबह शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि हेमलाल पण्डित जड़ीबूटी का काम करता था। वह जंगल के बीच गांवो में ग्रामीणों के बीच जड़ीबूटी देता था। इसकी हत्या सर के नीचे गर्दन के पास गोली मार कर कर दी गयी। एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि यह मामला नक्सली हत्या से जुड़ा है या नहीं इसकी जांच की जा रही है।



**विधायक के सूचना देने के डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस**

मर्डर होने की सूचना देने के डेढ़ घंटा बाद भी नावाडीह थाना प्रभारी या पेट्रोलिंग पार्टी जगह पर नहीं पहुंची जहां मर्डर हुआ था। जबकि थाना प्रभारी द्वारा विधायक को ही हिदायत दी गई की वह डेंजर जोन है वहां मत जाइए। विधायक जयराम महतो मौके वारदात पर पहुंच कर वहां से बोकारो जिले के सभी अधिकारी को बारी-बारी फोन लगाया और उन्होंने लाइव आकर सोशल मीडिया पर सभी कुछ बताया कि क्या हाल है नावाडीह थाना की पुलिस ही डरती है। घटना कुकुर लिलवा के आगे चरकी जंगल में सुनसान स्थान पर हुई है।

# बेरमो : अब्दुल कलाम की निर्मम हत्या के मामले ने पकड़ा तुल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो जिला के पेंक निवासी अब्दुल कलाम की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की दुखद घटना के बाद, इस गंभीर मामले को लेकर लगातार युनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश संयोजक अफजल अनीस के प्रयासों ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है और इस घटना को लेकर राज्य सरकार की सरगर्मी काफी बढ़ गई है। यही कारण है कि बीते दिनों मृतक के गांव पेंक झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष अन्य पदाधिकारियों के अलावे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी स्वयं यहां पहुचे और मामले की जानकारी लेने के साथ साथ मृतक के परिजनों से मिले तथा आर्थिक सहयोग के अलावे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में अफजल अनीस ने बताया कि उक्त घटना के बाद से ही वे झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम साहब से सम्पर्क बनाए हुए थे। आखिरकार आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय टीम का गठन किया, जिसमें उपाध्यक्ष शमशेर आलम, प्रनेस सोलोमन, सदस्य कारी बरकत अली सहित अन्य शामिल थे। यह टीम 14 मई को मृतक के परिजनों से मिलने के लिए पेंक गांव पहुंची। पेंक जाने के क्रम कुरपनिया में हमारे साथियों द्वारा आयोग की टीम का स्वागत किया गया।

# गोड्डा : ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में नेटबॉल संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** 'ऑपरेशन सिन्दूर' में भारतीय सेना की वीरता, शौर्य और आतंकवाद के खिलाफ साहसिक कार्रवाई के समर्थन में जिला नेटबॉल संघ द्वारा शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के गांधी मैदान से शुरू होकर मिशन चौक, गंगटा चौक, आसनबनी होते हुए अशोक स्तंभ परिसर तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नेटबॉल खिलाड़ी, स्थानीय युवा और गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं यात्रा के दौरान पूरे शहर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान गई थी, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो, एसबीआई पीबीबी ब्रांच मैनेजर सोमेस कुमार, विकास कुमार, साज म्यूजिकल ट्रस्ट के निदेशक मो इस्लाम, सौरभ सुमन समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा, नेटबॉल संघ के जिला सचिव गुंजन झा, नरेंद्र गांधी, वैधनाथ देहरी, ललन कुमार लड्डू, मनोज, नीरज, कृष्णा कुमारी, पुतुल देवी, ममता, रीना सेन, ममता ठाकुर, विनालिशा सहित अनेक खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# दुमका : महिला की हत्या में आइआरबी जवान की पत्नी समेत तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नाला के गंदे पानी के विवाद में बुधवार की देर शाम गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस आईआरबी जवान की पत्नी समेत तीन को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। नाला के विवाद में फूलचंद साह उर्फ छोटू ने शिक्षक मनोज सिंह की पत्नी 55 साल की विमला देवी की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी थी। रात करीब एक बजे तक पुलिस घटनास्थल की जांच करती रही। हमले में घायल मनोज सिंह को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल से रांची रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार बरामद कर ली है। पुलिस ने मनोज सिंह के बयान पर हत्या का मामला दर्ज करते हुए छोटू एवं उसके अवकाश पर आए उसके पिता हजारीबाग के चौपारण थाना में एएसआई लालचंद्र साह और पड़ोस में रहने वाले रांची में पदास्थापित आइआरबी यानी इंडिया रिजर्व बटालियन के इंस्पेक्टर अक्षय वृहस्पति झा की पत्नी रागिनी झा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विमला देवी का फुलचंद झा उर्फ छोटू से नहीं बल्कि रागिनी झा के साथ गंदा पानी को लेकर विवाद चल रहा था। झगड़े के बाद रागिनी ने ही छोटू को फोन कर बुलाया था। छोटू रागिनी के बेटे को टयूशन पढ़ाता था और दोनों में मधुर संबंध भी था। पोस्टमार्टम के पुलिस ने शव को मृतका के भतीजे को सौंप दिया है। वह शव लेकर पैतृक घर देवघर के सारंवा लेकर चला गया। वहां पर विमला देवी के शव का अंतिम संस्कार किया होगा। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि फुलचंद साह उर्फ छोटू और रांची में तैनात आइआरबी के जवान की पत्नी रागिनी घर का सारा गंदा पानी बीच सड़क में बहा देती थी। विमला देवी का घर ढलान में था, इसलिए सारा पानी उनके दरवाजे पर जाकर ठहर जाता था। इस बात को लेकर एक साल से रागिनी और विमला में विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम मनोज सिंह सब्जी लेकर घर आए तो रागिनी ने उनकी बाइक रोक ली और विमला देवी की शिकायत की। इसके बाद विमला देवी भी मौके पर पहुंच गई और दोनों महिला आपस में उलझ गई। इसी बीच रागिनी ने फोन कर आउटडोर स्टेडियम में मौजूद फुलचंद साह उर्फ छोटू को सारी बात बताई।

इसके बाद फुलचंद साह उर्फ छोटू घर पहुंचा तो दोनों महिलाओं के बीच जमकर कहासुनी हो रही थी। छोटू को यह बर्दाश्त नहीं हुआ कि कोई उसके सामने रागिनी को बुरा भला कहे। वह घर से तलवार लेकर आया और विमला देवी के गर्दन को एक ही झटके में धड़ से अलग कर दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सुरक्षा शपथ दिलाई**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 111 अधिकारी कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक डीआर टोप्पो सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक बिनीत तिर्की उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया तथा सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक बिनीत तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दुमका जिला प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के प्रदूषण रोकने को लेकर किया निरीक्षण

**डीसी ने स्टोन चिप्स साइडिंग व अन्य जगहों पर लगे वाटर स्प्रिंकलर तथा रास्ते में वाटर टैंकर के माध्यम से लगातार पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** डीसी अंजनेयुलु दोड्डे के नेतृत्व में जिला स्तरीय संयुक्त कमेटी ने दुमका रेलवे स्टेशन में कोयला के भंडारण और परिवहन के कारण होने वाले प्रदूषण के रोकथाम को लेकर गुरुवार को स्टेशन के गुड्स शेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कोयला के भंडारण एवं परिवहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए रेलवे को दिये गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। अधिकारियों से बात करते हुए डीसी ने पर्यावरण मंजूरी की शर्तों का अनुपालन एवं प्रतिवादी संख्या 5 द्वारा कोयले के परिवहन के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय और इस न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टोन चिप्स साइडिंग व अन्य जगहों पर लगे वाटर स्प्रिंकलर तथा रास्ते में वाटर टैंकर के माध्यम से लगातार पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, प्रदूषण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### आतंकी हमला अब...

वहां उसे मदद के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। आतंकवादियों को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उनके सीने पर प्रहार किया। इसे आतंकवादी और उसका आका देश पाकिस्तान कभी नहीं भूल सकता है।

**दुश्मन की छाती पर किया चोट :** राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी कार्रवाई करार देते हुए कहा कि भारत ने पूरी दुनिया को साफ बता दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे जवानों ने पाकिस्तान की छाती पर चोट पहुंचायी। भारत कभी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा लेकिन जब हमारी संप्रभुता पर हमला होगा तो हम करारा जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत के साथ धोखाधड़ी के लिए पाकिस्तान भारी कीमत चुका रहा है। उसके जख्मों का एकमात्र इलाज आतंकी संगठनों को पनाह देना बंद करना तथा अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देना ही है। दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक है और जब वो निशाना साधती है तो गिनती दुश्मनों पर छोड़ देती है। आज आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प कितना मजबूत है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके परमाणु ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय पीएम मोदी और सशस्त्र बलों के नेतृत्व को दिया। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को करारा जवाब दिया। पाकिस्तान में आतंकवादियों को यह संदेश दिया है कि वे अब कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

### अब सरकार नहीं ...

इसके तहत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक की स्वास्थ्य इंश्योरेंस की सुविधा दी जायेगी। इस योजना के तहत लगभग तीन लाख 84 हजार 518 परिवारों को लाभ मिलेगा। इस योजना के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा सकेंगी।


**प्रोफेशनल एजुकेशन बिल को मंजूरी :** झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बिल 2025 को स्वीकृति दी गयी। इससे व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े संस्थानों के लिए विभिन्न कोर्सों का शुल्क तय किया जा सकेगा। इस बिल के माध्यम से छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लिये उचित शुल्क देना होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बोझ कम होगा।

### शीर्ष कोर्ट कैसे...

क्या अनुच्छेद 361, अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के कार्यों के संबंध में न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है? संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा, तथा राज्यपाल द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत सभी शक्तियों के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के जरिये कोई समय-सीमा लागू की जा सकती है तथा प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है? क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है? संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में, क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय-सीमा लागू की जा सकती है और प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है? राष्ट्रपति की शक्तियों को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक योजना के प्रकाश में, क्या राष्ट्रपति को अनुच्छेद 143 के तहत संदर्भ के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने की जरूरत है और जब राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए या अन्यथा सुरक्षित रखता है, तो सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की आवश्यकता है? क्या अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के फैसले कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों को किसी विधेयक के कानून बनने से पहले उसकी विषय-वस्तु पर किसी भी तरह से न्यायिक निर्णय लेने की अनुमति है? क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग और आदेशों को अनुच्छेद 142 के तहत किसी भी प्रकार प्रतिस्थापित किया जा सकता है? क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू कानून हो जाता है? अनुच्छेद 145(3) के मद्देनजर क्या सुप्रीम कोर्ट की किसी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि क्या यह ऐसी प्रकृति का है जो संविधान की व्याख्या पर सवाल उठाता है और इसे न्यूनतम पांच न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित करे? क्या अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या अनुच्छेद 142 संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत निर्देश जारी करने या आदेश पारित करने तक विस्तारित है? क्या संविधान अनुच्छेद 131 के तहत मुकदमे के अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के किसी अन्य क्षेत्राधिकार पर रोक लगाता है?

स्पीड न्यूज

## दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाएंगे आमिर और हिरानी



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आमिर खान और फिल्मकार राजकुमार हिरानी, दादा साहब फाल्के की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। दादा साहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक कहा जाता है, और उनके सम्मान में भारत सरकार की ओर से सबसे बड़ा सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाता है। दादा साहब फाल्के ने शून्य से शुरूआत कर हर मुश्किल का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी स्वदेशी फिल्म इंडस्ट्री की नींव रखी।

## दुनिया के शीर्ष 50 ब्रांडों में शामिल हुआ टीसीएस

**नयी दिल्ली।** देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 57.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ दुनिया के शीर्ष 50 सबसे मूल्यवान ब्रांडों में शामिल हो गई है। कंपनी मूल्य बढ़कर 57.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## तुर्किये की ज्वेलरी का जोधपुर में बायॅकॉट

**जोधपुर।** भारत की ओर से आंकतवादियों के खिलाफ पाकिस्तान में की गई कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान का साथ देने के खिलाफ जोधपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन ने तुर्किये की ज्वेलरी नहीं बेचने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सोनी ने बताया कि पूरे संगठन ने एक मत से तुर्किये की ज्वेलरी को नहीं बेचने का निर्णय लिया है।

## बेतिया में तीन सगी बहने जिंदा जली

**पटना।** पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में चूल्हे से निकली एक चिंगारी ने तीन सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि एक और बच्चे की झुलसने की बात कही जा रही है। शिकारपुर निवासी रामबाबू साह की बेटी मुस्कान (6 वर्ष) ,पायल (5 वर्ष) और संतोषी कुमारी (2 वर्ष) शामिल हैं। तीनों बच्चियां मां के साथ नानी के घर आईं थीं।

## नवीन जिंदल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**नयी दिल्ली।** सेना की अभूतपूर्व वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि को सम्मान देने के लिए जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अंगुल संयंत्र में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाला।

## शहीद के परिवार को मिलेंगे चार करोड़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की गोलीबारी का मुकाबला करते हुये आठ मई को शहीद हुए पलवल के जवान दिनेश कुमार शर्मा के परिवार को चार करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

## मणिपुर में उग्रवादी समेत 10 गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में बीते 24 घंटों में चले विशेष तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित केसीएलए के एक शीर्ष कैडर समेत विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नौ अन्य संगठनों के उग्रवादी थे।

## छात्रों को मिलेगा हक : राहुल गांधी

**दरभंगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है।



## पश्चिम बंगाल में 'तीस्ता प्रहार' से भारतीय सेना ने दिखायी युद्ध क्षमता

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना ने 'तीस्ता प्रहार' संयुक्त युद्धाभ्यास किया। इस अभ्यास में सेना की विभिन्न टुकड़ियों और सेवाओं के बीच समन्वय, युद्धक क्षमता और तकनीकी आधुनिकता का प्रदर्शन किया। रक्षा प्रवक्ता विंग कमांडर हिमांशु तिवारी ने गुरुवार को जानकारी दी। अभ्यास में पैदल सेना, तोपखाना, बख्तरबंद वाहनों की टुकड़ियां, मशीनीकृत पैदल सेना, पैरा स्पेशल फोर्स, सेना विमानन, इंजीनियरिंग और सिग्नल कोर जैसी इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मप्र के मंत्री विजय शाह को नहीं मिली राहत

### कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई अपमानजनक टिप्पणियों के मामले में हाइकोर्ट के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से गुरुवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शक्रवार को सुनवाई की जायेगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने आज इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है। भाजपा नेता शाह राज्य सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी। मंत्री शाह की अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ के समक्ष कहा कि उन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों को लेकर पश्चाताप व्यक्त किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा - दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हैं।

## समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु पर रहेगी रोक : जयशंकर

**नयी दिल्ली ।** भारत ने गुरुवार दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक यूएनएससी प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया।

# पाकिस्तान के दोस्त तुर्की के खिलाफ भारत का बड़ा ऐक्शन


## सेलेबी की सुरक्षा क्लीयरेंस रद्द

▸▸ मुंबई एयरपोर्ट पर करीब 70 % ग्राउंड ऑपरेशंस संभालती है सेलेबी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तुर्की की एक कंपनी, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज की सिक्योरिटी क्लीयरेंस रद्द कर दी है। यह कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करती है। इसका मतलब है कि हवाई अड्डे पर यात्रियों की मदद करना, सामान का ध्यान रखना और विमानों के संचालन में मदद करना जैसे काम ये कंपनी करती है।

सेलेबी कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग 70% ग्राउंड ऑपरेशन्स संभालती है। इसमें यात्रियों की सेवा, लोड कंट्रोल, फ्लाइट



ऑपरेशन्स, कार्गो और पोस्टल सर्विस, वेयरहाउस और ब्रिज ऑपरेशन्स जैसे काम शामिल हैं। सरकार के आदेश में कहा गया है, 'सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के तौर पर डीजी, बीसीएएस ने 21 नवंबर 2022 को सिक्योरिटी क्लीयरेंस दी थी। लेकिन अब डीजी, बीसीएएस को मिली शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लीयरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। दरअसल, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था। इससे भारत और तुर्की के रिश्तों में खटास आ गई है। इसके जवाब में, भारत ने भी अपनी विदेश नीति में बदलाव किया है। भारत, तुर्की के विरोधी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और क्षेत्र की बड़ी ताकतों के साथ दोस्ती बढ़ा रहा है। भारत ने तुर्की के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ देशों के साथ अपनी दोस्ती को और मजबूत किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर भारतीयों ने तुर्की और अजरबैजान का बहिष्कार किया था। अब सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाया है।

### 9 एयरपोर्ट पर सुरक्षा का काम देखती है

सेलेबी एविएशन देश के नौ एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा का काम देखती है। इनमें दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डे भी शामिल हैं। यह कंपनी भारत में सालाना 58,000 उड़ानों को मैनेज करती है। तुर्की की यह कंपनी भारत में कई तरह के काम करती है। इनमें ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो मैनेजमेंट और एयरपोर्ट से जुड़े कई दूसरे ऑपरेशंस शामिल हैं। ये सभी काम बहुत ही संवेदनशील माने जाते हैं क्योंकि एयरपोर्ट का माहौल बहुत ही सुरक्षित और नियमों से बंधा होता है। सुरक्षा में जरा सी भी चूक भारी पड़ सकती है।



श्रीनगर में गुरुवार को महिलाओं जवानों का हौसला बढ़ाते राजनाथ सिंह।

# दोहा में ट्रंप व अमीर शेख से मिले अंबानी

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमेरिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिह्नों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण (क्यूआईए) जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है। रात्रिभोज के दौरान हालांकि कोई औपचारिक व्यापारिक चर्चा नहीं की गई,

### कतर निवेश प्राधिकरण ने रिलायंस में किया है निवेश

लेकिन अंबानी को राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी वाणिज्य सचिव स्टीव लुटनिक के साथ बातचीत करते देखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार ट्रंप ने कतर में ऐतिहासिक 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक साझेदारी करने का वादा किया, जिसमें अमेरिका और कतर की कंपनियों के बीच 243.5 अरब डॉलर से अधिक के नए सौदे शामिल हैं। प्रमुख समझौतों में कतर एयरवेज से बोइंग और जीई एयरोस्पेस के लिए 96 अरब डॉलर का विमान ऑर्डर, मैकडरमॉट के साथ महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाएं और पार्सन्स द्वारा अर्जित किया गया 97 अरब डॉलर का पोर्टफोलियो शामिल है।

# अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे सुरक्षा बल

### शाह ने एम्स में नक्सल विरोधी अभियान में घायल चार जवानों की ली स्वास्थ्य की जानकारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हमारे सुरक्षा बल अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। शाह ने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना सीमा पर कुर्रगुट्टालू हिल्स (केजीएच) में चलाए गए 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए चार सुरक्षाकर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका हौंसला बढ़ाया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे। कुर्रगुट्टालू हिल्स में चले ऑपरेशन में कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सागर गणेश बोराडे, एचसी मुनेश चंद शर्मा, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुर्जर और कांस्टेबल धनु राम घायल हो गए थे। इस चारों जवानों का उपचार दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। वहीं



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी घायल जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। वीर जवानों के साहस और समर्पण को प्रणाम करता हूं।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू हिल्स पर 21 दिनों के नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया था।

# सेना प्रमुख ने सैनिकों का बढ़ाया हौसला

### ऑपरेशन सिंदुर : पठान एयर बेस पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वायु सेना और बीएसएफ के जवानों के दृढ़ संकल्प को सराहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के हमलों को नाकाम करने वाले बहादुर सैनिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने गुरुवार को पंजाब के ऊंची बस्सी और पठानकोट एयर बेस पर सैनिकों से बातचीत की। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज ही डैगर डिवीजन, चिनार कोर के अग्रिम स्थानों का दौरा किया और भारतीय वायु सेना और बीएसएफ के सैनिकों से बातचीत करके उनके दृढ़ संकल्प को सराहा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन 'सिंदूर' के स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 मई को वायु सेना के आदमपुर एयरबेस पर पहुंचकर वायु सैनिकों



की हौसलाफजाई की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज श्रीनगर के बादामी बाग कैंट में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों के प्रति आभार जताने पहुंचे। उन्होंने सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसी क्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज पंजाब के ऊंची बस्सी और पठानकोट एयर बेस पर बहादुर सैनिकों से बातचीत की। सैनिकों से बातचीत करते हुए उन्होंने राइजिंग स्टार कोर, आर्मी एयर डिफेंस (एएडी), डिफेंस सिक्योरिटी कोर (डीएससी) और डिफेंस सिविलियन एम्प्लॉइज के सैनिकों की भूमिका को सराहा, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गैरीसन और एयर बेस की सुरक्षा की। उन्होंने भारतीय वायु सेना और बीएसएफ के सैनिकों से भी बातचीत की। उन्होंने सैनिकों के उस दृढ़ संकल्प की सराहना की, जिसने दोनों प्रतिष्ठानों के भीतर महत्वपूर्ण संपत्तियों को निशाना बनाने के दुश्मन के कई प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। सेना प्रमुख ने नागरिक प्रशासन को घनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया।




# ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 1200 अंक उछल कर 82,530 पर पहुंचा

▸▸ निफ्टी 395 अंक तेजी के साथ 25062 अंक पर बंद

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर



25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। इससे टाटा मोटर्स 4.16, एचसीएल टेक 3.56, अदानी पोर्ट्स 2.60, इटरनल 2.36, मारुति 2.17, रिलायंस 2.07, एशियन पेंट 2.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.88, भारती एयरटेल 1.77, अल्ट्रासिम्को 1.62, सन फार्मा 1.55, टेक महिंद्रा 1.48, टाइटन 1.43, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.36 और टाटा स्टील के शेयर 1.32 प्रतिशत चढ़ गए। इंफोसिस 1.30, एलटी 1.22, एचडीएफसी बैंक 1.20, पावरग्रिड 1.20, बजाज फाइनेंस 1.17, बजाज फि नसर्व 1.12, एक्सिस बैंक 1.00, एसबीआई 0.92, एनटीपीसी 0.91, टीसीएस 0.89, नेस्ले इंडिया 0.81, आईटीसी 0.73, कोटक बैंक 0.66 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने 0.17 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

### निवेशकों को 5.10 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 439.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 434.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.10 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

